✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 210 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 27 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना साहिब में प्रकाश पर्व के तहत की गयी व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न स्थलों का जायजा लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## बिहार के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

### कैमूर के वीर बालक कमलेश कुमार को मरणोपरांत मिला पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट जगत में 14 साल की उम्र में एंट्री लेने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी को शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। अब तक कई रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले वैभव को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिला है। वैभव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी करेंगे। अवॉर्ड देने के बाद अपने भाषण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने कड़ी प्रतिस्पर्धा और अनेक प्रतिभा वाले क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बनाई है। अनेक रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। मुझे विश्वास है कि आपके जैसे प्रतिभाशाली बच्चे निरंतर अच्छा काम करते रहेंगे। ये




तो अभी शुरुआत है। आपको देखकर बाकी बच्चे सीखेंगे और फॉलो करेंगे। इस सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए वैभव बुधवार को ही दिल्ली रवाना हो गए थे। इसलिए विजय हजारे ट्रॉफी में आज मणिपुर के खिलाफ दूसरा मुकाबला नहीं खेल रहे। हाल ही में हुए अंडर-19 वर्ल्ड-कप में वैभव ने सबसे ज्यादा छक्के मारे थे। बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने 2 दिन पहले विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वैभव बिहार के लिए प्लेट ग्रुप मैच में खेल रहे थे। रांची के जेएससीए ओवल ग्राउंड में वैभव ने सिर्फ 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही वैभव लिस्ट-इ क्रिकेट में शतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पाकिस्तान के जहूर इलाही का 39 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वहीं कैमूर जिले के मोहनिया प्रखंड अंतर्गत जैतपुर भदवलिया गांव के रहने वीर बालक कमलेश कुमार को उनकी बहादुरी के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 (मरणोपरांत) से आज सम्मानित किया गया। 11 वर्षीय कमलेश कुमार ने दुर्गावती नदी में डूब रहे बच्चे की जान बचाने के लिए अपनी जान गंवा दी थी।

## हर जिले में तैयार हो रही भू-माफिया की सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा ने कहा कि खनन व शराब माफिया की तर्ज पर हर जिले में भू-माफिया की सूची भी तैयार हो रही है। गलत व फर्जी कागजात के सहारे वास्तविक हकदारों की जमीन हड़प मालामाल होने वाले ऐसे माफिया के खिलाफ सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। यही नहीं माफिया के प्रभाव में आकर गलत कागजात बनाने, नियमों की अनदेखी कर गलत निर्णय देने वाले अफसर व कर्मचारी भी बख्शे नहीं जाएंगे। शुक्रवार को शहर के प्रेक्षागृह में विभाग द्वारा आयोजित भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम ने कहा कि इस कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य जनता की वास्तविक समस्याओं को सुनना व उसका नियमानुकूल समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पहले सौ दिनों में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने के लिए सर्वप्रथम विभाग ने तीन

**दाखिल-खारिज, परिमार्जन व मापी के लंबित मामलों के लिए 14 जनवरी तक की तिथि तय**

प्रमुख समस्याओं दाखिल-खारिज, परिमार्जन व मापी के लंबित मामलों के लिए 14 जनवरी तक की तिथि तय की गई है। इस चलते अब से 31 दिसंबर तक के लिए सभी सीओ व राजस्व कर्मियों की छुट्टी रद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अंचलों व हलकों में इस दौरान सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक काम होगा। सप्ताह में छह दिन काम होंगे। 14 जनवरी के बाद क्षेत्रवार इसकी गहन समीक्षा होगी। दूसरे चरण में विभाग का फोकस सर्वे कार्य, सरकारी भूमि का डाटा बैंक व अतिक्रमण का निदान होगा। इस दौरान उनके साथ विभाग के सचिव गोपाल मीणा, प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार, अपर सचिव आजीव वत्सराज, डीएम अंशुल कुमार व एसपी स्वीटी सेहरावत भी मौजूद थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### ललन सिंह के घर पहुंचे सीएम नीतीश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार देर शाम अचानक केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के घर पहुंचे। 15 मिनट दोनों के बीच चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि राज्यसभा की खाली हो रही 5 सीटों पर दोनों के बीच बातचीत हुई है। बैठक के बाद ललन सिंह खुद नीतीश कुमार को घर के बाहर छोड़ने भी आए थे।

### हर्ष फायरिंग का आरोपित चकमा देकर थाना से फरार

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नोखा बाजार स्थित प्रेमनगर मोहल्ले में गुरूवार देर शाम बर्थडे पार्टी में हुई हर्ष फायरिंग के आरोप में दो सहोदर भाइयों को पुलिस थाने लाकर पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को चकमा देकर एक भाई थाने की चहारदिवारी फांद कर फरार हो गया। बताया जाता है कि मोहन प्रसाद के घर कल देर शाम बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसी दौरान किसी ने हर्ष फायरिंग कर सूचना दी। थाना से सटे होने की वजह 112 पुलिस पहुंचकर अमन कुमार तथा रमन कुमार को पूछताछ के लिए थाना लाई।

### सुशील मोदी जयंती समारोह 5 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की जयंती समारोह पांच जनवरी को मनायी जाएगी। स्व. सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान की ओर से श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में जयंती मनाई जाएगी। तैयारी के लिए शुक्रवार को हुई बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, विधायक मनोज शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, लाजवंती झा, प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, सुरेश रूंगटा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। समारोह के संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि जयंती समारोह की जोर-शोर से तैयारी चल रही है।

### सात लोगों को मिलेगा महावीर मंदिर का श्रवण कुमार पुरस्कार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** महावीर मंदिर की ओर से दिया जाने वाला श्रवण कुमार पुरस्कार इस बार 7 लोगों को मिलेगा। इसके लिए 42 आवेदन मिले थे, जिसमें से क्राइटेरिया के आधार पर 11 लोगों का सत्यापन कर सात लोगों का चयन किया गया है। इस पुरस्कार के लिए पांच सदस्यीय कमेटी ने उम्मीदवारों की चयन किया। इस साल यह पुरस्कार आचार्य किशोर कुणाल की पहली पुण्यतिथि 29 दिसंबर को ज्ञान भवन में दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री दिलीप जायसवाल शिरकत करेंगे।

## बिहार के सात जिलों में खुलेंगे 50 बेड के आयुष अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने राज्य के सात जिलों, दरभंगा, मधुबनी, बेगूसराय, गयाजी, सिवान, गोपालगंज और मोतिहारी में आयुष अस्पताल खोलने की तैयारी पूरी कर ली है। इन जिलों में 50 बेड वाले अत्याधुनिक आयुष अस्पताल बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी विस्तृत कार्य योजना तैयार कर ली है और जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रत्येक आयुष अस्पताल के निर्माण पर करीब 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन अस्पतालों में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पद्धतियों के माध्यम से इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों के मरीजों को सुलभ और किफायती इलाज मिल सकेगा। प्रस्तावित आयुष अस्पतालों में ओपीडी, आईपीडी, औषधालय, पंचकर्म यूनिट, योग एवं ध्यान केंद्र, जांच कक्ष और आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही प्रशिक्षित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां भी की जाएंगी ताकि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इन अस्पतालों के शुरू होने से प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को नई मजबूती मिलेगी। खासकर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, पुराने रोगों और मानसिक तनाव के इलाज में आयुष पद्धतियां कारगर साबित होंगी। इससे एलोपैथिक अस्पतालों पर बढ़ते दबाव को भी कम किया जा सकेगा।

## दंपति की गला रेतकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चांपी गांव में देर रात अपराधियों में वार्ड सदस्य महिला और उसके पति की हत्या कर दी। दोनों का गला रेता गया है। पति-पत्नी फसल की रखवाली के लिए बधार में झोपड़ी में सो रहे थे। मृतका केशरी देवी (48) वार्ड नंबर एक से वार्ड सदस्य थीं। पति का नाम प्रदीप यादव (57) है। एक साथ पति-पत्नी की हत्या से गांव में डर और आक्रोश का माहौल है। बताया जाता है कि दंपति गुरुवार की रात खाना खाकर घर से खेत पर सोने आए थे। शुक्रवार सुबह जब दोनों ने फोन नहीं उठाया तो परिवार के लोग खेत पहुंचे जिसके बाद डबल मर्डर का खुलासा हुआ। घटना की जानकारी



मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए जिससे आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना पर शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार, एएसपी शैलेंद्र सिंह और सिटी एसपी रामानंद कौशिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीम को भी बुलाया है ताकि साक्ष्य एकत्र कर अपराधियों तक पहुंचा जा सके। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि हत्या धारदार हथियार से की गई है। हालांकि हत्या के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। इधर, एसएसपी कांतेश मिश्रा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस जघन्य अपराध में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से जांच में जुटी है।

## खाद की कालाबाजारी व जमाखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं : पंकज कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि राज्य में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध भंडारण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों को समय पर एवं उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना कृषि विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधान सचिव ने बताया कि उर्वरकों की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कृषि विभाग द्वारा जिला प्रशासन एवं एस.एस.बी. (सशस्त्र सीमा बल) के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यालय स्तर से गठित उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वॉड) की टीमें भी नियमित रूप से विभिन्न जिलों एवं प्रखंडों में जाकर उर्वरक प्रतिष्ठानों, गोदामों एवं संदिग्ध स्थलों की सघन जांच कर रही हैं। इसी क्रम में पूर्वी चंपारण जिले के बनकटवा प्रखंड अंतर्गत रेगनिया एवं अगरवा ग्राम में अवैध उर्वरक भंडारण की सूचना पर संयुक्त छापेमारी की गई। छापेमारी अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं निजी आवासों से बड़े पैमाने पर उर्वरकों की अवैध जमाखोरी का खुलासा हुआ। रेगनिया स्थित मे. आकाश फर्टिलाइजर्स के गोदाम से 81 बैग यूरिया तथा मे. जावेद खाद भंडार के गोदाम से 370 बैग यूरिया जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त पुरूषोत्तम यादव के आवास से 650 बैग, अरविन्द के आवास से 80 बोरा एवं मदन के आवास से 25 बोरा यूरिया बरामद किया गया। वहीं मे0 भवानी खाद भंडार के गोदाम से 600 बोरा यूरिया के साथ 100 बोरा एसएसपी तथा 50 बोरा एमओपी भी जब्त किया गया।

## प्रकाश पर्व में आनेवाले श्रद्धालुओं की सुविधा का रखें ध्यान : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रकाश पर्व के दौरान पटना साहिब आ रहे सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करें। हमलोगों ने अपने राज्य में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई कार्य किए हैं। एक-एक चीज पर ध्यान दिया गया है। सिख श्रद्धालुओं का यह महत्वपूर्ण स्थल है। बिहारवासियों के लिए यह गौरव की बात है कि श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज का जन्म यहीं हुआ था। यहां लोग बड़ी संख्या में बाहर से आ रहे हैं, वे खुश होकर यहां से जाएं, इसका हमलोगों को ध्यान रखना है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 359वें प्रकाश पर्व समारोह को लेकर की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे संबंधित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रकाश उत्सव के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवासन सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि माइक्रो लेवल पर हर एक चीज पर नजर रखिए ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने पटना साहिब में बनाये गये 'प्रकाश पुंज' का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बहुद्देशीय प्रकाश केंद्र



एवं उद्यान परियोजना में प्रदर्शित सिख धर्म के आध्यात्मिक उपदेशों, प्रदर्शों एवं कलाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रकाश पुंज के सामने बनाये जा रहे निर्माणाधीन वाच टावर का भी निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह वाच टावर जब बन जायेगा तो यहां से श्रद्धालु प्रकाश पुंज को बेहतर ढंग से देख सकेंगे। वाच टावर परिसर को हरा-भरा एवं आकर्षक बनाया जा रहा है। यहां तालाब निर्माण के साथ-साथ घूमने एवं बैठने के लिये व्यवस्था की जा रही है ताकि यहां आनेवाले श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के मालसलामी में नवनिर्मित ओपी साह सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साफ-सफाई और सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। वहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री का अभिवादन कर उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि आपने काफी अच्छी व्यवस्था करवायी है। हमलोगों की सारी सुविधाओं का ध्यान रखा है, हम सब बहुत खुश हैं। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। जितनी अच्छी व्यवस्था आपने करवायी है, उतनी कोई नहीं करवा सकता है। मुख्यमंत्री कंगन घाट पहुंच कर वहां श्रद्धालुओं के लिये बनाये गये टेंट सिटी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कराया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंल के आयुक्त अनिमेष पराशर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं प्रकाश पर्व आयोजन समिति से जुड़े लोग उपस्थित थे।



# मुफ्त इसीजी सेवा से हृदय रोग की समय पर हो रही पहचान : मंगल पांडेय

## मुफ्त ईसीजी सेवा बनी जीवनरक्षक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में हृदय रोगों की समय पर पहचान और उपचार के लिए शुरू की गई मुफ्त ईसीजी सेवा आमजन के लिए जीवनरक्षक साबित हो रही है। राज्य के सभी जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल स्तर तक साथ ही 19 जिलों में संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी-पॉलीक्लिनिक) पर भी यह सेवा पीपीपी मोड में हब एंड स्पोक मॉडल के तहत उपलब्ध कराई जा रही है। अप्रैल 2025 से विभिन्न सेवा प्रदाता एजेंसियों के माध्यम से शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य खासकर हृदयघात जैसे गंभीर रोगों की शुरुआती अवस्था में पहचान कर मरीज का त्वरित उपचार उच्च संस्थानों में कराना है। श्री पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम की शुरुआत अप्रैल 2025 में 889 ईसीजी जांच से हुई थी, जो लगातार बढ़ते हुए नवंबर 2025 में 46,137 तक पहुंच गई। मई में 4,984 जून में 9,213 जुलाई में 16,129 अगस्त में 16,324 सितंबर में 25,309 और अक्टूबर 2025 में 26,542 ईसीजी जांचें की गईं। केवल नवंबर 2025 में ही 46,137 लोगों को इस सुविधा का लाभ मिला जो इस बात का प्रमाण है कि लोगों का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर लगातार मजबूत हो रहा है। अप्रैल से नवंबर 2025 तक लगभग 1,46,000 लोगों को मुफ्त ईसीजी सेवा प्रदान की जा चुकी है। श्री पांडेय ने कहा कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत एसटीईएमआई प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पीपीपी मॉडल के माध्यम से तकनीक और विशेषज्ञता को सरकारी स्वास्थ्य ढांचे से जोड़कर यह सुनिश्चित किया गया है कि दूर-दराज और शहरी गरीब क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों का भी समय पर ईसीजी जांच हो सके और उन्हें जरूरत पड़ने पर उच्च संस्थानों में रेफर किया जा सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को सुलभ सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिले। आने वाले समय में इस सेवा को और अधिक मजबूत किया जाएगा ताकि हृदय रोग से होने वाली असमय मृत्यु को रोका जा सके और बिहार को बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सके।

# सांस्कृतिक चेतना के अग्रदूत थे मालवीय और अटलबिहारी वाजपेयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मदनमोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटलविहारी वाजपेयी दोनों भारतरत्न राष्ट्र की साँस्कृतिक चेतना के अग्रदूत थे. संयोग से राष्ट्र की ये दोनों विभूतियां मनसा-वाचा-कर्मणा समानरूप से भारत की संस्कृति और संस्कृत के संवाहक थे। एक ओर जहाँ विश्व स्तरीय वनारस विश्वविद्यालय की स्थापना कर मदनमोहन मालवीय ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया। वहीं प्रधानमंत्री के रूप में अटलविहारी वाजपेयी ने परमाणु परीक्षण कराकर भारत के शक्ति सम्पन्न होने का कूनीतिक सुरक्षा कवच विश्व बिरादरी के सामने पेश किया। यह विचार राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा और प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, ने संयुक्त रूप से व्यक्त किये। अवसर था विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना और आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान अंतर्गत महापुरुष द्वय महामना मदनमोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटलविहारी वाजपेयी जयन्ती पर अंतर्जालीय संस्कृत संगोष्ठी का। जिसमें देश भर से पच्चास से अधिक संस्कृतज्ञों एवं विद्वानों ने विचार रखते हुए दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व व कृतित्व को परमार्थमय बताया। वक्ताओं ने हर्ष जताते हुए कहा कि भारतरत्न दोनों विभूतियों के जीवन आदर्शों को संस्कृत के माध्यम से स्मरण करने का अवसर भारत को विश्वगुरू की पदवी पर ले जाने की अद्भुत पहल है। अध्यक्षता करते हुए आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने महामना मदनमोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी को भारत निर्माण का सच्चा राष्ट्रनायक बताया। कहा ऐसी महान विभूतियाँ सदियों बाद जन्मती हैं। डॉ. ओझा ने कहा दोनों का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा।

उद्घाटनकर्ता अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, सदस्य (प्रशासकीय) राज्यलोक सेवा न्यायाधिकरण, उत्तर प्रदेश ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी को राजनीति का शिखरपुरुष कहा और भारतरत्न मदनमोहन मालवीय को शिक्षा-संस्कृति का प्रज्ञानपुरुष बताया। प्रधान संरक्षक डॉ. सिंह ने कहा दोनों महापुरुषों का जीवन राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ भारतीय संस्कृति में रचा बसा था। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजिका, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान प्रो। रागिनी वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी और मदनमोहन मालवीय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अभियान के उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा ने दोनों महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि संरक्षक डॉ. अनिल कुमार चौबे ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी और मालवीय जी के जीवन को एक दर्शन बताया। डॉ. अवन्तिका कुमारी- संस्कृत विभागाध्यक्ष, जगत नारायण लाल महाविद्यालय, खगौल पटना, डॉ. नीरा कुमारी, सहायक आचार्या, संस्कृत महाविद्यालय फतुहा पटना, डॉ. दीप्ति कुमारी -संस्कृत विभागाध्यक्ष, एमएलटी महाविद्यालय सहरसा ने संस्कृत विचारों से दोनों विभूतियों के व्यक्तित्व व कृतित्व को सराहा।

आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लीना चौहान ने स्वागत और धन्यवाद ज्ञापित किया। वैदिक मंत्र डॉ. दीप्ति कुमारी ने और ऐक्यमन्त्र तारा विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में डॉ. एकता वर्मा, तारा विश्वकर्मा, डॉ. रागनी कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, डॉ. राघव नाथ झा, श्रद्धा कुमारी ने विचार रखे। संरक्षक महेश मिश्र सहित संस्कृतज्ञ शामिल रहे।

# श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित होगा पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी का जयंती समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा ने प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रहे सुशील कुमार मोदी का जयंती समारोह भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया है। स्व. सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा पांच जनवरी को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी जयंती मनाई जाएगी। इसे लेकर एक समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस समारोह के संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि समारोह को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसे लेकर आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए। इस बैठक में मंत्री मंगल पांडेय, विधायक मनोज शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, लाजवंती झा, प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, सुरेश रूंगटा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी की जयंती पर यह विशेष समारोह होगा। उन्होंने कहा, 'इस स्मृति समारोह का उद्देश्य उनके विराट व्यक्तित्व, राष्ट्र और राज्य के प्रति उनके अमूल्य योगदान तथा जनसेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण को श्रद्धापूर्वक याद करना है। सुशील जी ने अपने जीवनकाल में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि इस समारोह में उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक सार्थक विमर्श करेंगे और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी के जयंती के मौके पर प्रखंड और जिला स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा और उनके कृत्य और व्यक्तित्व को स्मरण किया जाएगा।

# 30वां लघुकथा सम्मेलन आज, जुटने लगे लघुकथाकार

## लघुकथा शोध समिति भोपाल से कांता राय, नागपुर से डॉ मिथिलेश अवस्थी व चुनार से पहुंचे डॉ राम दुलार सिंह पराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में किलकारी बिहार बाल भवन में आयोजित 30वें लघुकथा सम्मेलन में शामिल होने के लिए देश के अन्य शहरों से लघुकथाकारों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। शुक्रवार को पटना पहुंचने वाले प्रमुख लोगों में भोपाल, मध्य प्रदेश स्थित लघुकथा शोध केंद्र की निदेशक कांता राय, नागपुर, महाराष्ट्र से प्रो (डॉ) मिथिलेश अवस्थी व चुनार मिर्ज़ापुर से अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के अध्यक्ष डॉ राम दुलार सिंह पराया शामिल हैं। अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच की ओर से दो दिवसीय लघुकथा सम्मेलन 27 एवं 28 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में बिहार के अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा आदि राज्यों के 100 से अधिक लघुकथाकार शिरकत करेंगे। ज्यादातर लघुकथाकार शनिवार की सुबह पटना पहुंचेंगे। उद्घाटन दोपहर बाद ढाई बजे बिहार विधान परिषद के उपसभापति डॉक्टर रामबचन राय करेंगे मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव एवं विशिष्ट अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के रजिस्टर प्रो. अबू बकर रिजवी दिल्ली के प्रसिद्ध कथाकार शीर्ष लघुकथाकार बलराम पटना की मेयर सीता साहू, किलकारी की निदेशक ज्योति परिहार एवं श्री अरविंद महिला कॉलेज के हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो. शिवनारायण होंगे। सतीश राज पुष्करणा की स्मृति में डॉ ध्रुव कुमार के संपादन में संपादन में प्रकाशित हिन्दी लघुकथा के प्रथम पुरुष सतीशराज पुष्करणा पुस्तक का लोकार्पण होगा। इसके अतिरिक्त लघुकथा विषयक पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। लघुकथाकार श्री बलराम पर केंद्रित एक विशेष सत्र का आयोजन भी होगा। लघुकथा मंच के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि लघुकथा में अविस्मरणीय योगदान करने वाले देश के शीर्ष लघुकथाकार 75 वर्षीय बलराम को प्रथम डॉ सतीशराज पुष्करणा लघुकथा शिखर सम्मान, लघुकथा आलोचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाली बोकारो, झारखंड की 77 वर्षीया डॉ आशा पुष्प को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा समालोचना सम्मान, बेगूसराय के 25 वर्षीय सुमन कुमार को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा युवा सम्मान एवं पटना के 12 वर्षीय अनुराग कुमार को सतीशराज पुष्करणा लघुकथा नवांकुर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। दूसरे दिन रविवार को सतीशराज पुष्करणा पर केंद्रित एक विशेष सत्र, लघुकथा के सिद्धांत एवं रचना पक्ष पर दो अलग- अलग सत्र होंगे। अंतिम सत्र में सम्मेलन में शामिल लघुकथाकार अपनी लघुकथाओं का पाठ करेंगे।

# बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए समितियों का होगा गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बिहार में संगठन सृजन की तैयारी तेज कर दी है। पार्टी ने तय किया है कि बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए कमेटियों का गठन होगा। इसके तहत जिला कमिटी, प्रखंड कमिटी, पंचायत कमिटी और बूथ कमिटी का गठन किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश कमिटी का गठन होगा। संगठन सृजन के तहत शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने पटना जिले के फुलवारी शरीफ और पुनपुन प्रखंड कार्यालय में प्रखंड पदाधिकारियों के साथ बैठकें की। फुलवारीशरीफ प्रखंड कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रखंड के नेताओं ने कहा कि फुलवारी शरीफ पार्टी की परंपरागत सीट रही है और सीट छोड़ने की वजह से यहां पार्टी धीरे-धीरे कमजोर हुई है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि फुलवारी शरीफ से कांग्रेस पार्टी को अपना उम्मीदवार उतारना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने आश्वासन दिया कि वो इस संबंध में शीर्ष नेतृत्व से बात करेंगे और अपना खोया जनाधार हासिल करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इसके बाद पुनपुन प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं के साथ लंबी मंत्रणा की। साथ ही पंचायत और बूथ स्तर पर कमेटियों की गठन की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ प्रदेश प्रवक्ता असित नाथ तिवारी, शशांत शेखर, चंद्रभूषण सिंह राजपूत, मृणाल अनामय, रंजीत कुमार वाल्मिकी, राहुल पासवान, सत्येन्द्र पासवान, इक़बाल मोहम्मद इदरीस, शहाबुद्दीन, नौमान अहमद, साधु गुप्ता, सरफ़राज़ आलम, निज़ामुद्दीन अंसारी, उदय पटेल, श्यामबाबु सिंह, कृष्ण कुमार, वीरेन ठाकुर, लाल किशन दास, मोहम्मद अलाउद्दीन मौजूद थे।

# सदाकत आश्रम में मनी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर राजेश राम ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह देश के ऐसे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने अपने सादे जीवन, ईमानदारी और दूरदर्शी आर्थिक नीतियों के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों से लेकर सामाजिक समावेशन की नीतियों तक, उनका योगदान देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन सार्वजनिक सेवा, नैतिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। कांग्रेस पार्टी उनके विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव संकल्पित रहेगी। इस अवसर पर इंटक के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, प्रदेश प्रवक्ता असितनाथ तिवारी, शशांत शेखर, मृणाल अनामय, चंद्रभूषण राजपूत, रंजीत कुमार बाल्मीकि, विवेक यादव सहित अन्य नेता ने भी डॉ मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# भूषण फैमिली फाउंडेशन ने ढेरहन में सिलाई कटाई सेंटर का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** भूषण फैमिली फाउंडेशन ने अपने गांव ढेरहन में एक सिलाई कटाई सेंटर का उद्घाटन किया है। इस सेंटर का उद्देश्य गांव की महिलाओं को मुफ्त में सिलाई और कटाई की शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। फाउंडेशन के संस्थापक संजय भूषण ने कहा, मैं अपने गांव के लिए विकास करना चाहता हूं, जो आज से शुरुआत कर चुका हूं। ढेरहन के हर घर में महिलाओं को मुफ्त में सिलाई-कटाई सिखाया जाएगा। इस अवसर पर गांव के प्रधान अनिल कुमार , अनिल कुमार, अनीता भूषण, रेश्मा सिंह, श्रीनाथ सिंह बौद्ध, अजय यादव, डब्ल्यू पंडित और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाना है। संजय भूषण ने आगे कहा कि जल्द ही ढेरहन गांव को फाउंडेशन की ओर से मुफ्त एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा

# प्रत्येक गांवों में सामाजिक सुरक्षा के आवेदन के लिए लगाए जाएंगे कैंप

## दिशा की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** इस वर्ष के अंतिम जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को क्षेत्रीय सांसद अजय कुमार मंडल की अध्यक्षता में हुई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक में जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी द्वारा सर्वप्रथम पौधा देखकर सांसद श्री मंडल का स्वागत किया गया। बैठक में विधायकों और गणमान्य लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जिसके बाबत भागलपुर नगर निगम के मेयर डॉ वसुंधरा लाल ने समग्र शहरी विकास योजना में तेजी लाने तथा अमृत 2 योजना को चालू करवाने, सी एनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट की समस्या का समाधान करवाने हेतु अनुरोध किया। बैठक में नाथनगर के विधायक मिथुन कुमार ने बताया कि राजांदीपुर में प्राइवेट बिल्डिंग में उप स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है, इसकी स्थिति काफी जर्जर है जिसे बदलने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को नए भवन की तलाश करने का निर्देश दिया। जिला परिषद के उपाध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए आवेदन करने की समस्या से अवगत कराया और बताया कि बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिन्होंने आवेदन नहीं किया है। नाम जुड़वाने के लिए गांव में कैंप लगाया जाए ताकि उन्हें सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने एन एच 80 के बने हुए रोड के फ्लैंक को भरवाने का अनुरोध किया और बताया कि इससे आए दिन दुर्घटना होते रहती है। साथ ही डूब के मरने के कई मामले में भुगतान अभी लंबित है। जिलाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को निर्देशित किया कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में प्रत्येक गांव में सामाजिक सुरक्षा के आवेदन के लिए शिविर लगाया जाए। सुल्तानगंज नगर परिषद के सभापति राजकुमार गुड्डू ने बताया कि सुल्तानगंज में 7.26 करोड रुपए की लागत से विद्युत शवदाह गृह का काम प्रारंभ किया गया था लेकिन विगत कई महीना से बंद है, उसे शीघ्र पूरा करवाने की जरूरत है। इसके साथ ही अस्पताल की दीवार जर्जर हो गई है। इसका निर्माण करवाने पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने बताया कि एनएच 80 द्वारा जलापूर्ति का पाइप सड़क पर छोड़ दिया गया है जो क्षतिग्रस्त हो सकता है इसे इस अंडरग्राउंड करवाने की आवश्यकता है। बांका के सांसद के प्रतिनिधि ने नगर परिषद में अपने सांसद को आमंत्रित नहीं करने का मुद्दा उठाया ।जबकि सरकार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा की नगर परिषद की सफाई का बजट डेढ़ गुना हो जाने के बाद भी सफाई की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है और गंगा घाट पर ट्रक्टरकी प्रतिनियुक्ति की आवश्यकता है। मुररका कॉलेज को बुडको द्वारा वाटर सप्लाई नहीं किया जा रहा है। जिससे परेशानी हो रही है।

भागलपुर के विधायक रोहित पांडे ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मृत तालाबों को जीवित करने की आवश्यकता है और लोहिया पुल के नीचे मारवाड़ी पाठशाला के पास फुटकर विक्रेताओं को स्थान उपलब्ध कराया जाए ताकि फुटकर विक्रेता एक जगह अपना दुकान लगा सके। उन्होंने कहा कि पुराने धर्मशाला को पुनः पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है ताकि लोगों को सस्ते दर पर आवासन की सुविधा उपलब्ध हो सके। वृक्षारोपण में

# विश्व शांति का संदेश लेकर शांतिदूत पंजाब रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के शांति दूत को युवा आवास पटना से पंजाब के लिए डॉ रणवीर नंदन अध्यक्ष बिहार राज्य धने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शांति के बिना विकास संभव नहीं है। आज पूरी दुनिया बारूद की ढेर पर बैठा है। हथियारों के जखीरा जमा करने का होड़ मची है। किसी भी युद्ध मे सबसे अधिक महिला, बच्चे और वृद्ध ही प्रभावित होते है। उन्होंने स्वयंसेवको से आह्वान किया कि बिहार के गौरव गाथा से पंजाव के लोगो को अवगत करायेगे। बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य श्यान कुणाल ने कहा कि भिन्नता में एकता भारत की पहचान है तो गंगा यमुनी संस्क्रति हमारी शान है। जात पात एवं धर्म के भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र के निर्माण के लिए आगे आये ।वही प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि प्रेम शांति और भाईचारा के संदेश को लेकर शांति दूत अमृत सर पंजाव जा रहे है। आज महात्मा गाँधी पूरी दुनिया मे प्रशांगिक है। बापू ने जो हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया है उस पर चलकर ही मानवता की रक्षा की जा सकती है। हर बच्चा जन्म के समय दैविक, दैहिक और जैविक रूप से समान होता है। जाति, धर्म, पंथ सब मानव निर्मित है हमे किसी के साथ भी जात, धर्म, भाषा, क्षेत्र और रंग के नाम पर भेदभाव करना उचित नही है। सभी धर्मो का हो सम्मान मानव मानव एक समान। वर्धा में देश भर से युवा जुट रहे है। गांधीजी जी के जीवन मूल्यों को समझने का अवसर प्राप्त होगा। महात्मा गांधी की वुनियादी शिक्षा को विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में लागू करने की जरूरत है। शिविर में शांति दूत एक दूसरे के रहन सहन, खान पान, संस्क्रति सभ्यता से अवगत होंगे मौके पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महासचिव मुकुंद कुमार सिंह, आर्यन रंजन, राजदेव राय, जत्था में समेत दर्जनों स्वयंसेवक शामिल है। सुधांशु, अनंता, अंजू, सन्नी, राजु, स्नेहा समेत दो दर्जन स्वयंसेवक शामिल है ।

# नववर्ष और त्योहारों में डार्क चॉकलेट, बादाम ऑरेंज केक का नया ट्रेंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नववर्ष और त्योहारों के अवसर पर स्वाद और सेहत का संतुलित मेल पेश करता है डार्क चॉकलेट बादाम ऑरेंज केक। शेफ कविता सिंह द्वारा तैयार यह खास रेसिपी बादाम के आटे, डार्क चॉकलेट, ताज़े संतरे के ज़ेस्ट और मेपल सिरप से बनी है, जो पारंपरिक फ़ेस्टिव बेकिंग को एक हेल्दी और मॉडर्न रूप देती है। घी और अंडों से बेक किया गया यह केक नरम, नमी से भरपूर और रिच चॉकलेट-सिट्रस फ्लेवर से युक्त है, जो जश्न के पलों को और खास बनाता है। त्योहारों में संतुलित खानपान पर जोर देते हुए मैक्स हेल्थकेयर की रीज़नल हेड डायटेटिक्स, रितिका सामद्दार ने कहा कि कैलिफ़ोर्निया बादाम प्रोटीन, फाइबर, अच्छे वसा, विटामिन ई और आवश्यक खनिजों का प्राकृतिक स्रोत हैं। ये हृदय स्वास्थ्य को समर्थन देते हैं, ऊर्जा बनाए रखते हैं और तृप्ति प्रदान करते हैं, जिससे त्योहारों के दौरान भी समझदारी से खाने का विकल्प मिलता है। विधि के अनुसार, सबसे पहले बादाम का आटा, बेकिंग पाउडर और नमक मिलाकर सूखी सामग्री तैयार की जाती है। अलग बर्तन में अंडों को फेंटकर उसमें मेपल सिरप, वनीला एसेंस और संतरे का रस मिलाया जाता है। पिघली हुई डार्क चॉकलेट में घी और संतरे का ज़ेस्ट मिलाकर इसे वेट मिश्रण में डाला जाता है। इसके बाद सूखी और गीली सामग्री को मिलाकर स्मूद बैटर तैयार किया जाता है, जिसे 8 इंच के केक टिन में डालकर 180 डिग्री सेल्सियस पर लगभग 45 मिनट तक बेक किया जाता है।

# शराब पार्टी की तो जेल में होगा हैप्पी न्यू ईयर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मसौढ़ी।** नए साल के आगमन की तैयारी जोरो पर है। ऐसे में न्यू ईयर का सेलिब्रेशन अगर शराब के साथ करने का जो तैयारी कर रहे हैं उसकी खैर नहीं रहेगी, दरअसल मसौढ़ी पुलिस ने अभी से ही अपना पूरा खाका तैयार कर लिया है और लगातार ताबड़तोड़ छापामारी चल रही है। वही पटना गया हाईवे पर नदौल चौकी के पास हर गाड़ियों में जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। दरअसल लगातार झारखंड से गाड़ियों में शराब भरकर लाने की सूचना मिल रही है। इसके लिए हर एक थाना को अलर्ट मोड पर रखा गया है. पुलिस का ध्यान अपराध नियंत्रण के साथ-साथ शराब पार्टियों पर भी है। बता दें कि मसौढ़ी में विशेष तौर पर हर एक होटल और लॉज को चेक करने के लिए स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। नए साल के स्वागत में किसी तरह का हुड़दंग न हो, इसे देखने के लिए भी पुलिस का सख्त पहरा रहेगा।

## अनुशासनप्रिय होने के साथ ही भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी थे

# शिक्षाविद् लाला शंभू नाथ



बिहार के जाने-माने शिक्षाविद लाला शंभू नाथ न केवल शिक्षा जगत बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा स्त्रोत और मार्गदर्शक थे। संपूर्ण जीवन उन्होंने उच्चतर मूल्यों को जिया और समाज के हर क्षेत्र को अपने बहुआयामी व्यक्तित्व से अनुप्राणित किया। औरंगाबाद और रोहतास जिले उनके व्यक्तित्व की सुरभि से सबसे ज्यादा लाभान्वित हुए जहां उन्होंने शिक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक, साहित्यिक, क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देकर इन क्षेत्रों की विरासत को समृद्ध किया। 1 जनवरी 1938 को बारून प्रखंड के सदुरी करमा गांव में जन्मे लाला शंभू नाथ बचपन से बेहद मेधावी छात्र थे। उनकी स्कूली शिक्षा झरिया धनबाद के डीएवी स्कूल में हुई थी। बारून के छोटे गांव से निकलकर धनबाद जैसे नगर के डीएवी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करना ही उस जमाने में बड़ी बात हुआ करती थी। शिक्षा के प्रति उनका ऐसा लगाव था कि उन्होंने हमेशा अव्वल स्थान प्राप्त किया और दो-दो विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। उनकी रूचि कला, संस्कृति और शिक्षण में थी इसलिए उन्होंने तमाम अन्य क्षेत्र छोड़कर शिक्षक का कैरियर अपनाने की सोची और 1957 में बारून उच्च विद्यालय में शिक्षक के पद पर पदस्थापित हुए। वे लम्बे समय तक बारून उच्च विद्यालय के शिक्षक रहे और इस दौरान उन्होंने बारून और उसके आसपास के शैक्षणिक जगत को काफी समृद्ध किया। 1971 में सोन नगर स्थित केशव उच्च विद्यालय की स्थापना में उनकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका थी और वे उसके संस्थापक प्रधानाध्यापक भी रहे। शिक्षक राजनीति से उन्हें वैसे बहुत चिढ थी लेकिन शिक्षकों की समस्याओं के लिए संघर्ष करने में वह हमेशा आगे रहे। ऐसी स्थिति में शिक्षक समाज ने उन्हें 1965 में अपना शिक्षक प्रतिनिधि बनाया और वे उसके बाद लगातार शिक्षक प्रतिनिधि बने रहे। 1975 में उनका स्थानांतरण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू के प्रधानाध्यापक पद पर हुआ। तिलौथू में रहते हुए उन्होंने वहां एक कॉलेज की स्थापना की तथा तिलौथू के संस्थापक सचिव राजा साहब बाबू राधा प्रसाद सिंह की प्रतिमा भी उन्होंने लगवाई और कॉलेज का नामकरण भी राधा बाबू तथा उनकी पत्नी के नाम पर किया। इस प्रतिमा का अनावरण उन्होंने भारत के उच्चतम न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश भुनेश्वरी प्रसाद सिन्हा के कर कमलों से करवाया था जो उस वक्त एक बहुत बड़ी बात थी। राजा साहब की जयंती के मौके पर कवि सम्मेलन के आयोजन की परंपरा भी लाला शंभू नाथ ने 1978 में शुरू की जो तब से आज तक अनवरत चली आ रही है। इस कवि सम्मेलन के आयोजन में वे व्यक्तिगत रूचि लेते थे और उनके संपर्क देश के तमाम ख्याति प्राप्त हिंदी-उर्दू कवियों से थे। इस वजह से तिलौथू जैसी छोटी जगह पर देश के तमाम मूर्धन्य साहित्यकार इस कवि सम्मेलन में आते थे और अपनी रचनाओं का पाठ करते थे। इन कवियों में गोपाल दास नीरज जैसे नाम भी शामिल हैं। 1985 में वे रोहतास उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बने तथा 1988 में राजकीय इंटर कॉलेज डालमियानगर के प्राचार्य बने। 1988 से लेकर सेवानिवृत्ति तक वे डालमियानगर के प्राचार्य पद पर ही रहे। इस दौरान उच्च विद्यालय डिहरी ऑन-सोन के भी प्रधानाध्यापक रह चुके थे। उच्च विद्यालयों को मान्यता प्रदान करने वाली राज्यस्तरीय कमेटी के सदस्य के रूप में भी उन्होंने कार्य किया। राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिक्षा क्षेत्र में उनके गहन अनुभव को देखते हुए उन्हें इस कमेटी में रखा था। इसके साथ ही उनके शिक्षा संबंधी अनुभव को देखते हुए राज्य पाठ्यक्रम समिति में भी उन्हें सदस्य बनाया गया था। 1992 में बिहार सरकार ने राज्य के 34 इंटर कॉलेजों में व्यवसायिक शिक्षा की शुरुआत की थी। यह एक बिल्कुल नया प्रयोग था और इसे जमीन पर उतारने के लिए बेहद सक्षम शिक्षाविद की आवश्यकता थी। ऐसे में सरकार ने लाला शंभूनाथ का चयन किया और वे इन 34 इंटर कॉलेजों से जुड़े प्राचार्य के संगठन के संयोजक और व्यवसायिक शिक्षा के कार्यान्वयन में मार्ग निर्देशक की भूमिका के लिए चयनित किए गए। इस क्षेत्र में कई क्रांतिकारी कार्य किये गए जिनकी चर्चा आज भी शिक्षा जगत में होती है। लाला शम्भू नाथ के जीवन में पुरस्कार और सम्मानों की कोई कमी नहीं रही। हालांकि उन्होंने स्वयं को हमेशा इससे दूर रखा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा माध्यमिक परीक्षा के बेहतर संचालन के लिए उन्हें राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया गया था। बेहतर अनुशासन और कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन तथा पठन-पाठन के लिए वह पूरे शाहाबाद में चर्चित थे। आज भी उनके पुराने छात्र और सहकर्मी उनकी अनुशासनप्रियता को याद करते हैं। उनका दखल सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में भी रहा। वह स्वयं बेहतर लेखक थे और उन्होंने जीवन ज्योति जैसी पुस्तक की रचना की और वयम रक्षाम; का नाट्य रूपांतरण किया। दर्जनों अन्य पुस्तकों, पत्रिकाओं और स्मारिकाओं का लेखन और संपादन उन्होंने किया। 1978 में तिलौथू में राधा शांता महाविद्यालय की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इस महाविद्यालय के प्रथम सचिव भी रहे। उनके नेतृत्व में इस कॉलेज ने नई ऊंचाइयों को छुआ।

## भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता को नहीं करते थे बर्दाश्त

### जब शंभू बाबू ने कर दिया था अरविन्द केजरीवाल पर मुकदमा

बिहारी अस्मिता, बिहारीपन, बिहारी संस्कृति और बिहार के सामाजिक मूल्यों के प्रति लाला शंभूनाथ सदैव बेहद आग्रहशील रहे। बिहार की गरिमा को लेकर वे इतने सजग थे कि एक बार जब अरविंद केजरीवाल ने बिहार पर एक ऐसी टिप्पणी कर दी जो उन्हें बिहार की गरिमा के प्रतिकूल लगी तो उन्होंने गुस्से में आकर केजरीवाल के खिलाफ औरंगाबाद सिविल कोर्ट में मुकदमा तक दायर कर दिया था। शंभू बाबू को करीब से जानने वाले लोग बताते हैं कि बिहारीपन को लेकर उनमें एक खास गर्व का भाव था। अक्सर वे भारतेंदु की पंक्ति दोहराते थे 'निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल'। हिंदी साहित्य के प्रति अपना गहरा अनुराग रखने वाले शंभू बाबू ने लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास किया। वे जब तिलौथू में प्रधानाध्यापक थे तो अक्सर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते थे। इन आयोजनों में वे लोकगीत गायिका शारदा सिन्हा, बालेश्वर जैसी विभूतियों को आमंत्रित करते थे ताकि लोक संस्कृति का विकास हो सके। अपने विद्यालय में भी उन्होंने लोक संस्कृति के अनुरक्षण के लिए काफी प्रयास किए तथा अक्सर छोटे-मोटे सांस्कृतिक आयोजन, सारस्वत परिचर्चा उन्होंने हमेशा आयोजित की। वे भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते थे। उनके द्वारा रचित साहित्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखी नफरत नजर आती है। उनकी अधिकतर रचनाओं का नायक भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करता हुआ आम आदमी होता है जो अंततः भ्रष्टाचार पर विजय प्राप्त करता है। पूरी जिंदगी उन्होंने खुद भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई और संघर्ष किया। उनके भ्रष्टाचार की परिभाषा भी काफी विस्तृत थी। अगर कोई शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आता है या बच्चों को पढ़ाने में कोताही करता है तो इसे भी वे अनुशासनहीनता के साथ-साथ भ्रष्टाचार भी मानते थे। वह खुद समय के पाबंद रहे और प्रधानाध्यापक होते हुए भी कक्षा में जाकर बच्चों को पढ़ाने का सिलसिला जारी रखा। आज उनके शिष्य सैकड़ों की संख्या में भारत और विदेशों तक में फैले हुए हैं और तमाम ऊंचे पदों पर पदस्थापित हैं। वह अपने शिष्यों का बहुत ध्यान रखते थे। किसी भी बच्चे को कोई समस्या हो तो उन से सीधा संपर्क कर उसका समाधान करा सकता था। वे प्रायः प्रत्येक छात्र को उसके नाम से पुकार सकते थे और अगर कोई छात्र स्कूल नहीं आया तो उसके घर खबर भी भेज पता कराते थे कि वह स्कूल क्यों नहीं आ रहा। अगर उसके माता-पिता को कोई अड़चन होती थी तो उसे दूर भी किया जाता था। न जाने कितने गरीब और निर्धन बच्चों को उन्होंने आर्थिक सहायता देकर पढ़ने में मदद की।

## राजनीति में बदलाव के हिमायती थे शम्भू बाबू

पूरी जिन्दगी शिक्षा को समर्पित रहे शम्भू बाबू राजनीति में बदलाव के हिमायती थे। उनका मानना था कि राजनीति में असली मुद्दे पूरी शुचिता से उठाये जाने चाहिए। वे राजनीति की वर्तमान दशा और दिशा से बिल्कुल नाराज़ थे। उनका मानना था कि अच्छे लोग राजनीति में आयें तो बदलाव हो सकता है। इसलिए 1998 के जनवरी में अवकाश ग्रहण करने के बाद 1999 में हुए लोकसभा के मध्यावधि चुनाव में वे निर्दलीय उम्मीदवार भी हुए थे और इस चुनाव में उन्हें किताब छाप चुनाव चिन्हं मिला था। चुनाव कैंपेन के दौरान उनके साथ कई शिक्षक भी रहते थे और प्रत्याशी के रूप में उन्होंने सादगी तथा ईमानदारी की मिसाल पेश की थी। तब चुनाव के दौरान उन्हें 11 हजार से अधिक मत मिले थे। चुनाव प्रचार में उन्होंने शिक्षा को ही प्रमुख मुद्दा बनाया था और अपनी बात जनता तक पहुंचाने की कोशिश की थी लेकिन सीमित संसाधनों और महंगे प्रचार साधनों के बीच वे कामयाब नहीं हो सके। हालांकि चुनाव के दौरान उनकी सादगी तथा वाकपटुता की लगातार चर्चा होती रही।

## जब लाला शंभूनाथ ने बच्चों के लिए खुलवाया था पुस्तकालय

### उत्तर प्रदेश के मुख्य अभियंता प्रभात दुबे के संस्मरण



उत्तर प्रदेश के जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता प्रभात दुबे उस घड़ी को याद करते हैं जब लाला शंभू नाथ ने तिलौथू में छोटे बच्चों के लिए अलग से एक बाल पुस्तकालय की स्थापना की थी। श्री दुबे तिलौथू के निवासी हैं जहां हाई स्कूल के प्राचार्य के रूप में लाला शंभू नाथ ने 1975 से 1985 तक कार्य किया था। श्री दुबे के पिता लाला शंभू नाथ के गहरे मित्र थे और शंभू नाथ के दोनों पुत्र कमल किशोर और श्री राम अम्बष्ट प्रभात दुबे के मित्र थे। श्री दुबे याद करते हैं कि शंभू बाबू की जो पहली छवि उनके दिमाग में आती है वह बेहद कड़क और अनुशासन प्रिय प्रधानाचार्य की है। वह हिंदी के शिक्षक थे और हिंदी भाषा और साहित्य पर उनकी गहरी पकड़ थी। उस वक्त तिलौथू उच्च विद्यालय काफी संपन्न विद्यालय था जहां शिक्षकों और छात्रों की बड़ी संख्या थी। इसके बावजूद जरूरत ना होते हुए भी लाला शंभूनाथ अक्सर बच्चों को पढ़ाने कक्षा में चले आते थे। अनुशासन के इतने पक्के कि छात्र से ज्यादा उनके सहकर्मी और शिक्षक उनसे भयभीत रहा करते थे। किसी शिक्षक या किसी छात्र की मजाल नहीं थी कि वह कोई कक्षा मिस करे। ठीक 9:30 बजे विद्यालय आना और 5:00 बजे के बाद ही विद्यालय परिसर छोड़ना उनकी आदत में शुमार था। उन्होंने कभी किसी की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की और अनुशासनहीनता पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करते थे। श्री दुबे याद करते हैं कि शम्भू बाबू से पारिवारिक संबंध होने के बाद भी उन्होंने कभी श्री दुबे को कोई छूट नहीं दी और इस वजह से श्री दुबे लगातार लाला शंभू नाथ से डरते रहे। स्कूल के माहौल को शिक्षणमुखी बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता थी। इसके साथ ही वे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते थे। इसी वजह से स्कूल में तुलसी जयंती, सरस्वती पूजा या अन्य राष्ट्रीय दिवस काफी धूमधाम से मनाए जाते थे और इन मौकों पर परिचर्चाएं भी आयोजित की जाती थी। उस समय स्काई लैब गिरने का बड़ा भय था लेकिन लाला शंभूनाथ ने बच्चों को बताया कि स्काई लैब क्या है और इससे डरने की कोई जरूरत नहीं। वह अपने छात्रों को हर तरह की जानकारी और सूचना से लैस रखना चाहते थे इसलिए स्कूल के सामान्य पुस्तकालय के साथ-साथ उन्होंने छोटे बच्चों के लिए तिलौथू में एक बाल लाइब्रेरी की स्थापना भी की थी जिसमें केवल छोटे बच्चे जा सकते थे। इसका नाम उन्होंने राजेंद्र बाल पुस्तकालय रखा था। इस पुस्तकालय में कोई भी बच्चा जाकर किताब पढ़ सकता था और किताबों का अच्छा कलेक्शन लाला शंभू नाथ ने अपने पैसे से किया था। श्री दुबे को याद है कि इस लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन वह खुद और उनके मित्र कमल किशोर हुआ करते थे, जो उस वक्त प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ते थे। अपनी उत्सवधर्मिता से लाला शंभूनाथ ने पूरे क्षेत्र को जीवंत कर दिया था। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, क्रीड़ा गतिविधियों के आयोजन के साथ-साथ स्कूलों में होने वाली सामान्य गतिविधियों जिनमें तुलसी जयंती, सरस्वती पूजा जैसे कार्यक्रम शामिल थे, में उन्होंने इतनी ज्यादा गरिमापूर्ण ऊंचाई दे दी कि तिलौथू स्कूल को लोग उस वक्त बहुत आदर से देखने लगे थे। इससे तिलौथू उच्च विद्यालय को काफी लाभ हुआ और यहां छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी। अभिभावक भी इस माहौल को देखकर प्रसन्न थे और उन्होंने ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने बच्चों को इस स्कूल में पढ़ने भेजा। एक प्रशासक के रूप में उनकी कार्य दक्षता को आज भी प्रभात दुबे अनुकरणीय मानते हैं।

## लाला शंभू नाथ ने शाहाबाद-मगध के सांस्कृतिक जगत को दिए थे नए तेवर

### बिहार सरकार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी के आप्त सचिव शैलेन्द्र ओझा शैल जी के संस्मरण



वरिष्ठ शिक्षाविद लाला शंभू नाथ ने रोहतास के सांस्कृतिक जगत की बिल्कुल नए तेवर दिए थे और ऐसी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परंपरा शुरू की थी जो उनके निधन के बाद आज तक जीवंत है। दिवंगत राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के अनन्य सहयोगी और उनके आप्त सचिव रहे तथा वर्तमान में बिहार सरकार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी के आप्त सचिव शैलेन्द्र कुमार ओझा शैल जी के पारिवारिक संबंध लाला शंभूनाथ से रहे। वे न केवल इनके छात्र रहे बल्कि इनके सुपुत्र कमल किशोर के सहपाठी भी रहे हैं। लाला शंभू नाथ उनकी स्मृतियों में भली-भांति रचे बसे हैं। श्री ओझा याद करते हैं कि शिक्षाविद और प्रिंसिपल के रूप में इतना अनुशासित व्यक्ति उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी नहीं देखा। शैल ओझा जिस तिलौथू स्कूल में छात्र थे उस वक्त लाला शंभू नाथ वहां प्रिंसिपल हुआ करते थे। उनकी खासियत यह थी कि अनुशासन पर विशेष जोर देते थे। हालात इस प्रकार थे कि वे स्वयं 9:30 स्कूल पहुंच जाते थे और 10:00 बजे स्कूल की चहारदीवारी का मुख्य दरवाजा बंद कर दिया जाता था। इसके बाद कोई भी छात्र अथवा शिक्षक विद्यालय परिसर में प्रवेश नहीं कर सकता था और उसे दिन भर के लिए अनुपस्थित मान लिया जाता था। अनुशासनहीनता के मामले में वे अपने लोगों को भी नहीं छोड़ते थे। अगर किसी छात्र या शिक्षक ने अनुशासनहीनता की तो उसे चेतावनी दी जाती थी। अगर उसके बाद भी उसके आचरण में सुधार नहीं आया तो दंडात्मक कार्यवाही की जाती थी। शिक्षकों और कर्मियों तक के बच्चों को स्कूल से अनुशासनहीनता के लिए निकाल देने में जरा संकोच नहीं करते थे। शैल ओझा याद करते हैं कि खुद उनके छोटे भाई को एक बार शरारत करने पर लाला शंभू नाथ ने स्कूल से निकाल दिया था। श्री ओझा याद करते हैं कि अनुशासन और शिक्षा के मामले में वह किसी की नहीं सुनते थे। लाला शंभूनाथ ने पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अतुलनीय योगदान दिया है। तिलौथू में प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने कई शिक्षण संस्थानों की स्थापना की जिनमें से एक राजा साहब बाबू राधा प्रसाद सिंह के नाम पर कॉलेज की स्थापना का कार्य भी शामिल है। राधा प्रसाद सिंह की प्रतिमा की स्थापना भी 1978 में लाला शंभूनाथ ने ही की जिसका अनावरण भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भुनेश्वरी प्रसाद सिन्हा, जो राजा साहब के मित्र भी थे, के द्वारा लाला शंभू नाथ ने कराया। राजा साहब की जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजित कराने की परंपरा 1978 से लाला शंभू नाथ ने शुरू की जो उनके निधन के बाद आज तक चली आ रही है। इस कवि सम्मेलन में अपने समय के हिंदी और उर्दू के तमाम प्रमुख हस्ताक्षर शामिल होते थे। गोपालदास नीरज से लेकर कुमार विश्वास तक इन कवि सम्मेलनों में शिरकत कर चुके हैं। देश का शायद ही ऐसा कोई कवि हो जो इन कवि सम्मेलनों का हिस्सा ना बना हो। इस सारस्वत आयोजन ने पूरे रोहतास के साहित्य जगत को अनुप्राणित किया था। श्री ओझा कहते हैं कि ऐसा कोई आयोजन उस वक्त नहीं था जिसमें लाला शंभू नाथ की भागीदारी न रही हो। तिलौथू में लगातार खेल आयोजन भी उनके ये आयोजक की भूमिका में स्वतः ही रहते थे। नेतृत्व में हुए। खासकर वॉलीबॉल के आयोजनों में राष्ट्रीय स्तर की टीमें भाग लेती रहीं। यज्ञ वगैरह के आयोजन में भी वह बढ़-चढ़कर भाग लेते थे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी उन्होंने बड़े पैमाने पर आयोजन किया। उनके संयोजकत्व में कई नामचीन हस्तियां अपनी कला से रोहतास और तिलौथू को झंकृत कर गई। ऐसे नामों में प्रसिद्ध गायिका शारदा सिन्हा, लोक गायक बालेश्वर जैसे कलाकार भी शामिल हैं। उन्होंने तिलौथू में राधा-शांता कॉलेज की स्थापना में बहुत बड़ा योगदान दिया और इस कॉलेज का नामकरण भी संस्थापक सचिव राजा साहब और उनकी पत्नी के नाम पर इन्होंने ही कराया। श्री ओझा याद करते हैं कि उस वक्त ऐसे सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आयोजन बहुत कम हुआ करते थे और ऐसे आयोजनों की वजह से पूरे रोहतास जिले में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक ऊर्ज़ा का संचार हुआ था।

## डुमरी में खुले उच्च शिक्षण संस्थान : ललन राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी कुटुंबा प्रखंड के दक्षिणी पूर्वी छोर स्नातक एवं स्नातकोत्तर जैसे उच्च शिक्षण संस्थान से वंचित है। हालांकि डुमरी ग्राम पंचायत में प्लस टू तक की शिक्षा के संस्थान मौजूद है, परन्तु इंटर के बाद बीए, एमए और अन्य उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को तीस से चालीस किलोमीटर का सफर प्रतिदिन तय करना पड़ता है। गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चे आर्थिक कमी के कारण पढ़ाई छोड़ देते हैं। वहीं संस्थान की दूरी के कारण अभिभावक बच्चियों को पढ़ाना महत्वपूर्ण नहीं समझतें। संसाधनों के अभाव में न जाने कितनी प्रतिभाएं अविकसित रह जाती हैं। उक्त क्षेत्र के ग्रामीण, समाजसेवियों और शिक्षाविदों ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक ललन राम से एक शिक्षण संस्थान के उद्घाटन समारोह के दौरान स्नातक तक की शिक्षा के लिए संस्थान खोले जाने की मांग की। इस संदर्भ में विधायक ने कहा कि उन्होंने जिला परिषद एवं डीएम के साथ बैठक में डुमरी क्षेत्र के लिए गर्ल्स स्कूल की मांग की है। स्नातक तक की शिक्षा की मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि इंटर तक की संस्थान के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से अनुमति ली जाती है परंतु स्नातक तक के संस्थान खोले जाने के लिए अलग से भूमि भवन एवं संसाधन की आवश्यकता होती है। आप लोग भूमि की व्यवस्था कर लें तो निश्चित रूप से विश्वविद्यालय की अनुमति के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।

## वीर बालकों की अदम्य साहस से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

### नवोदय विद्यालय में सम्मान के साथ मनाया गया वीर बाल दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बारून में शुक्रवार को वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप-प्राचार्य अनुग्रह प्रसाद द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात गुरू गोविंद सिंह जी के साहसी सुपुत्रों वीर बालक साहिबजादा फतेह सिंह एवं साहिबजादा जोरावर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उप प्राचार्य अनुग्रह प्रसाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार मुगल शासक औरंगज़ेब द्वारा किए गए अत्याचारों के सामने भी इन दोनों बालकों ने अपने धर्म और साहस से कोई समझौता नहीं किया और अंत तक अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। उन्होंने वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके अदम्य साहस, त्याग एवं देशभक्ति से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी गणेश प्रसाद ने बताया कि विद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में प्रधानमंत्री द्वारा नई दिल्ली के भारत मण्डपम से संबोधन का प्रसारण सभी बच्चों को दिखाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा देश के 18 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से 20 बहादुर बालकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन राघवेन्द्र कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, राकेश बहादुर सिंह, अरविंद दुबे, दीपांकर सैकिया, चन्द्रशेखर सिंह, संगीता कुमारी, वंदना कुमारी, श्रेया कुमारी, दिवाकर सिंह यादव, धानी शंकर, मनीष कुमार, मनोज कुमार एवं छात्र-छात्राएं, विभिन्न सदनों के छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## एक नजर

### दौड़ में मुस्कान को मिला प्रथम स्थान

**पकरीबरावां**। प्रखंड मुख्यालय के जीआईपी पब्लिक स्कूल में खेल पखवाड़ा के तहत जूनियर बालक एवं बालिका के बीच दौड प्रतियोगिता एवं लंबी कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेल शिक्षक विकास कुमार की देखरेख में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बालक संवर्ग में 400 मी दौड़ में राजू प्रथम, ताहा द्वितीय तथा सुधांशु तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी दौड़ में मुस्कान प्रथम, प्रिया द्वितीय तथा जिकरा तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी के दूसरे वर्ग में आराध्या प्रथम, मनीषा द्वितीय तथा नंदनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के दूसरे समूह में आर्यन प्रथम, आशुतोष द्वितीय तथा जैद तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग लंबी कूद में सीता प्रथम, मासूमा द्वितीय तथा सोनिका तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक रंजीत रंजन ने प्रतियोगी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि खेल पखवाड़ा को लेकर कई खेलों का आयोजन बच्चों के बीच किया जा रहा है। खेल से बच्चों में प्रतियोगिता के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है तथा और भी बेहतर खेल करने के लिए प्रोत्साहित होते है। मौके पर विद्यालय शिक्षक शशि कुमार, बिपिन कुमार, रंजीता मिस, संजीता मिस तथा विजय पाण्डेय सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कार्ड नहीं रहने से एक्सरे सुविधा का नहीं मिल रहा लाभ

**पकरीबरावां**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में कार्ड नहीं रहने से लोगों को एक्सरे सुविधा का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। शुक्रवार को पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय निवासी प्रेमलता देवी का पैर फ्रेक्चर होने के बाद जब सीएचसी एक्सरे के लिए पहुंचीं तब वहां के कर्मी ने बताया कि कार्ड नहीं है। जिसके कारण उन्हें निराश होकर निजी क्लीनिक में एक्सरे कराना पड़ा। रेवार गांव का एक व्यक्ति ने बताया कि पैर का एक्सरे कराने आया हूं। निराश होकर लौटना पड़ रहा है। उसने बताया कि कर्मी का कहना है कि 10- 15 दिन से कार्ड नहीं है। लोगों ने सीएस से इस संबंध में बात की। लोगों ने इस दिशा में पहल का आग्रह किया है।

### चेन्नई जाते समय युवक लापता, परिजन चिंतित

**हिसुआ (नवादा)**। थाना क्षेत्र के अनारपुर पकरीया गांव निवासी लटन मांझी, पिता दीपु मांझी, 9 दिसंबर 2025 से लापता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लटन मांझी अपने साले छोटे मांझी, करमचक निवासी के साथ मजदूरी करने चेन्नई जा रहे थे। दोनों ट्रेन से चेन्नई जा रहे थे, लेकिन किसी अन्य स्टेशन पर उतरने के बाद किसी कारणवश लटन मांझी अपने साले से बिछुड़ गए, और फिर उनका कोई अता-पता नहीं चल सका। बताया जाता है कि लटन मांझी का मोबाइल फोन भी बंद है, जिससे संपर्क साधने में कठिनाई हो रही है। घटना के बाद परिजनों और रिश्तेदारों ने चेन्नई सहित आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की। रिश्तेदारों के घरों, कार्यस्थलों और संभावित ठिकानों पर भी जानकारी ली गई, लेकिन अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। लटन मांझी के अचानक लापता होने से परिवार में गहरी चिंता और भय का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को लटन मांझी के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत परिजनों या नजदीकी थाना को सूचित करें। वहीं परिजन प्रशासन से भी मामले में मदद की गुहार लगा रहे हैं, ताकि लटन मांझी का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके ।

### केवीके में स्कूली बच्चों को कराया गया परिभ्रमण

**कौआकोल**। प्रखण्ड के गिरजा सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल के स्कूली बच्चों को शुक्रवार को सोखोदेवरा जेपी आश्रम का परिभ्रमण कराया गया। इस दरम्यान विद्यालय के प्रधान आचार्य मुकेश कुमार के देखरेख में स्कूली बच्चों ने जेपी आश्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न इकाईयों का अवलोकन कराया गया। कृषि वैज्ञानिक रविकांत चौबे,शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार आदि ने बच्चों को कृषि एवं पशुपालन से सम्बंधित विभिन्न इकाईयों का अवलोकन कराया तथा उन्हें बारीकी से समझाया। इस दौरान बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। बच्चों को स्वच्छता को लेकर कई आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गई। इस मौके पर केवीके के अन्य वैज्ञानिक समेत पिन्टू पासवान आदि मौजूद थे।

### नालंदा विश्वविद्यालय सिटी कैंपस में पुस्तक प्रदर्शनी शुरू




**बिहारशरीफ**। नालंदा विश्वविद्यालय के सिटी कैंपस राजगीर में सार्वजनिक पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी और जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। प्रदर्शनी में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय नागरिक, स्कूली बच्चे, संकाय सदस्य और विश्वविद्यालय कर्मी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सिटी कैंपस के खुले लॉन में लगी यह प्रदर्शनी 26 से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। कुलपति प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि पुस्तक प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में भारत की सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान परंपरा के प्रति रुचि बढ़ाना है। उन्होंने सिटी कैंपस को सामुदायिक सहभागिता और कौशल विकास का केंद्र बनाने की दिशा में विश्वविद्यालय की योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों से रचनात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि शून्य की अवधारणा भारत की देन है, जिसने आज की डिजिटल दुनिया को दिशा दी। प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। कॉमन आर्काइवल रिसोर्स सेंटर के स्टॉल में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की हस्तलिखित डायरी प्रदर्शित की गई। वहीं पुरातत्व विभाग के स्टॉल में मानव व पशु जीवाश्म, हड़प्पा मुहर की छाप वाले बुकमार्क और मिस्त्री लिपि में नाम लेखन ने बच्चों को खासा आकर्षित किया। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद और एनबीटी की पुस्तकों का विस्तृत संग्रह भी प्रदर्शनी में मौजूद है। कार्यक्रम का समापन स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

# सड़क दुर्घटना में नवादा के आइटीबीपी जवान की मौत

## बीमार साथी को इलाज के लिए एंबुलेंस से ग्वालियर ले जाने के क्रम में हुआ हादसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। बुधवार को मध्यप्रदेश में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में नवादा जिले के वीर सपूत, आइटीबीपी जवान मनोज कुमार ने देश सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस घटना से पूरे नवादा जिले, खासकर नरहट प्रखंड के छोटा शेखपुरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आईटीबीपी की एक एंबुलेंस शिवपुरी से ग्वालियर की ओर जा रही थी। एंबुलेंस में एक बीमार जवान को बेहतर इलाज के लिए ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में बुधवार की सुबह घाटीगांव के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से एंबुलेंस की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही दो आइटीबीपी जवानों की मौत हो गई, जबकि अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए।




हादसे में शहीद हुए जवानों में एक की पहचान नवादा जिले के नरहट प्रखंड अंतर्गत छोटा शेखपुरा गांव निवासी विनोद गुप्ता के 33 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई। मनोज कुमार आइटीबीपी में देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे थे। उनके असामयिक निधन की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। शहीद जवान मनोज कुमार का पार्थिव शरीर सम्मान के साथ उनके पैतृक क्षेत्र लाया गया। गुरुवार को हिसुआ स्थित तिलैया घाट पर पूरे सैन्य और राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में लोग 'भारत माता की जय' और 'शहीद मनोज कुमार अमर रहें' के नारे लगाते हुए उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। अंतिम संस्कार में आरजेडी के जिला अध्यक्ष उदय यादव, नवादा एमएलसी प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, मनोज मंडल, डॉक्टर रमेश कुशवाहा, डॉक्टर बीपीन कुमार, समाजसेवी मसीह उद्दीन, मोहम्मद हामिद अंसारी, कन्हैया कुमार बादल, अरविंद मांझी, रामप्रवेश प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मनोज कुमार का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे जिले का गौरव थे। उनके जाने से जो शून्य पैदा हुआ है, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार से शहीद जवान के परिवार को हर संभव सहायता और सम्मान देने की मांग की है।

# योजना बना रहे आठ अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। हरनौत थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र से कुल 8 अपराध कर्मी को गिरफ्तार किया है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीती रात्रि को हरनौत थाना पुलिस को सरकारी मोबाइल पर सूचना मिली कि हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 20 किनारे स्थित बाबा ढाबा होटल के पास बिजली तार चोरी करने वाला गिरोह हथियार से लैस होकर कोई अपराधी घटना को अंजाम देने का योजना बना रहा है। हरनौत थाना पुलिस के द्वारा टीम गठित कर घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक पिकअप वाहन एवं एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बैठे थे अपराधी। पुलिस की गाड़ी को देखकर कुछ लोग भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार सभी अपराधी को बारी-बारी से तलाश लिया गया। जिसमें कार पर सवार व्यक्ति के कमर में देसी कट्टा बरामद हुआ। वही गिरफ्तार अपराध कर्मी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के राम कुमार के पुत्र सौरव कुमार,और विमलेश कुमार के पुत्र रणधीर कुमार उर्फ गोरे, बाढ़ थाना क्षेत्र के हरौली गांव के उपेंद्र यादव के पुत्र बृजेश कुमार, हरनौत थाना क्षेत्र के नेहुसा बीघा गांव के रामप्रीत सिंह के पुत्र नरसिंह कुमार, पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र के ज्ञान चक्र गांव के निवासी रामनाथ सिंह के पुत्र अजय कुमार, बड़हिया थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव के रामानंद यादव के पुत्र रोशन कुमार, माल सलामी थाना क्षेत्र के भट्टी गांव निवासी मिथिलेश साहब के पुत्र छोटू कुमार, खुसरूपुर थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के तुला सिंह के पुत्र रंजन कुमार शामिल है। वही मौके से दो बंडल बिजली का तार, 8 मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, एसआई प्रमोद कुमार, मुन्ना पासवान, विकेश कुमार महतो, विजेंद्र कुमार महतो, राधे श्याम यादव, समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# डीएम ने फोर लेन पर्यटक मार्ग का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बेलौआ में निर्माणाधीन 4-लेन राजमार्ग (पर्यटक मार्ग) की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। यह मार्ग सालेपुर से राजगीर तक नूरसराय–अहियापुर–सिलाव होते हुए कुल 27.180 किलोमीटर लंबा है, जो बौद्ध सर्किट को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पुल निर्माण निगम के संबंधित कनीय अभियंता को निर्माण कार्य में यथाशीघ्र प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद स्थानीय जमीन मालिकों की समस्याओं को स्वयं सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के साथ-साथ आम लोगों की समस्याओं का समाधान भी प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के अवसर पर प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अंचलाधिकारी राजगीर, तथा पुल निर्माण निगम के कनीय अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महाराजा अहिबरन की जयंती धूमधाम से मनीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शुक्रवार को अहिबरन जन कल्याण समिति, अहिबरन युवा संघ एवं अहिबरन महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में बरनवाल वंश के पुरोधा महाराजा अहिबरन जी की जयंती अहिबरन पैलेस, काली चौक, नवादा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग, गणमान्य अतिथि एवं महिलाएं-बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नवादा विधानसभा क्षेत्र की विधायक विभा देवी, बिहार विधान परिषद सदस्य अशोक यादव, गोविंदपुर की विधायक विनीता मेहता तथा नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंत्री अशोक बरनवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहिबरन जन कल्याण समिति, नवादा के अध्यक्ष डॉ. प्रद्युम्न बरनवाल ने की।



उन्होंने अपने संबोधन में महाराजा अहिबरन जी के आदर्शों, सामाजिक समरसता एवं सेवा भाव पर प्रकाश डालते हुए समिति द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नवादा नगर एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें सुश्री श्वेता कौर (एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, शेखपुरा), नीरज कुमार, सौरव जी (केनरा बैंक), चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. रवीश कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पिंकी बरनवाल, डॉ. प्रहलाद कुमार, फैक्ट्री आयुक्त सतीश कुमार, छत्रपति शिवाजी संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद 'जीतू', शिक्षा क्षेत्र से प्रधानाध्यापक विनय बरनवाल, सुनील बरनवाल, नवीन कुमार तथा भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष माधुरी शामिल रहीं। इस अवसर पर अहिबरन जन कल्याण समिति के सचिव कृष्णदेव प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, संयुक्त सचिव सविनय कुमार, कोषाध्यक्ष जवाहरलाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य, अहिबरन युवा संघ एवं अहिबरन महिला कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन एवं समाज की एकता के संकल्प के साथ हुआ।

# किसानों, स्वरोजगार योजना से जुड़े लाभार्थियों को ससमय ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार समिति-सह-जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिला में चल रहे ऋण वितरण, बैंकों की प्रगति, सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन और ऋण लक्ष्य की प्राप्ति की समीक्षा की गई। ऋण वितरण अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे किसानों, स्वरोजगार योजना से जुड़े लाभार्थियों और छोटे उद्यमियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएं। सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन अन्तर्गत प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना और अन्य सरकारी योजनाओं की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात के अन्तर्गत बैंकों को अपने




क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात में सुधार करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) की समीक्षा के क्रम में बैंकों को एनपीए में कमी लाने और बकायेदारों से वसूली प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया। कृषि ऋण को प्राथमिकता देने और किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) एवं किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य) के तहत बैंकों में लंबित आवेदन को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों और विभागों को निर्देश दिया कि वे ऋण संबंधी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाएं, ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा जताई कि वे निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे और जिले के विकास में योगदान देंगे। पीएनबी आरसेटी अंतर्गत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा निलिमा साहु, प्रभारी बैंकिंग शाखा पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय, एलडीएम पंजाब नेशनल बैंक मनीष कुमार, जिला महाप्रबंधक उद्योग विभाग रामेश्वर राम, निदेशक आरसेटी सुनील कुमार, आरबीआई के प्रतिनिधि के साथ-साथ सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डिजिटल फसल सर्वे किसानों के हित में सरकार की एक अहम पहल : संयुक्त निदेशक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। डिजिटल क्रॉप सर्वे रबी 2025-26 के तहत नालंदा जिले में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी नालंदा ने की, जबकि उद्घाटन संयुक्त निदेशक (शष्य), पटना प्रमंडल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। संयुक्त निदेशक ने कहा कि डिजिटल फसल सर्वे किसानों के हित में सरकार की एक अहम पहल है। इससे कृषि व्यवस्था अधिक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। डिजिटल तकनीक के माध्यम से फसल से जुड़ी वास्तविक जानकारी रियल टाइम में उपलब्ध होगी और मानवीय त्रुटियों में भी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने डिजिटल फसल सर्वे को विभिन्न सरकारी पोर्टलों और योजनाओं से जोड़ा है। इससे बोई गई फसलों, रकबा, फसल की अवस्था और संभावित उत्पादन की




सटीक जानकारी मिलेगी, जिसका लाभ फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आपदा राहत सहित अन्य योजनाओं में किसानों को मिलेगा। जिला कृषि पदाधिकारी, नालंदा ने बताया कि खरीफ 2025-26 में डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत जिले में 10 लाख 37 हजार 623 प्लॉट के सर्वे का लक्ष्य था, जिसमें से 9 लाख 50 हजार 619 प्लॉट का सर्वे पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि हरनौत प्रखंड में 8,684 प्लॉट का अप्रूवल लंबित है, जिसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि रबी 2025-26 का डिजिटल क्रॉप सर्वे जनवरी माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग की अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बीज वितरण, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान योजना, पक्का थ्रेसिंग फ्लोर, वर्मी पीट निर्माण, प्राकृतिक खेती, कृषि यांत्रिकरण, आत्मा योजना, कृषि मैपर, बिहान ऐप, गोदाम निर्माण, उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच और मिलेट्स के भौतिक सत्यापन से जुड़े लंबित कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि अभियंत्रण सहित सभी जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, तकनीकी प्रबंधक और किसान सलाहकार उपस्थित रहे।

# फुटबॉलर बनना हो तो मेवालाल जैसा बनिए, कोई न कर सका बराबरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भारतीय फुटबॉल जगत में मेवालाल एक महान शख्सियत थे। ऐसे तो उन्होंने भारत को कई मैचों में जीत दिलाई थी, लेकिन 1951 के एशियन गेम में उन्हें फुटबॉल जगत में काफी लोकप्रियता मिली। उस गेम में ईरान के खिलाफ उन्होंने जब विजयी गोल दाग कर हिंदुस्तान को गोल्ड मेडल दिलाया था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनकी पीठ थपथपाई थी। उनकी प्रशंसा में उन्होंने कहा था कि इस अद्धितीय खिलाड़ी को देश कभी नहीं भूलेगा। कारण उस समय भारत ने हाल ही में आजाद हुआ था। खेल के लिए न पैसे थे, न संसाधन। फिर भी खिलाडियों में खेलने का जोश और जज्बा ऐसा दिखाया कि दूसरे देश अचंभित रह गए थे।

**दो ओलंपिकों में किया था भारत का प्रतिनिधित्व** : मेवालाल की प्रतिभा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे दो-दो बार लंदन (1948) और हेलसिंकी (1952) ओलंपिक में भारतीय फुटबॉल टीम का हिस्सा रहे। प्रथम श्रेणी के मैचों में इस खिलाड़ी ने प्रतिष्ठित मोहन बगान टीम के खिलाफ हैट्रिक लगाकर सबको चकित कर दिया था। कोयलांचल का सौभाग्य रहा था कि मेवालाल न केवल यहां आए थे, बल्कि उस समय के फुटबॉल खिलाडि़यों को खेल के विशिष्ट गुर भी बता गए थे।

**बिहार के नवादा जिले के हिसुआ में हुआ था जन्म** : मेवालाल का जन्म एक जुलाई 1926 को दौलतपुर गांव में हुआ था। घर की माली हालत अत्यंत जर्जर थी। इसलिए पिता महादेव हरिजन अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर कोलकाता चले गए। वहां फोर्ट विलियम में बगान की देखरेख करने का काम उन्हें मिल गया. वहां के हेस्टिंग्स ग्राउंड में अंग्रेजी सेना के अफसर फुटबॉल खेला करते थे। किशोर होने पर मेवालाल भी अपने पिता के साथ हेस्टिंग्स जाने लगे। एक दिन संयोग ऐसा रहा कि ग्राउंड के बाहर गयी गेंद पर मेवालाल ने अपना पैर जमाया। सधे हुए किक ने ग्राउंड पर मौजूद अंग्रेज अफसरों को चौंका दिया। उन्होंने उस किशोर (मेवालाल) को बॉल ब्वॉय की जिम्मेदारी दे दी।

**बाइस्किल शॉट में हासिल थी महारत** : फोर्ट विलियम एरिया में बने रेलवे के एक बंगले में रहने वाले एक साहब मि. बर्नेट ने मेवालाल में अच्छे खिलाड़ी होने का गुण देखकर अपने एक मित्र से कहकर 'मॉर्निंग स्टार' नामक क्लब में प्रशिक्षण के लिए भोजन-कपड़ा और दस रुपये मासिक जेब खर्च की प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था कर दी। प्रशिक्षक ने मेवालाल को खेल के तौर-तरीकों से परिचित कराना शुरू कर दिया। मेहनत और समर्पण से मेवालाल बाइस्किल शॉट में महारथ हासिल कर ली। इस शॉट का खास गुण यह होता है कि ऊपर हवा में छलांग लगाते हुए दोनों ही पैरों से आकस्मिक शॉट लगाया जाता है। प्रतिपक्षी टीम के खिलाड़ी भौंचक होकर बचाव करने में फेल हो जाते थे। कुछ ही दिनों में वे कोलकाता के अंग्रेजी, हिंदी और बांग्ला अखबारों में छा गए।

# पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना परिसर में शुक्रवार को नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जनता दरबार आयोजित की। जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। जनता दरबार के दौरान एसपी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया। एसपी भारत सोनी ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर जिले के सभी थानों में जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की समस्याएं सुनी जा रही हैं। इसी क्रम में रहुई थाना में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशे का बढ़ता प्रचलन एक गंभीर समस्या है। इसको लेकर नशे की सप्लाई करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा जमीन विवाद से जुड़ी समस्याओं को लेकर अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। ठंड के मौसम को देखते हुए रात्रि गश्ती को और अधिक सक्रिय करने पर भी चर्चा की गई। जनता दरबार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सुरक्षा के मद्देनजर अनुज्ञप्ति प्राप्त हथियार उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही पंचायत क्षेत्रों में किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने में हो रही देरी का मुद्दा भी उठाया गया, जिससे पीड़ित परिवारों को सरकारी लाभ मिलने में परेशानी होती है। एसपी भारत सोनी ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

# बजरंग दल-विश्व हिंदू परिषद ने निकाला आक्रोश मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचार,हिंसा एवं मानवाधिकार हनन के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को हिलसा बाजार में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च दुर्गा स्थान से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए योगीपुर मोड़ पहुंचा,जहां एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गया। सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नीरज मालाकार ने कहा कि बांग्लादेश में आए दिन हिंदुओं के साथ अमानवीय और निंदनीय घटनाएं घटित हो रही हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश की युनुस सरकार कट्टरपंथी तत्वों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है,जिसके कारण वहां के अल्पसंख्यक हिंदू भय के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने हाल की एक हृदयविदारक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि दीपु चंद्र दास नामक एक दलित हिंदू युवक को झूठे ईशनिंदा के आरोप में थाना परिसर से घसीटकर बाहर निकाला गया और उन्मादी भीड़ द्वारा सार्वजनिक रूप से उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना से न केवल बांग्लादेश बल्कि विश्वभर में बसे करोड़ों हिंदुओं में भारी आक्रोश और पीड़ा व्याप्त है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता सौरव प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि"बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार केवल एक देश की समस्या नहीं, बल्कि यह संपूर्ण मानवता के लिए चिंता का विषय है। यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और भारत सरकार अब भी मौन रही, तो यह अत्याचार और बढ़ेगा। हम मांग करते हैं कि बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे, अन्यथा वैश्विक स्तर पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाया जाए। वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए कूटनीतिक एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि वहां रह रहे हिंदुओं के जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इस आक्रोश मार्च को सफल बनाने में गोपाल भारत, साहिल पटेल, अभिषेक कुमार, आशुतोष कुमार उर्फ गौरी जी, नीतीश कुमार, चंद्रशेखर शर्मा, मंजय चंद्रवंशी, विष्णु कुमार, छोटू कुमार, दिलीप पांडेय, डॉ. विजय शंकर, गौरव प्रकाश सहित बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी ने की जन सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में जन सुनवाई की गई। इस जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत की। कुल 60 शिकायतें दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कई शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर तत्काल राहत उपलब्ध कराई। वहीं, कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया। आज की जनता दरबार में प्रखंड-नवादा, पंचायत-खरांट, ग्राम-पनसला के राजो चौधरी द्वारा बिजली बिल




सुधार करने के संबंध में, थाना-नवादा, पो0-मंझवे, ग्राम-कटघरा के अखिलेश कुमार द्वारा जमीन विवाद के संबंध में, थाना-नारदीगंज, ग्राम-बुच्ची के तनोज कुमार द्वारा अवैध अतिक्रमण के संबंध में, थाना-हिसुआ, ग्राम-अम्हरी के ग्रामवासी द्वारा गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कब्जा के संबंध में, थाना-पकरीबरावां, पंचायत-एरूरी के समीन खान द्वारा जमीन विवाद के संबंध में, थाना-मुफस्सिल, पंचायत-खरांट, ग्राम-पनसला के मुनकी देवी द्वारा चापाकल के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य द्वारा भी शिकायतें पेश की गयी। जिला पदाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या विलंब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नही की जायेगी। जन सुनवाई में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि "आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सभी मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र किया जाएगा ताकि जनता को न्याय एवं सुविधा समय पर मिल सके।" इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे और लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनी।

# परसावां एवं कनौसी पंचायतों में हुई ग्राम सभा





**न्रबिटा टीम**

**कोंच (गया)।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी पत्र के आलोक में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीजी-जी-रामा-जी एक्ट 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को ग्राम पंचायत परसावां, टोला शेखबिगहा स्थित पंचायत कार्यालय परिसर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी कोंच संजय कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने प्रत्येक वार्ड से आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन करने तथा योजनाओं को सूचीबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित करने पर विशेष जोर दिया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव प्रीतेश कुमार, सरपंच अखिलेश दास, पंचायत समिति प्रतिनिधि पप्पू कुमार, उपमुखिया ब्रजेश यादव, उमेश कुमार सहित सभी वार्ड सदस्य चंदन कुमार, विजय पासवान, रौशन कुमार, सज्जन सिंह, निरंजन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, कुलबुल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।सभा के दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने वार्ड की आवश्यक विकास योजनाओं को प्रस्तावित किया, जिसे विधिवत रूप से सभा पंजी में दर्ज किया गया। अंत में सभी प्रस्तावों की पुष्टि के पश्चात ग्राम सभा की कार्रवाई संपन्न हुई।

इसी तरह भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी पत्र के आलोक में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीजी-जी-रामा-जी एक्ट 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को ग्राम पंचायत कनौसी, स्थित केरकी में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया राजीव रंजन ने की। उन्होंने प्रत्येक वार्ड से आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन करने तथा योजनाओं को सूचीबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित करने पर विशेष जोर दिया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव शिव शंकर सिंह, पंचायत रोजगार सेवक गगन बिंदु, अजीत कुमार, पप्पू यादव सहित वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे ।सभा के दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने वार्ड की आवश्यक विकास योजनाओं को प्रस्तावित किया, जिसे विधिवत रूप से सभा पंजी में दर्ज किया गया। अंत में सभी प्रस्तावों की पुष्टि के पश्चात ग्राम सभा की कार्रवाई संपन्न हुई।

## डॉ. प्रेम कुमार ने परिवार संग विष्णुपद मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को अपने पूरे परिवार के साथ विश्वविख्यात विष्णुपद मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीहरि विष्णु से प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच डॉ. प्रेम कुमार ने विशेष पूजा सम्पन्न की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गया धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है तथा विष्णुपद मंदिर सनातन आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। पूजा-अर्चना के उपरांत उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रशासन और श्रद्धालुओं से संवाद भी किया तथा व्यवस्थाओं से जुड़ी जानकारी ली। मौके पर शंभू लाल बिट्ठल, मुन्ना लाल पाठक, कमल लाल बारीक, मणि लाल बारीक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ शेरघाटी में प्रदर्शन



**शेरघाटी(ग्रामीण)।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में शेरघाटी में शुक्रवार को शाम 4 बजे विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन बजरंग दल शेरघाटी इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाला और हाथों में तख्तियां लेकर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय और भारत सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार गंभीर चिंता का विषय है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## कुटकू डैम में फाटक लगाने का कार्य अब तक शुरू नहीं



**कोंच।** उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध की निरीक्षण टीम द्वारा कुटकू डैम, जिसे मंडल डैम भी कहा जाता है, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि डैम में फाटक लगाने के लिए कुल दस फाटक स्थल पर पहुंचा दिए गए हैं, जिन्हें फिलहाल स्टोर में रखा गया है। हालांकि अब तक फाटक लगाने का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। निरीक्षण टीम में शामिल मोर्चा के सचिव एवं गुरारू उत्तरी के जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद ने शुक्रवार दोपहर 2 बजे बताया कि डैम परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासनिक कर्मियों की तैनाती की गई है, लेकिन फाटक स्थापना का कार्य शुरू नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए कुटकू डैम में फाटक लगाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। निरीक्षण टीम में उपेंद्र कुमार, धनेश यादव, उदय व्यास, झखुरी यादव, रामचंद्र साधु एवं सुरेंद्र कुमार भी शामिल थे।

# नदी में डूबने से 42 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत ,मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** ।वजीरगंज के अमैठी पंचायत अंतर्गत रामपुर निवासी 42 वर्षीय जितेन्द्र कुमार की मौत शुक्रवार की संध्या पहर मंगुरा नदी में डूबने से हो गई। पंचायत मुखिया अशोक पासवान ने बताया कि मृतक बेहद गरीब परिवार से हैं और परिवार के भरण-पोषण के लिए कुछ मवेशी रखे हुए थे तथा बटाई की खेती करके अपना गुजारा कर रहे थे। शुक्रवार को वे मवेशी चराने बधार की तरफ गए थे, उसी समय संभवतः वह शौच के बाद नदी किनारे गए और पैर फिसलने के बाद वे गहरे गड्ढे में चले गए।

कुछ समय बाद गांव के ही कुछ लोग पटवन के लिये उधर गए तो उन्हें डूबा पाया तथा ग्रामीणों को सूचना देने के बाद उन्हें निकाला गया, लेकिन तबतक उनकी मौत हो चुकि थी। घटना की जानकारी सीओ को दी गई है तथा मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग भी की गई है। वहीं थाना को भी सूचना दिया गया है एवं शव वाहन से इसके शव को पोस्टमार्टम के लिये एएनएमसीएच भेजा जाएगा।पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव निवासी 42 वर्षीय जितेन्द्र कुमार की मौत शुक्रवार की संध्या पहर मंगुरा नदी में डूबने से हो गई है। पंचायत मुखिया अशोक पासवान ने बताया कि मृतक बेहद गरीब परिवार से हैं और परिवार के भरण-पोषण के लिए कुछ



मवेशी रखे हुए थे तथा बटाई की खेती करके अपना गुजारा कर रहे थे।

शुक्रवार को वे मवेशी चराने बधार की तरफ गए थे, उसी समय संभवतः वह शौच के बाद नदी किनारे गए और पैर फिसलने के बाद वे गहरे गड्ढे में चले गए। कुछ समय बाद गांव के ही कुछ लोग पटवन के लिये उधर गए तो उन्हें डूबा पाया तथा ग्रामीणों को सूचना देने के बाद उन्हें निकाला गया, लेकिन तबतक उनकी मौत हो चुकिअ थी। घटना की जानकारी सीओ को दी गई है तथा मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग भी की गई है। वहीं थाना को भी सूचना दिया गया है एवं शव वाहन से इसके शव को पोस्टमार्टम के लिये एएनएमसीएच भेजा जाएगा।

## शराब, गांजा का कारोबार चरम पर

खिजरसराय। सरबहदा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव में इन दिनों शराब, गांजा एवम् नशीली पदार्थों का कारोबार एवं खेती बड़े पैमाने पर बिना रोक टोक के धड़ल्ले से जारी है। जिसका सुधि लेने बाला कोई नहीं है। वहां देशी शराब से लेकर इंग्लिश शराब का कारोबार धड़ल्ले से वृहत पैमाने पर किया जा रहा है। मिल्की खुदाई गांव के बौलिया खंदा में महुआ शराब का कुटीर उधोग चलाया जा रहा है। दरियापुर गांव शाम ढलते ही मैखाना में तब्दील हो जाता है शराबियों का तांता लगा रहता है। सिमरौका गांव में भी शराब का कारोबार अपने चरम पर है जिस सिमरौका गांव ने पूरे बिहार में शराब बंदी की ज्योत जलाई आज वही सिमरौका ,सरबहदा शराब कारोबार का अड्डा बन गया है। यहां बड़े पैमाने पर गांजा का कारोबार के साथ गांजा की खेती भी किया जा रहा है ।सरबहदाडीह जितिया स्थल से पश्चिम एवं मस्जिद के ठीक पीछे एवं दक्षिण में खेती की जा रही है। महेशिया खशियाबाद आदि गांवों में गांजा की खेती वृहत पैमाने पर की जा रहीं है। सरबहदा थाने में पांच पांच दरोगा पस्थापित हैं फिर भी अवैध कारोबारियों का अबैध कारोबार सर चढ़कर बोल रहा है।

## वजीरगंज में कैरियर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत वजीरगंज में चल रहे सेंटर सक्षम स्किल्स डेवलपमेंट अकादमी में शुक्रवार को सेंटर ऑनर संतोष कुमार के देखरेख कैरियर मार्गदर्शन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आकृति कुमारी द्वारा छात्र एवं छात्राओं को दसवीं, बारहवीं, स्नातक के बाद छात्रों के कैरियर को लेकर कई बहुमूल्य परामर्श दिए गए। इस अवसर पर उन्होंने सरकार की अन्य योजनाओं जैसे कुशल युवा कार्यक्रम , स्टडी किट, टूल किट, एनसीएस पोर्टल सहित कैरियर से संबंधित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी दी है। इस मौके पर जिला कौशल प्रबंधक देवेंद्र कुमार राय , केंद्र समन्वयक दीपू कुमार , प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ,अमीषा कुमारी ,गुलशन कुमार सहित केंद्र के सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## अलाव की हुई व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए अंचल अधिकारी बिणा भारती के निर्देश पर मिशन ठंड अभियान के तहत कई प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य ठंड से बचाव करते हुए आमजन, खासकर जरूरतमंदों, बुजुर्गों और राहगीरों को राहत पहुंचाना है।

प्रखंड क्षेत्र के परशुराम गंलगंल चौक, डुमरा, मोहन ठनका चौक सहित अन्य सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलवाए गए हैं। सुबह-शाम ठंड के प्रकोप को देखते हुए इन स्थानों पर लोग अलाव के पास ताप सेकते नजर आए अंचल अधिकारी बिणा भारती ने बताया कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं सड़क किनारे रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अलाव की व्यवस्था से ठंड में काफी राहत मिली है।

# चुनाव के समय सरकारी राशि बांटना भ्रष्टाचार : पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरूवार को पूर्व एमएलसी सह गुरूआ विधानसभा से जनसुराज प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह के द्वारा मथुरापुर बाजार के लाल बाबु स्मृति सभागार में पराजय के पश्चात समीक्षा सह आभार बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गुरूआ विधान क्षेत्र के परैया, गुरूआ, गुरारू प्रखण्डों के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। बैठक में जनसुराज प्रत्याशी की हार एवं काफी कम वोट आने की विषयवस्तु पर गहन विचार विमर्श किया गया।

उपस्थित लोगों ने पराजय के कारणों का अपने-अपने ढंग से विश्लेषण किया। बैठक की अंतिम दौर में जनसुराज प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह ने उपस्थित समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो राजनैतिक दल सत्ता में है उसे सत्ता से हटाना मुश्किल हीं नहीं नामुमकिन हो चुका है। कारण सत्तारूढ़ पार्टी चुनाव के समय सरकारी राशियों का ऐन मौके पर दुरूपयोग कर आमजनों को भरमा रही है ।जैसा कि बिहार में किया गया। बिहार हीं नहीं पूरे देश में इस तरह की मुफ्त की रेवड़ियां



बांट कर चुनाव में जीत हासिल करने का प्रचलन चल चुका है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए काफी घातक है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे में कोई भी सतारूढ़ पार्टी कभी चुनाव में पराजीत नहीं हो सकती जाहे उसका कार्यकाल जैसा भी रहा हो। इसके लिए व्यापक रूप में जनआन्दोलन की आवश्यकता है। बिहार में विरोधी दल को इस तरह की कार्यशैली का विरोध करते हुए जनांदोलन करने की आवश्यकता है। मेरे द्वारा इस चुनाव आचार संहिता के दरम्यान बांटी गई रेवड़ियां के विरुद्ध जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर से बात कर आंदोलन चलाया जाएगा। कानूनी रूप से या राजनैतिक रूप से यह व्यवस्था होनी चाहिए कि कोई भी सतारूढ़ दल चुनाव के छः माह पूर्व तक आम जन को फायदा के लिए कोई घोषणा, राशि का वितरण, प्रलोभन, वेतन-वृद्धि, प्रमोशन आदि नहीं कर सकता। आगे हिजाब के मुद्दे पर कहा कि मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक महिला डॉक्टर का हिजाब खिंचकर गलत किया है ।उनको यदि कोई शंका था तो हिजाब हटाने के लिए बोलना चाहिए था न कि खिंचना।

श्री सिंह ने मूल अति पिछड़ा वर्गों को आगे की लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वान करते हुए कहा कि मूल अतिपिछड़ों में सरकार द्वारा संपन्न जातियों को सम्मिलित करना इनके साथ अन्याय है। आगे कहा कि सरकार ने गुरारू चीनी मिल की जमीन को टुकड़े-टुकड़े में उधोग के नाम पर बंदरबांट कर दिया गया है। इससे क्षेत्र की जनता को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। सरकार द्वारा नई चीनी मिल्स की स्थापना की घोषणा की गई है जिसमें गुरूआ विधानसभा क्षेत्र को एक चीनी मिल्स की स्थापना का अधिकार है

# मगध पुस्तक मेला के तीसरे दिन ज्ञान, संगीत और संस्कृति का भव्य संगम

## अध्ययन से ही एक समावेशी, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है : पूर्व सांसद अरुण कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे दिन कार्यक्रमों की श्रृंखला ज्ञान, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों से सराबोर रही है। दिन के प्रथम सत्र में मगध मेधा कंपटीशन के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं महाविद्यालय स्तर पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

विद्यालय स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण रहा, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता, संवेदनशीलता और विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। वहीं महाविद्यालय स्तरीय गायन प्रतियोगिता में 40 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा से न केवल उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि निर्णायक मंडल को भी समूह प्रस्तुतियों की गुणवत्ता और भाव-प्रवणता से प्रभावित किया है।

जहानाबाद के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ जदयू नेता डॉ. अरुण कुमार ने मगध पुस्तक मेला में शिरकत की। इस अवसर पर गैलेंट इंडिया फाउंडेशन के कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा उन्हें अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

माननीय ने स्लम एरिया में संचालित प्रगति केंद्र के पुस्तक मेला परिसर में बने स्टॉल का उद्घाटन किया जहां पुस्तक के बदले कोई भी पुस्तक आप बदल सकते हैं।

उ अपने संबोधन में डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि पुस्तक मेले ज्ञान, संस्कृति और वैचारिक समृद्धि के सशक्त माध्यम हैं, जो समाज में पढ़ने-लिखने की परंपरा को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से पुस्तकों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अध्ययन से ही एक समावेशी, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। साथ ही उन्होंने मगध पुस्तक मेला के सफल आयोजन हेतु आयोजकों को



बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करते हैं।

विशेष रूप से गीत-संगीत को समर्पित रहा, जिसकी थीम जश्न-ए-महफिल थी। इसके अंतर्गत गीत-संगीत से जुड़े कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। रात्रिकालीन सत्र में ऋषि कुमार, शशि दुबे एवं टीम द्वारा देशभक्ति गीतों, सूफी गायन और गजलों की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है।

सांस्कृतिक संध्या में युवा गायिका सुश्री शालिनी ने अपने सुमधुर गायन और पारंपरिक लोक गीतों की प्रस्तुति से पूरे पंडाल को लोक रंग में रंग दिया है। वहीं लोक गायिका सुश्री पायल की गायकी पर दर्शक देर तक तालियाँ बजाते रहे हैं। उनके गीतों में लोक संस्कृति, सामाजिक भावनाएँ और जनजीवन की जीवंत झलक देखने को मिली, जिसने हर आयु वर्ग के श्रोताओं को आकर्षित किया है।

*कल के कार्यक्रमों की रूपरेखा के अनुसार मगध मेधा कंपटीशन के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर ड्राइंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता तथा महाविद्यालय स्तर पर नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

एजुकेशन स्पेशल के रूप में मनाया जाएगा, जो ज्ञान की संस्कृति को समर्पित होगा। इसके अंतर्गत विशेष शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कल अपराह्न सत्र में कठपुतली एवं पुतली कला की विशेषज्ञ अलका सक्सेना द्वारा पुतली कला पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें बच्चे भाग लेकर स्वयं कलाकृतियाँ बनाना सीखेंगे। संध्या सत्र में तीरंदाजों की प्रस्तुति तथा इसके पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। मगध पुस्तक मेला निरंतर ज्ञान, कला, संस्कृति और युवाओं की प्रतिभा को एक साझा मंच प्रदान करते हुए जनमानस को साहित्य और रचनात्मकता से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

# वीर बाल दिवस पर रक्तदान शिविर

## डॉ. प्रेम कुमार ने किया रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** वीर बाल दिवस के अवसर पर गया जी स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा में खालसा ब्लड डोनर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार ने सहभागिता की और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वीर बाल दिवस सिख इतिहास के अमर वीर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान की स्मृति का दिवस है। अत्यंत कम आयु में भी उन्होंने धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन अत्यंत सार्थक है, क्योंकि रक्तदान वास्तव में जीवनदान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकता है और यह मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है। डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की सराहना करते हुए कहा कि संस्था वर्षों से आपदा राहत, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। गया जिला शाखा द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में सेवा, करुणा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने सभी रक्तदाताओं को नमन करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की तथा मानवता की सेवा के इस अभियान को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष खालसा ब्लड डोनर शुभम श्रीवास्तव, डॉक्टर रामसरिक सिंह, विश्वनाथ मेहरवार, करुणा सिंह, रणधीर केसरी, गौतम कुमार, बंटी वर्मा, टिंकू गोस्वामी, रवि केसरी, नीलम मिश्रा, राजनंदन गांधी, अमित लोहानी, कृष्णा साहू, मुन्ना शर्मा, विद्यार्थी परिषद से मोहित सिंह, धीरज केसरी, अभिषेक निराला, अमित कुमार स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में रक्तदाता, समाजसेवी, रेड क्रॉस के पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संपादकीय

# नाम जुड़वाने का मौका अभी भी

मप्र में एसआईआर के बाद जारी मतदाता सूची में करीब 8 फीसदी वोटर सूची से बाहर हो गए हैं। अन्य राज्यों की तुलना में यह आंकड़ा हालांकि बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन एसआईआर में गड़बड़ियों की शिकायतें भी आई हैं। चुनाव आयोग द्वारा 23 दिसंबर को जारी मतदाता सूची में मृत मतदाताओं के सर्वाधिक नाम जबलपुर जिले में पाए गए तो सर्वाधिक नाम जिन शहरों में कटे वो भोपाल और इंदौर हैं। इसी तरह मल्टीपल एंट्री में बुरहानपुर अव्वल रहा। आयोग के मुताबिक जबलपुर में 51 हजार 357 वोटर्स के नाम लिस्ट में थे, जिनकी मौत हो चुकी है। मल्टीपल एंट्री में बुरहानपुर ने बड़े शहरों को पीछे छोड़ दिया है। 23 हजार 594 वोटर्स के नाम एक से अधिक जगह पर दर्ज हैं। वोटर शिफ्टिंग के मामलों में भोपाल प्रदेश में अव्वल रहा। गौरतलब है कि यह एसआईआर का प्रारंभिक चरण था। इस चरण में राज्य में कमजोर या धीमे नेटवर्क वाले क्षेत्रों की पहचान की गई। ऐसे क्षेत्रों के बीएलओ को मजबूत नेटवर्क वाले स्थानों पर जमा होकर गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की सुविधा प्रदान की गई, जिससे काम समय पर पूरा किया जा सके।

चुनाव आयोग के मुताबिक, ड्राफ्ट में प्रदेश के 42.74 लाख वोटर्स बाहर हो गए हैं। राज्य में जिन 42.74 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उनमे 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं हैं। प्रदेश में 8 लाख 65 हजार 832 ऐसे मतदाता हैं, जिनसे आयोग संपर्क नहीं कर पाया। इनका डेटा 2003 की एसआईआर सूची से मिलान नहीं हुआ। प्रदेश के 8.65 लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस जारी होना शुरू हो गए हैं। उन्हें चुनाव आयोग के तय 11 दस्तावेजों को बीएलओ के समक्ष पेश करना होगा। इसके आधार पर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ सकेगा। नो मैपिंग के मामले में इंदौर जिला सबसे आगे है। वहां ऐसे 1 लाख 33 हजार 696 वोटर्स हैं। आयोग के अनुसार जो युवा मतदाता 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे ऑफलाइन या ऑनलाइन अपना नाम जुड़वा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट ड्ढश्व्रह्लद्गह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म- 6 भरना होगा। इसके साथ ही ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। एसआईआर ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति की प्रक्रिया चलेगी। इस अवधि में वास्तविक मतदाता अपना नाम जुड़वा सकते हैं या आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। एसआईआर में कुल 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 मतदाताओं में से 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 983 मतदाताओं के गणना पत्रक आयोग को मिले। इस एसआईआर में राज्य के 6 राजनीतिक दलों ने 1 लाख 35 हजार 882 बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए हैं। वैसे मतदाता सूची में मतदाता अपने नाम दो तरीकों से जांच सकते हैं। यदि आपका नाम पुरानी सूची में था, लेकिन अब नहीं है तो इसका मतलब है कि सत्यापन के दौरान किसी कारण (जैसे पते पर न मिलना, डुप्लीकेसी या तकनीकी गलती) से आपका नाम हटा दिया है। अपना नाम दोबारा जुड़वाने के लिए दावा कर सकते हैं। इसके लिए फॉर्म-6 भरना होगा। जो ऑन लाइन नहीं भर सकते, वो बीएलओ से संपर्क कर ऑफ लाइन भी भर सकते हैं। इसका अर्थ यही है कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने की अभी भी संभावना है। बशर्तें कि आपके पास आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। मप्र में एसआईआर की यह प्रक्रिया मोटे तौर पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। लेकिन इसका दुखद पक्ष तीस से अधिक बीएलओ की आत्महत्या का रहा, जो काम के बोझ को सह नहीं पाए और अवसाद में आकर जान दे दी। चुनाव आयोग और सरकार को इनके परिवारों के बारे में सहानुभूति से विचार करना चाहिए।

# 2026 के लिए क्या कहती हैं भविष्यवाणियां

**साल 2025 खत्म होने वाला है और 2026 आ रहा है। साल 2026 के बारे में भविष्यवक्ता 'क्रिस्टल बॉल' क्या कहती है? महत्वपूर्ण भविष्यवाणियों में मशहूर फ्रांसीसी भविष्यवक्ता नोस्ट्राडेमस की भविष्यवाणियां शामिल हैं, जिनकी भविष्यवाणियों की अलग-अलग तरह से व्याख्या की गई है। भविष्यवाणी की गई घटनाओं में दो विश्व युद्ध, हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बमबारी और अमरीका में 9/11 के आतंकवादी हमले शामिल हैं, ये सभी भविष्यवाणियां 1555 में लिखी गई थीं। उनके लेखों की अस्पष्ट भाषा कई तरह की व्याख्याओं को जन्म देती है और इतिहासकार अक्सर उनकी भविष्यवाणियों की विश्वसनीयता पर बहस करते हैं।**

**कल्याणी शंकर**

2026 के लिए नोस्ट्राडेमस की भविष्यवाणियां महत्वपूर्ण वैश्विक अशांति का संकेत देती हैं। पूर्व और पश्चिम के बीच संघर्ष बढ़ेंगे, जिससे एक बड़ा युद्ध हो सकता है, जो लगभग 7 महीने तक चल सकता है। वह स्विट्जरलैंड के टिसिनो क्षेत्र में खून-खराबे की भी चेतावनी देते हैं। कुछ व्याख्याओं का कहना है कि एक शक्तिशाली 'प्रकाश का आदमी' दिखाई देगा, साथ ही और भी जलवायु आपदाएं और तकनीकी बदलाव होंगे। बाबा वेंगा, एक प्रतिष्ठित बल्गारियाई भविष्यवक्ता, ने भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और गंभीर जलवायु परिवर्तन सहित महत्वपूर्ण आपदाओं के बारे में अपनी भविष्यवाणियों के लिए पहचान हासिल की। ये पर्यावरणीय बदलाव बाढ़, सुनामी और अन्य चरम घटनाओं का कारण बन सकते हैं, जो संभावित रूप से दुनिया भर के क्षेत्रों और सैक्टरों को प्रभावित कर सकते हैं, जिनमें कृषि, बुनियादी ढांचा और आपदा तैयारी शामिल है। हालांकि इन विचारों की वैज्ञानिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है लेकिन उनके संभावित प्रभावों पर विचार करने से हमें भविष्य के जोखिमों को समझने में मदद मिलती है। अगले साल, विभिन्न देशों में 10 चुनाव होने वाले हैं। वे हैं- इथियोपिया, अमरीका, म्यांमार, दक्षिण सूडान, गाम्बिया, सूडान, रूस, जाम्बिया, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड। दुनिया भर में हर 100 लोगों में से लगभग 7 से 8 लोग इन घटनाओं से प्रभावित हो सकते हैं, जो दिखाता है कि कितने लोग प्रभावित हो सकते हैं। इन विचारों में एक मजबूत वैज्ञानिक आधार की कमी है। हमें यह सोचने की जरूरत है कि ये अवधारणाएं समाज को कैसे प्रभावित करती हैं।




भारत भी पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। पश्चिम बंगाल में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती दे रही है। तमिलनाडु में, अन्नाद्रमुक गठबंधन द्रमुक को सत्ता से हटाने की कोशिश कर रहा है लेकिन द्रमुक मजबूत और एकजुट बनी हुई है। केरल में, भले ही भाजपा फूट डालने की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्य लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट (एल.डी.एफ.) और यूनाइटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट (यू.डी.एफ.) के बीच बंटा हुआ है। असम में, जहां अभी भाजपा सत्ता में है, आने वाले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस पार्टी राज्य में अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए मुकाबला करेंगी। भले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है, फिर भी इसके मजबूत बने रहने की उम्मीद है, जिससे निवेशकों को भरोसा मिलता है। आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) में निवेश के कारण विकास दर में सुधार होना चाहिए। अलग-अलग मौद्रिक नीतियों और ज्यादा सार्वजनिक कर्ज पर भी नजर रखनी जरूरी है।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि रूस और चीन संसाधनों के लिए मुकाबला कर रहे हैं, जिससे संभावित रूप से संघर्ष हो सकते हैं। यह नोस्ट्राडेमस की राजनीतिक अस्थिरता के बारे में चेतावनियों से मेल खाता है। बुल्गारियाई भविष्यवक्ता बाबा वेंगा ने भी अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में सावधानी बरतने की सलाह दी थी। 2026 तक, विशेषज्ञों को उम्मीद है कि वैश्विक आर्थिक विकास धीमा हो जाएगा। यह मंदी शायद व्यापार तनाव और जनसांख्यिकीय बदलावों, खासकर विकसित देशों में बढ़ती उम्र की आबादी के कारण होगी। अमरीका में 2.2 प्रतिशत की दर से विकास होने का अनुमान है, जो उसकी अर्थव्यवस्था के सामने मौजूदा चुनौतियों को दर्शाता है। गोल्डमैन साक्स रिसर्च का अनुमान है कि 2026 तक, ज्यादातर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में पहले की तुलना में तेजी से विकास होगा। अमरीका के लिए दृष्टिकोण मजबूत है, जो हाल के टैक्स बदलावों, बेहतर वित्तीय स्थितियों और कम टैरिफ के कारण है। भारत में, मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है, जिससे सामर्थ्य के बारे में महत्वपूण चिंताएं बढ़ रही हैं, खासकर चल रहे व्यापार तनाव और नीतिगत बदलावों के बीच। हालांकि, आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस में बढ़े हुए निवेश के साथ-साथ कम टैरिफ से उत्पादकता बढने और महत्वपूर्ण आर्थिक विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वित्तीय वर्ष 2026 और उसके बाद के लिए भारत का आर्थिक दृष्टिकोण वैश्विक टैरिफ झटकों और घरेलू नीतियों की प्रभावशीलता से प्रभावित होगा। 2047 तक विकसित देश का दर्जा हासिल करने के लिए, सरकार को घरेलू विकास को बढ़ावा देने, विदेशी निवेश आर्ज़षित करने और वैश्विक बाजारों तक पहुंच का विस्तार करने के बीच संतुलन बनाना होगा। भारतीय आर्थिक दृष्टिकोण वैश्विक टैरिफ झटकों और अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए घरेलू बफर्स और नीतिगत उपायों की क्षमता के बीच तालमेल को दर्शाता रहेगा, जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। 2026 में, भारत की विदेश नीति 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट' पहलों पर जोर देते हुए मल्टी-अलाइनमैंट रणनीति को लागू करना जारी रखेगी। देश क्वाड (क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग) के जरिए अमरीका और यूरोप, खासकर जर्मनी के साथ रक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाकर अपनी रणनीतिक सांझेदारी को मजबूत कर रहा है। इसके अलावा, भारत 2026 में अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता का इस्तेमाल ग्लोबल साऊथ के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए करना चाहता है, साथ ही प्रमुख शक्तियों, खासकर अमरीका और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता को भी संबोधित करना चाहता है। यह नीतिगत ढांचा बदलती वैश्विक गतिशीलता के बीच रणनीतिक स्वायत्तता और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए कनैक्टिविटी, डिजिटल कूटनीति और जलवायु परिवर्तन में पहलों को भी प्राथमिकता देता है।

संक्षेप में, भारत की 2026 की विदेश नीति मुखर कूटनीति, मजबूत सांझेदारी बनाने, ग्लोबल साऊथ का नेतृत्व करने और एक जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय विकास सुनिश्चित करने के बारे में है, जो व्यावहारिकता और 'भारत के वैश्विक पदचिन्ह' पर स्पष्ट फोकस द्वारा चिन्हित है। कुल मिलाकर, 2026 में भारत के लिए मजबूत घरेलू मांग, सरकारी नीतिगत समर्थन और बढ़ते डिजिटल और हरित ऊर्जा बुनियादी ढांचे के कारण मजबूत आर्थिक विकास और बढ़ती वैश्विक प्रमुखता का वर्ष होने का अनुमान है। हालांकि, इस वर्ष कुछ चुनौतियां भी आने की उम्मीद है, जिनमें वैश्विक व्यापार में अस्थिरता और रोजगार बाजार में थोड़ी मंदी शामिल है।

अध्यात्म

## दूसरों की नकारात्मक बातों पर ध्यान न दें, सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें

एक संत और उनका शिष्य अलग-अलग गांवों में यात्रा करते रहते थे। संत बहुत विद्वान और दयालु थे और उनके उपदेश सुनने के लिए दूर-दूर से लोग आते थे। उनके प्रवचन लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते थे। एक दिन, वे एक छोटे से गांव में पहुंचे। वहां संत अपने ज्ञान और उपदेशों के कारण बहुत प्रसिद्ध हो गए। उनके दर्शन करने के लिए काफी लोग आने लगे। ये देखकर गांव का एक अन्य पुजारी असुरक्षित महसूस करने लगा। उसे डर था कि संत की वजह से उसके भक्त कम हो जाएंगे।

पुजारी ने अपनी असुरक्षा और ईर्ष्या के कारण संत का दुष्प्रचार शुरू कर दिया। वह गांव वालों से संत की बुराई करने लगा। धीरे-धीरे कुछ लोग संत के प्रति नकारात्मक हो गए और उनकी बातों को फैलाने लगे।

संत के शिष्य ने यह सब सुना और बहुत गुस्सा हुआ। उसने तुरंत गुरु के पास जाकर सारी बातें बताईं और कहा कि गुरुजी, लोग हमारे खिलाफ हैं। हमें क्या करना चाहिए?

संत ने शांति से शिष्य की बात सुनी और कहा कि बेटा, हमें दूसरों की नकारात्मक बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हमें सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

शिष्य को संत की बात समझ में नहीं आई और उसने फिर भी अपने गुस्से को व्यक्त किया। तब संत ने उसे समझाने के लिए एक उदाहरण दिया कि जब हाथी गांव में आता है, तो सारे कुत्ते भौंकने लगते हैं, पर क्या हाथी पर इसका कोई असर होता है? वह अपनी मस्त चाल से चलता रहता है। हमें भी वैसे ही अपने रास्ते पर चलते रहना चाहिए। बुराई करने वाले लोग हमेशा रहेंगे, लेकिन अगर हम अपने काम में सच्चे और ईमानदार रहेंगे, तो हमारा सम्मान बढ़ेगा और बुराई करने वाले लोगों के शब्द खुद ही निष्फल हो जाएंगे।

संत की बात सुनकर शिष्य का मन शांत हो गया। उसने समझ लिया कि जीवन में सफलता और शांति के लिए दूसरों की नकारात्मकता पर ध्यान नहीं देना चाहिए और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना ही सबसे बड़ा मंत्र है, ऐसा करने पर ही जीवन में शांति आ सकती है।

# जीवन एक खाली कैनवास, हम इसमें रंग भरने वाले चित्रकार

**आत्मनिर्भरता का अर्थ है अपने जीवन को स्वयं नियंत्रित करना और अपने निर्णय स्वयं लेना। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में स्वतंत्रता और आत्मविश्वास प्राप्त करता है। इसके कई लाभ हैं, जिनमें आत्मविश्वास, स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और आर्थिक स्थिरता शामिल हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में बेहतर निर्णय ले सकता है। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में बेहतर निर्णय ले सके। आत्मनिर्भरता के लिए कुछ आवश्यक कौशल हैं, जिनमें निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, आत्म-प्रबंधन और संचार कौशल शामिल हैं। हमें अपने साथ संतुष्ट रहना सीखना होगा और अपने जीवन को स्वयं नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने होंगे।**

**अखिलेश कुमार मौर्य**

जीवन एक अनोखा सफर है, जो हमें नए अनुभवों, नई चुनौतियों और नई संभावनाओं से भर देता है। यह एक ऐसा रंगमंच है, जहां हर इंसान अपनी कहानी खुद लिखता है। जीवन का कोई निश्चित अर्थ नहीं है, लेकिन हमें अक्सर बताया जाता है कि जीवन का मकसद क्या है। दरअसल, जीवन का अर्थ हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग होता है। किसी को खूब पैसे कमाने होते हैं, तो किसी को खूब नाम कमाना होता है।

जीवन एक खाली कैनवास है और हम ही वह चित्रकार हैं, जो इसे रंगों से भर सकते हैं। यह एक मौका है, जब अपने लिए एक नया अर्थ, एक नया रास्ता बनाने के लिए अपनी कहानी के कैनवास में रंग भर सकते हैं। हम अपने सपनों को सच करने की हिम्मत कर सकते हैं, अपने डर को गले लगाकर उसे ताकत में बदलने की कोशिश कर सकते हैं। जो समाज के बनाए बेबुनियाद नियमों से ऊपर उठता है, जो अपनी कमजोरियों को चुनौती देता है और अपने भीतर की अनंत संभावनाओं को खोजता है, वही अपने सपनों तक पहुंच पाता है।

हम सबके भीतर वह शक्ति है कि हम सामान्य से असाधारण बन सकें, लेकिन इसके लिए हमें अपने डर, शक और समाज की उन रूढ़ियों को तोड़ना होगा, जो हमें जकड़ती हैं। अपने आप को बार-बार नया बनाने और हर दिन एक बेहतर इंसान बनने की कोशिश करने की जरूरत है। हर दिन खुद से पूछना चाहिए कि क्या मैं आज वह इंसान हूं जो कल था। दुख और पीड़ा से कोई नहीं बच सकता, लेकिन इनसे भागने की जरूरत नहीं है।

पीड़ा हमारी दुश्मन नहीं, बल्कि गुरु है। हर दुख, असफलता, हमें कुछ सिखाती है। बल्कि जीवन में जब भी दुख आता है, तब वह एक तरह से व्यक्ति को मांजता है और जीवन के अगले अध्याय को बेहतर तरीके से जीने की राह खोजने की ओर प्रवृत्त करता है। दुख की अपेक्षा कोई नहीं करना चाहेगा, लेकिन सुख की महत्ता तभी समझ में आती है, जब दुख से गुजरना होता है।

जब जीवन नीचे गिराए, तो उठ कर और मुस्कराकर आगे बढ़ना चाहिए। जीवन एक नृत्य है, संगीत है, जिसे हमें अपने तरीके से जीना चाहिए। समाज हमें नियमों में बांधना चाहता है कि यह करो, वह मत करो, लेकिन यह वही वक्त होता है, जब हमें थोड़ा ठहर कर सोचना चाहिए और अपने दिल की सुननी चाहिए।

बस इतना जरूरी है कि हमारे दिल की बात के समांतर किसी और का दिल न दुखे या उसकी जिंदगी बाधित न हो। जीवन का आनंद उसकी आजादी में है, उसकी रचनात्मकता में है। यह आनंद अकेले नहीं, बल्कि दूसरों के साथ है। प्रेम, दोस्ती और रिश्ते, ये वे रंग हैं, जो हमारे जीवन को और खूबसूरत बनाते हैं।

प्रेम वह नहीं, जो हमें कमजोर बनाए। सच्चा प्रेम वह है, जो हमें और मजबूत बनाए, जो हमें हमारे असली स्वरूप को खोजने में मदद करे। अपने रिश्तों में ईमानदार रहा जाए और उन लोगों



को चुना जाए, जो हमें ऊपर उठाएं, न कि नीचे खींचें। अपने कर्मों को इतना बड़ा करना चाहिए कि वे समय की सीमाओं को पार करें।

हमारा हर कदम, मेहनत, सपना हमें अमर बना सकता है। अपने आप को इतना मजबूत बनाना चाहिए कि हमारी कहानी दुनिया को प्रेरणा दे। अपने भीतर दया, करुणा और प्रेम मानवता के तीन महत्त्वपूर्ण पहलू को शामिल कर लेना चाहिए, जो हमारे जीवन को समृद्ध और अर्थपूर्ण बनाते हैं। ये गुण हमें दूसरों के साथ जुड़ने, उनकी जरूरतों और भावनाओं को समझने और उनकी मदद करने के लिए प्रेरित करते हैं।

जब हम दया, करुणा और प्रेम दिखाते हैं, तो हम दूसरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और अपने जीवन को अधिक अर्थपूर्ण बना सकते है। ये गुण हमें दूसरों के साथ जुड़ने और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करते हैं।

जीवन एक चुनौती है, एक अवसर है, और सबसे बढ़कर, एक उपहार है। किसी भी स्थिति में इसे बेकार नहीं गंवाना चाहिए। अपने भीतर जीने की आग को जलाए रख कर अपने तरीके से जीने की हिम्मत करने और अपने सपनों को सच करने की कोशिश करने की जरूरत है। जीवन का आनंद उसकी आजादी में है, रचनात्मकता में है और दूसरों के साथ है। अगर हमारे भीतर एक सुखी और सफल जीवन जीने की भूख है, तो हमें दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर रहना होगा। आत्मनिर्भरता एक सबसे महत्त्वपूर्ण गुण है, जो हमें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है।

आत्मनिर्भरता का अर्थ है अपने जीवन को स्वयं नियंत्रित करना और अपने निर्णय स्वयं लेना। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में स्वतंत्रता और आत्मविश्वास प्राप्त करता है। इसके कई लाभ हैं, जिनमें आत्मविश्वास, स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और आर्थिक स्थिरता शामिल हैं।

इससे आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में बेहतर निर्णय ले सकता है। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में बेहतर निर्णय ले सके।

आत्मनिर्भरता के लिए कुछ आवश्यक कौशल हैं, जिनमें निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, आत्म-प्रबंधन और संचार कौशल शामिल हैं। हमें अपने साथ संतुष्ट रहना सीखना होगा और अपने जीवन को स्वयं नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने होंगे। हमें अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने और उनके लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**वृषभ**
आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। रुके हुये सरकारी कार्य आज पूरे हो जायेंगे। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहने वाले हैं।

**मिथुन**
आज काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिये नये काम की शुरूआत न करें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आयेगी।

**कर्क**
आप परिवार को महत्व देंगे। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबन्धों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**सिंह**
यदि आप किसी काम को टालते हैं तो भविष्य में भी उसके टलने की सम्भावना बढ़ जायेगी। सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे।

**कन्या**
आज आप वही काम करना पसन्द करेंगे, जो आपका शौक बन गया हो। समझदारी पूर्वक स्थितियों को सम्भालने का प्रयास करें। अधूरे कार्यों को समय पर निपटा पायेंगे।

**तुला**
लेन-देन में की गयी जल्दबाजी आपको आर्थिक हानि पहुँचा सकती है। व्यर्थ दौड़धूप करनी पड़ेगी, लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

**वृश्चिक**
व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा। नौकरीपेशा लोगों का ट्रान्सफर हो सकता है।

**धनु**
आपकी कुछ महत्वपूर्ण वस्तुयें गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध करेंगे। जोखिम भरे निवेश करने से आपको बचना चाहिये। पेट में एसिडिटी की शिकायत हो सकती है।

**मकर**
व्यवसाय में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। भाई-बन्धुओं के बीच आत्मीयता की भावना बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपको नये अनुभव मिलेंगे।

**कुंभ**
कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ेगी। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं।

**मीन**
आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप अत्यन्त सक्रिय रहेंगे।

# कृषि मंत्री रामकृपाल यादव का किया गया अभिनंदन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सरारी पंचायत के दरियापुर गांव में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव को भव्य अभिनंदन किया गया. कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमारी सरकार हर समय किसानों के साथ खड़ी है, चाहे सुख हो या दुख. हम किसानों की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान में पूरी मजबूती से साथ देंगे. किसानों को अब कोई भी परेशान नहीं कर पाएगा. सरकार ने इस बात को सुनिश्चित किया है कि हर किसान को अपनी मेहनत का उचित मूल्य मिले और कोई भी बाहरी तत्व उनके अधिकारों का हनन न कर पाए. श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कृषि और किसानों के उत्थान के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों का जिक्र किया. मंत्री ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनका कल्याण हमारी प्राथमिकता है. सरकार किसानों की हर जरूरत को समझती है और उनके लिए समय पर, पारदर्शी और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं. दरियापुर के किसानों ने जल निकासी के लिए आवेदन दिया और स्कूली बच्चियों को आने-जाने में कठिनाईयों के मुद्दे उठाये गये. इस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जायेगा. मौके पर विधायक कृष्ण कुमार मंटू, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष अवधेश सिंह, भाई सनोज यादव , जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह, पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, लोजपा जिलाध्यक्ष चंदन यादव, नित्यानंद सिंह, दीपक कुमार, कृष्ण मुरारी, मुरली मनोहर सिंह, शैलेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, मुखिया संतू कुमारी, पैक्स अध्यक्ष सागर कुमार, अरविंद सिंह, हर्ष पटेल, आयुष पटेल, भाजपा नेता सुबोध यादव, भुनेश्वर सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद थे.





## संक्षिप्त समाचार

### वीर बाल दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वीर बाल दिवस के अवसर पर नगर परिषद कार्यालय में शुक्रवार को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया. प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. बच्चों ने साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति और साहस का पेंटिंग के माध्यम से संदेश दिया. पेंटिंग के माध्यम से इन मूल्यों को प्रस्तुत किया. प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है.मौके पर परिषद के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार , रोकडपाल सुभाष कुमार , विजय कुमार समेत कर्मी मौजूद थे.



### बाढ़ में आज रहेगी 3 घंटे बिजली बाधित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में शनिवार को 11 बजे से 2बजे दोपहर तक 132-33 केवी, ग्रिड सबस्टेशन ,बाढ़ शहरी के मेंटेनेंस के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बाढ़ शहर,कोर्ट एरिया , भेंटगांव, जलगोविंद, अचुआरा, दक्षिणीचक , बेढ़ना, नदमा, सहरी, राणाबीघा, पंडारक,गोवासा, बिहारीबीघा इत्यादि क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

### बिजली चोर गिरोह को खदेड़ा, बाइक और तार बरामद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ पुलिस ने गश्ती के दौरान पोल से बिजली तार काटने के दौरान अपराधियों को खदेड दिया। मौके पर बाइक, तार काटने का ब्लेड और बोरे में चोरी किया गया तार का बंडल बरामद किया गया है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर रविंदर कुमार ने बाइक चालक एवं अज्ञात अपराधियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बेढ़ना गांव के पास रोड किनारे ऊपरी पुल के पास चार-पांच लोग बिजली पोल पर चढ़कर अल्मुनियम तार काट रहे थे। पुलिस ने जब घेराबंदी की तो सभी अपराधी भाग निकले। खेत में तलाशी के दौरान सामान मिला। इस क्षेत्र में लगातार अपराधियों द्वारा बिजली तार काटने की घटनाएं हो रही है।

### मॉल के पास से बाइक चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के स्टेशन रोड में स्थित एक मॉल के सामने लगाई गई बाइक को अपराधियों ने चोरी कर लिया। इस बाबत बख्तियारपुर के चकदौलत गांव निवासी मिथिलेश पासवान ने शिकायत दर्ज कराई है। वहीं दूसरी तरफ भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दरबे निवासी अजय कुमार सिंह के खेत से अपराधियों ने सिंचाई के लिए लगाया गया पंपिंग सेट चोरी कर लिया ।

### बाढ़ एनटीपीसी ऑडिटोरियम गोदाम से लाखों का एयर कंडीशनर चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के टाउनशिप एरिया में बनाए जा रहे ऑडिटोरियम के कार्य स्थल के गोदाम में रखे गये लाखों का एयर कंडीशनर सिस्टम चोरी कर लिया गया। हैरत की बात यह है कि पूरे एरिया में निजी और सीआईएसएफ की सुरक्षा व्यवस्था है। इसके बावजूद चोरी की वारदात हो गई। जानकारी के अनुसार ऑडिटोरियम में लगाने के लिए चार एयर कंडीशनर सिस्टम एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा डीएनबी इंडस्ट्रियल सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दिया गया था।इसे कंपनी के कर्मचारियों ने ऑडिटोरियम के गोदाम में रख दिया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक सिविल संदीप पटेल ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की जिसके बाद अज्ञात अपराधियों पर केस करने का निर्देश दिया। इसके बाद कंपनी के उत्तर प्रदेश निवासी साइट इंजीनियर ओमवीर सिंह ने एनटीपीसी थाने में केस दर्ज कराया है। कंपनी का कहना है कि इसके पूर्व भी कई बार ऑडिटोरियम एरिया से चोरी हो चुकी है ।पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की है ।अंदेशा है कि कंपनी से जुड़े कामगार इस घटना में शामिल हो सकते हैं। बहरहाल घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है।

### पूर्व विधायक ने की कार्यकर्ता के साथ बैठक

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को पड़ावपर के पास कम्युनिटी हॉल में भाजपा नेता व पूर्व विधायक प्रो. श्रीकांत निराला के नेतृत्व में कार्यकताओं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनेर और बिहटा के अंतर्गत मनेर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने बीजेपी नेतृत्व से मांग किया कि पार्टी में मनेर का भी प्रतिनिधित्व दे, जिससे कार्यकताओं का मनोबल बना रहे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रो. श्रीकांत निराला ने कहा कि युवा चेहरा नितिन नवीन को बीजेपी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से कार्यकताओं में नया जोश उमड़ गया है। हर कार्यकर्ता यह मान रहे हैं कि बीजेपी कार्यकताओं की पार्टी है और छोटा कार्यकर्ता भी पार्टी के सर्वोच्च पद पर जा सकता है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास तेजी से हो रहा है। मौके पर समाजसेवी प्रशांत निराला, ई मिथिलेश कुमार, भाजपा नेता शत्रुघ्न सिंह, राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा, द्वारिका चंद्रवंशी, अजय यादव, आनंद यादव, पार्षद विकास कुमार, पार्षद प्रतिनिधि रवि रोशन पाठक, पूर्व पार्षद नागेंद्र कुमार, रविन्द्र सौण्डिक, उपेंद्र कुमार, नागेंद्र सिंह, विनोद सिंह, सुनील स्वर्णकार, चंदन गुप्ता, कृष्ण सिंह, सैयद आसिफ अहमद सहित कई लोग थे।



### दानापुर में 10 सर्कुलर रोड से बंगला खाली कर कृष्ण गौशाला में फूलों के गमले लगाए गए

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भवन निर्माण विभाग ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड स्थित बंगला खाली करने का निर्देश दिया है. 10 सर्कुलर रोड स्थित बंगला खाली कर फूलों का गमला समेत अन्य सामान को नया टोला स्थित कृष्ण गौशाला में लाकर रखा जा रहा है. बताया जाता है कि प्रशासनिक आदेश के बाद 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास से सामान हटाया जा रहा है. देर रात छोटे वाहनों के जरिए पौधों, गमलों और अन्य गार्डन सामग्री को नया टोला स्थित कृष्ण गौशाला में शिफ्ट किया गया है.कृष्ण गौशला में पौधो और फूलों के गमलों को रखा गया है.

### मझौलिया बाजार को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कवायद तेज

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाजार क्षेत्र में जाम, अतिक्रमण और स्वच्छता की समस्या को लेकर थाना परिसर में शुक्रवार को प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ डॉ. राजीव रंजन कुमार ने की। इसमें अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष, शुगर इंडस्ट्रीज के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व व्यवसायी शामिल हुए।बैठक में अस्थायी सब्जी दुकानदारों को दो दिनों के भीतर मुख्य सड़क से दस फीट हटकर दुकान लगाने का निर्देश दिया गया, जबकि स्थायी दुकानदारों को 15 दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई।

### महिला को बंधक बनाकर लाखों की संपत्ति ले उड़े बदमाश

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बहुआरवा पंचायत वार्ड संख्या12 में गुरुवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता संगीता देवी के अनुसार दो युवक पानी पीने के बहाने घर में घुसे और उन्हें बंधक बनाकर नकदी व गहने लूट लिए।बदमाशों ने लगभग 25 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के गहने समेत करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति लूटी और फरार हो गए। सूचना पर सदर एसडीपीओ विवेक दीप के नेतृत्व में पुलिस पहुंची। एफएसएल व डॉग स्क्वायड की मदद से जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

### सिलेंडर फटा, बाल-बाल बचे लोग

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड के चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर ट्रक में खाना बनाते दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि ट्रेलर चालक छोटे चूल्हे पर सिलेंडर के सहारे भोजन बना रहा था, तभी किसी कारणवश सिलेंडर में आग पकड़ ली। आग की लपटें देख आसपास मौजूद लोगों, दुकानदारों और अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए बांस के सहारे जलते सिलेंडर को सड़क किनारे एक गड्ढे में फेंक दिया। कुछ ही देर बाद गड्ढे में ही सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। गनीमत रही कि समय रहते सिलेंडर सड़क से दूर कर दिया गया, जिससे किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई।

# गोल उत्सव 4.0 में जुटे हजारों डॉक्टर, एलुमनाई मीट और भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा गोल एजुकेशन विलेज में 'गोल उत्सव 4.0' के अंतर्गत भव्य एलुमनाई मीट एवं शानदार म्यूजिकल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में गोल इन्स्टीट्यूट के पिछले 28 वर्षों में सफलता प्राप्त कर देश-विदेश में सेवा दे रहे हजारों डॉक्टरों एवं मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया।



इस अवसर पर 1000 से अधिक सफल छात्रों के अभिभावकों तथा विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध म्यूजिकल बैंड एम-सोनिक की प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अवधेश नारायण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि श्री भीम सिंह भावेश की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्री अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि गोल इन्स्टीट्यूट ने शिक्षा को केवल कोचिंग नहीं, बल्कि एक मिशन के रूप में स्थापित किया है। यहाँ से निकले डॉक्टर आज समाज और राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं श्री भीम सिंह भावेश ने कहा कि गोल के एलुमनाई देश की असली शक्ति हैं, जिनकी सफलता लाखों छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में गोल इन्स्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विपीन सिंह ने कहा कि आज गोल परिवार को इतने विशाल रूप में देखकर गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि गोल की स्थापना का उद्देश्य हर उस छात्र की मदद करना रहा है जो डॉक्टर बनने का सपना देखता है और ईमानदारी से प्रयास करता है।

उन्होंने बताया कि पिछले 28 वर्षों में गोल इन्स्टीट्यूट से 18,000 से अधिक छात्रों ने मेडिकल क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिनमें सैकड़ों आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को भी विशेष सहयोग प्रदान किया गया। गोल इन्स्टीट्यूट की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. ममता सिंह ने कहा कि एलुमनाई मीट गोल की 28 वर्षों की शैक्षणिक विरासत का जीवंत प्रमाण है। यह अवसर पूर्ववर्ती छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित करने और वर्तमान छात्रों को सही दिशा व प्रेरणा देने का माध्यम है। असिस्टेंट डायरेक्टर श्री रंजय सिंह ने कहा कि सशक्त टीम के सतत प्रयासों के कारण गोल इन्स्टीट्यूट बिहार-झारखंड का नंबर-1 संस्थान और नीट का 'रिजल्ट फैक्ट्री' बना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गोल आने वाले वर्षों में और भी नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस अवसर पर गोल इन्स्टीट्यूट के विभिन्न ब्रांचों से आए पदाधिकारी संजय आनंद, रंजीत जी, आनंद वत्स, गौरव सिंह, विनीत जी, संजीव जी, अभिषेक जी, अनिल जी, नीकेत वर्द्धन, मयंक, शुभम, पिंटू जी, राहुल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दानापुर में विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचायती राज विभाग बिहार द्वारा आयोजित विशेष ग्राम सभा अकिलपुर पंचायत भवन कार्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित किया गया. जिसमें पंचायत के जनप्रतिनिधियों व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए. ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया मिंता देवी ने की. सभा का संचालन पंचायत रोजगार सेवक हरेराम सिंह ने किया. मौके पर पंचायत सचिच अविनाश सिंह, विकास मित्र नीतू कुमारी, उपमुखिया संतोष राय, वार्ड सदस्य घनश्याम तिवारी, विवेक कुमार, शांति देवी, देवजीत पासवान, सोनी यादव, महादेव दास, रामप्रवेश पासवान, गिरजा पासवान व संजय पासवान समेत दर्जनों ने सरकार की सोच को दाद देते हुए कहा कि विकसित भारत- जी राम जी ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी वाली योजना 125 दिन गरीब, निर्धन मजदूरों को काफी लाभदायक होगा.आने वाले दिनों में जी राम जी योजना से पंचायत का भरपूर विकास होगा. पंचायत रोजगार सेवक ने ग्राम सभा में उपस्थित लोगों को जी राम जी योजना से होने वाले फायदे को विस्तार पूर्वक जानकारी दी.मुखिया प्रतिनिधि वकील यादव ने पंचायत के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार के सबका साथ सबका विकास और मनरेगा योजना से जी राम जी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

# ठंड का प्रकोप,वाहनों की रफ्तार धीमी आलू और टमाटर की फसल हो रही प्रभावित

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। लगातार धुंध के कारण सूरज के दर्शन दुर्लभ हो गए हैं, जिससे पूरा इलाका भीषण ठंड की गिरफ्त में है। इस स्थिति ने आम जनजीवन, यातायात और खेती-किसानी को बुरी तरह प्रभावित किया है। शून्य के करीब दृश्यता के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है।लंबी दूरी की बसें अपने निर्धारित समय से कई घंटे की देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। कोहरे और ठंड का सीधा असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ा है। बाजारों में सन्नाटा पसरा है और दुकानदारों की बिक्री प्रभावित हो रही है। किसानों के लिए यह मौसम संकट लेकर आया है।



लगातार पड़ रहे कोहरे और नमी के कारण आलू और टमाटर की फसलों में 'झुलसा रोग' का प्रकोप शुरू हो गया है।इसके अलावा, सरसों और दलहन की फसलों पर भी पाले का खतरा मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि धूप न निकलने से पैदावार में भारी गिरावट आ सकती है। पशुपालकों को भी कनकनी के कारण चारा लाने और मवेशियों को ठंड से बचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अब पूरी तरह अलाव पर निर्भर हैं।

# मारपीट में वृद्ध व्यक्ति की मौत

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गंगापीपर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक राघो सिंह (60) व शंकर सिंह के बीच पूर्व से भूमि विवाद चल रहा था। घटना के समय शंकर सिंह के परिजनों द्वारा विवादित भूमि पर शेड बनाया जा रहा था। जिसका राघो सिंह द्वारा विरोध किया जा रहा था। इसी क्रम में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें राघो सिंह गम्भीर रूप से चोटिल हो गए। जिसे परिजन इलाज के लिए ढाका रेफरल हॉस्पिटल में ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चिरैया पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि शंकर सिंह, उनकी पत्नी इंदु देवी, पुत्र प्रवीण कुमार व ज्ञाबाबू कुमार ने घटना को अंजाम दिया है।

# सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने किया फुलवारीशरीफ थाना का निरीक्षण, जनता दरबार में सुनीं शिकायतें

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी जिलों में थाना स्तर पर सप्ताह में दो दिन जनता दरबार आयोजित किए जाने के क्रम में शुक्रवार को सीटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह फुलवारीशरीफ थाना पहुंचे. जहां उन्होंने थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याएं सीधे तौर पर सुनीं. जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी-अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं. सीटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने एक-एक मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित अनुसंधानकताओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए. कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि लंबित मामलों में शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया. सीटी एसपी ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का थाना स्तर पर ही त्वरित समाधान करना है, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फरियादियों की शिकायतों में किसी तरह की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान सीटी एसपी ने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति और लंबित कांडों की समीक्षा भी की. उन्होंने अनुसंधान की गुणवत्ता बेहतर रखने, पीड़ितों से संवेदनशील व्यवहार करने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया. जनता दरबार और निरीक्षण के दौरान डीएसपी सुशील कुमार और फुलवारीशरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम भी मौजूद रहे.



# अपर समाहर्ता ने किया लाभुकों में चेक का वितरण











**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला आपदा प्रबंधन शाखा, पूर्वी चम्पारण द्वारा पश्चिम बंगाल राज्य के पूर्व वर्द्धमान जिला में 15/08/2025 को सड़क दुर्घटना में पूर्वी चम्पारण के 11 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी तथा 35 लोग घायल हो गए थे ' इस घटना के पश्चात मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजनों को 2 लाख रुपए तथा घायलों को 50 हजार रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुदान देने की घोषणा की गई थी। इसके आलोक में जिला आपदा प्रबंधन शाखा पूर्वी चम्पारण द्वारा लाभुकों के बीच कुल 39 लाख 50 हजार के अनुग्रह अनुदान के भुगतान के लिए अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा द्वारा चेक वितरण किया गया हैं। इस अवसर पर सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार भी उपस्थित रहे। साथ ही जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निदेर्शानुसार इस घटना से प्रभावित लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से प्रत्येक मृतक को 2 लाख रुपए तथा प्रति घायलों को 50 हजार अनुग्रह अनुदान भुगतान की कार्रवाई की जा रही है, जिसे शीघ्र ही लाभुकों के खाते में भेज दिया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। यह केंद्र पूर्वी चंपारण के समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन में भू-तल पर स्थित है।

# बिहार में ठंड को लेकर अलर्ट, पटना समेत पूरे राज्य में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने एक बार फिर लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है. मौसम विभाग ने पूरे बिहार के लिए घना कोहरा और कोल्ड-डे को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है. 31 दिसंबर से पहले मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं, जिससे ठंड का प्रकोप फिलहाल जारी रहने की संभावना है. मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का सीधा असर बिहार के मैदानी क्षेत्रों पर पड़ रहा है. पहाड़ों से चल रही बफीर्ली पछुआ हवाएं राज्य तक पहुंच रही हैं. इसके साथ ही वायुमंडल में करीब 15 किलोमीटर की ऊंचाई पर जेट स्ट्रीम सक्रिय बनी हुई है, जिसके कारण ठंड और अधिक तीव्र हो गई है. शुक्रवार को राजधानी पटना में सुबह से ही कुहासा छाया रहा. दिनभर धूप नहीं निकली और ठंडी हवाओं के झोंकों से पूरे दिन सिहरन बनी रही. पटना का



अधिकतम तापमान 18.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान किशनगंज में 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं सहरसा राज्य का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भागलपुर में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री और गया में 8.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. पूर्णिया, मधुबनी और भागलपुर समेत कई जिलों में कोल्ड-डे जैसी स्थिति बनी रही. पटना शुक्रवार को सूर्य के किरणें कोहरे के बीच थम गए.वहीं जहानाबाद, गया में दोपहर बाद कुछ देर के लिए धूप खिली लेकिन ठंड से राहत नहीं मिली. पटना सहित कई जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा. कई इलाकों में दृश्यता घटकर 100 मीटर से भी कम हो गई, जबकि कुछ स्थानों पर यह 10 मीटर तक दर्ज की गई. सड़कों पर वाहनों को हेडलाइट जलाकर बेहद धीमी गति से चलना पड़ा. ठंड और कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा. कम दृश्यता के कारण बेंगलुरु-पटना और हैदराबाद-पटना की एक-एक जोड़ी विमान सेवा रद्द करनी पड़ी, जबकि 11 जोड़ी फ्लाइट्स देरी से संचालित हुईं. कुछ विमानों को 3 मिनट से लेकर करीब पौने दो घंटे तक की देरी का सामना करना पड़ा. मौसम विभाग के अनुसार अगले चार से पांच दिनों तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. 27 और 28 दिसंबर को राज्य के कई हिस्सों में घना कोहरा और शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रह सकती है. 29 और 30 दिसंबर को भी ठंड का प्रकोप जारी रहेगा. 31 दिसंबर के बाद ही ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है.

# कुख्यात डकैत छोटू नट साला संग गिरफ्तार, हथियार के साथ ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परसा बाजार थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर कुख्यात डकैत छोटू नट को उसके साला के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्त पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें कई डकैती के संगीन कांड शामिल हैं. पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. गिरफ्तार कुख्यात डकैत की पहचान छोटू नट उम्र करीब 40 वर्ष, पिता वीरन नट, निवासी ग्राम हसनपुरा, थाना बेऊर, जिला पटना के रूप में हुई है. वहीं उसके साथ गिरफ्तार साले की पहचान गोबिंद कुमार उम्र करीब 30 वर्ष, पिता साजन प्रसाद, निवासी ग्राम दीघा पोलसन, थाना दीघा, जिला पटना के रूप में की गई है. पुलिस के अनुसार छोटू नट लंबे समय से पुलिस की नजर से बचकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था. उसकी पत्नी दुर्गा देवी, पिता और भाई पहले ही डकैती के मामलों में जेल जा चुके हैं. परिवार के अन्य सदस्यों के जेल जाने के बाद छोटू नट भूमिगत हो गया था और पुलिस से बचते हुए ड्रग्स के अवैध कारोबार में सक्रिय हो गया था. इस संबंध में सिटी एसपी पूर्वी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात डकैत छोटू नट अपने साला के साथ हवाई अड्डा थाना क्षेत्र में हथियार लेकर किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. जांच में सामने



आया कि छोटू नट पर बाईपास थाना कांड संख्या 313/24 धारा 395 आईपीसी, गोपालपुर थाना कांड संख्या 264/24 धारा 395 आईपीसी, परसा बाजार थाना कांड संख्या 356/24 धारा 395 आईपीसी समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं. इसके अलावा मकेर थाना, छपरा कांड संख्या 105/23 में धारा 379, 414, 413 आईपीसी के साथ मद्य निषेध अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है. परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि छोटू नट पर परसा बाजार थाना में ही आधा दर्जन से अधिक डकैती के मामले दर्ज हैं. बाईपास, गोपालपुर, अगमकुंआ और जानीपुर थाना क्षेत्रों में भी इसके खिलाफ कई आपराधिक कांड दर्ज हैं. पुलिस से बचने के लिए यह पुनपुन से लेकर खगौल बाईपास तक ड्रग्स का धंधा चला रहा था. थानाध्यक्ष ने बताया कि परसा बाजार थाना क्षेत्र में हुई डकैती के मामलों में छोटू नट नामजद अभियुक्त है. दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी, ताकि उनके गिरोह, ड्रग्स नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोगों का खुलासा किया जा सके. पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है.

## संक्षिप्त समाचार

### छह पियक्कड़ गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमा क्षेत्रों में लगातार शराब माफियाओं एवं शराब पियक्कड़ो के खिलाफ थाना प्रभारी के एक्शन बदस्तूर जारी है, थाना अध्यक्ष पप्पू पासवान ने अपने जवानों के साथ गशती के दौरान 6 पियक्कड़ों को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, आरोपी बरवाडीह गांव निवासी भूषण यादव के पुत्र दिनेश कुमार, रम्मू यादव के पुत्र विनय कुमार,जिनिस यादव के पुत्र कृष्ण लाल यादव तिनों एक ही गांव के है, वहीं दुसरी ओर कलैया बारा नेपाल के हरपुर बलुआ निवासी उद्दीन अंसारी के पुत्र राजन अंसारी, थाना सिमरा बारा नेपाल कंचन पुर निवासी जाकिर अंसारी के पुत्र अरमान अंसारी, हरपुर थाना के रामपुर निवासी रामा प्रसाद के पुत्र रोशन कुमार को गिरफतार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है।



### प्रखंड की तीन पंचायतों में बन रहा पंचायत सरकार भवन

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत बिजबनी उत्तरी, निमोईया पूर्वी और गोलापकरिया पंचायतो मे पंचायत सरकार भवन का निर्माण काफी तेजी से हो रहा हैं.सरकार का लक्ष्य अगले तीन चार महीनो मे भवन को पूरा करने का हैं. ताकि सभी योजनाओं और सेवाओं को एक छत के निचे लाया जा सके जिससे ग्रामीणों को ब्लाक के चक्कर नहीं लगाने पड़े गुणवत्ता पूर्ण भवन का निर्माण करने के लिए मिशन मूड मे काम हो रहा हैं.उसका मुख्य उदेश्य हैं की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा सके आर टी पी एस काउंटर, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,जाती, आवासीय,विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन सभी सुविधाएं पंचायत सरकार भवन ने किया जा सके।



### जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर विभिन्न प्रखंडों के उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मोतिहारी द्वारा मोतिहारी प्रखंड अंतर्गत ढ़ेकहां बाजार में क्षेत्र भ्रमण के दौरान मे. मिश्रा बीज भंडार, प्रो.-जय प्रकाश मिश्रा एवं मे. जायसवाल खाद बीज भंडार, प्रो.-प्रेम चन्द्र प्रसाद के उर्वरक प्रतिष्ठान की जांच किया गया। जांच के क्रम में यह पाया गया कि उक्त प्रतिष्ठान पर डिस्प्ले बोर्ड, मूल्य तालिका एवं बिक्री पंजी सही ढ़ंग से संधारित नहीं पाया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मोतिहारी के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर मनीष कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण के स्तर से उक्त दोनों प्रतिष्ठान को निलंबित करते हुए पृच्छा की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी श्री मनीष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच नियमित रूप से की जाती रहेगी। सभी उर्वरक प्रतिष्ठान उर्वरक नियंत्रण 1985 में निहित निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक की प्राप्ति हो सके। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा भी चिरैया और ढाका प्रखंड का भ्रमण कर विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

### शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती जितना थाना पुलिस ने गुरुवार को संध्या गश्ती के दौरान भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने सैनिक रोड पर लालबाबू के पोखरा के पास से अवैध नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान घोड़ासहन थाना अंतर्गत पोखरिया निवासी विवेक कुमार पिता रामभरोस के रूप में हुई है। तस्कर के पास से कुल 54 लीटर शराब मिली है।इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### भटका हुआ बालक हरपुर थाना क्षेत्र से बरामद

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भटके हुए बालक को शुक्रवार के दिन हरपुर थाना प्रभारी ने स्वच्छ रक्सौल को सुपूर्द किया, मालूम हो कि आदापुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी पुर गांव निवासी सादिक देवान के तेरह वर्षीय पुत्र मुआज आलम कर से निकलने के समय विचलित कर गया और चिकनी गांव पहुंच गया,इस बात की भनक गांव वालों को मिली की एक बच्चा गांव में भटक रहा है इस खबर को मिलते ही थाना ध्यक्ष राहुल कुमार ने थाने लाकर बच्चे से आवश्यक जानकारी लेकर परिवार जनों तक मोबाइल से सम्पर्क कर बुलाया गया, जहां सत्यापन कर उक्त बालक के पिता को सौंप दी गई, इनके साथ स्वच्छ रक्सौल एनजीओ के रंजित कुमार सिंह उपस्थित थे।

### रवीन्द्र कुमार जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में प्रतिनियुक्ति

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कार्यक्रम पदाधिकारी, पीपराकोठी के पत्रांक-97,दिनांक-24.11.2025 के द्वारा जन प्रतिनिधियों के पत्र को संलग्न करते हुए सूचित किया गया कि रविन्द्र कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक मनरेगा, प्रखंड पीपराकोठी द्वारा पीपराकोठी प्रखंड में क्षेत्र भ्रमण नहीं करते है, कार्य करने में मनमानी करते है तथा इनका आचरण एवं छवि सरकारी कार्य करने के अनुरूप नही है। रविन्द्र कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक द्वारा लगाए आरोपों के विरूद्ध कोई ठोस आधार एवं साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया। कुमार पर पूर्व में भी गंभीर आरोप लगते रहे है। उप विकास आयुक्त मोतिहारी के द्वारा बिहार रूरल डेवलपमेन्ट सोसाईटी ग्रामीण विकास विभाग, साथ ही कुमार को तीन माह के लिए प्रखंड कार्य क्षेत्र से हटाते हुए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी में प्रतिनियुक्ति की गई है।

### शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर एक नाबालिग से यौन शोषण का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने दो साल तक शादी का झांसा देकर नाबालिग का यौन शोषण किया और अब शादी से इनकार कर दिया है। मामले में पीड़िता की मां ने शिकारपुर थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे साठी थाना क्षेत्र के सतवरिया गांव निवासी अखिलेश ठाकुर, बृजेश ठाकुर और अरुण ठाकुर को आरोपित किया है।प्राथमिकी के मुताबिक, अखिलेश ठाकुर ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर लगातार दो वर्षों तक उसका शोषण किया। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत पर मनाया जाता है कार्यक्रम



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा ने शुक्रवार को भाजपा संसदीय कार्यालय गांधी कांप्लेक्स में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बबलू पासवान ने किया वहीं मंच संचालन कमल क्लब के अध्यक्ष सनी सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद व पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर देशवासियों से आह्वान किया कि दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह जी के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष "वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि "वीर बाल दिवस" पर हम साहिबजादों की असाधारण वीरता और बलिदान को याद करते हैं। छोटी सी आयु में ही वे अपने विश्वास और सिद्धांतों पर अडिग रहे और अपने साहस से पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनका बलिदान और वीरता तथा अपने मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। हम माता गुजरी और श्री गुरू गोविन्द सिंह जी की बहादुरी को भी याद करते हैं। वे सदैव हमें अधिक न्यायपूर्ण और करूणामय समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज में अपने संबोधन में कहा कि वीर बाल दिवस हमें गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की याद दिलाता है। वीर साहिबजादों ने धर्म, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए अपने बलिदान से भारतीय इतिहास में अमर प्रेरणा स्थापित की है। गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को उन वीर साहिबजादों के पराक्रम और देश भक्ति से सबक लेना चाहिए। कार्यक्रम में उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीता शर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, सुधांशु रंजन एवं विनोद कुशवाहा, पार्षद संघ के अध्यक्ष निगम पार्षद संजू निषाद, आईटी सेल के संयोजक ऋषभ झा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन दिव्यांशु मिश्रा ने किया।

### फंदे से लटक कर दो विवाहिताओं ने की खुद खुशी

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मटियरिया व सहोदरा थाना क्षेत्र के मेहनौल काला व देवाढ गांव में गुरुवार की दोपहर दो विवाहिताओं ने फंदे से लटक कर खुद खुशी कर ली । दोनों शव को सहोदरा व मटियरिया पुलिस ने घर के अंदर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी हैं। मृतकों की पहचान मटियरिया थाना क्षेत्र के मेहनौल काला गांव निवासी बन्हू बैठा की 25 वर्षीय पुत्री सुफियारा खातुन व सहोदरा थाना क्षेत्र के देवाढ गांव निवासी शम्भू पटेल के छोटी 22 वर्षीय बहू रानी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका सुफियारा खातून की माँ दुखना खातून ने बताया कि मेरी बेटी का निकाह दो साल पूर्व शिकारपुर थाना के चेंगावना गांव निवासी कलाम अंसारी के पुत्र जुगनू अंसारी के साथ हुआ था।लेकिन मेरे दामाद पहले से ही शादीशुदा था और तीन बच्चे का बाप भी था।

## ई-किसान भवन में संगोष्ठी: 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान व जय अनुसंधान' पर मंथन





**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर ई-किसान भवन, एकमा में गुरुवार को एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं जय अनुसंधान' रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान शामिल हुए। इस दौरान किसानों ने अपनी खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिसे गंभीरता से सुना गया। कृषि पदाधिकारियों ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने, अनुसंधान आधारित कृषि पद्धतियों, उन्नत बीजों के प्रयोग, फसल प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शुभम पाल, आत्मा अध्यक्ष उमेश सिंह, उद्यान पदाधिकारी मोहित कुमार सिंह, कृषि समन्वयक राजेश कुमार विकल, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया, सहायक तकनीकी प्रबंधक राजेंद्र मौर्य, किसान सलाहकार अरुण कुमार सिंह, हरे राम पंडित, जितेंद्र कुमार, जमालुदीन अंसारी सहित अन्य कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं विभागीय कमीर्यो के अलावा रितिक कुमार यादव, मां फिजिकल अकादमी के दीपक कुमार, संजीव कुमार, राहुल यादव, राम भगत, अजय प्रसाद, विकास कुमार सिंह, बलविंदर राम, रविंद्र यादव, जगदीश पंडित, अभय शर्मा, अतुल शर्मा सहित एकमा प्रखंड के कई उन्नतशील किसान बंधुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को जागरूक करना, उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा विज्ञान व अनुसंधान से जुड़ी आधुनिक खेती को बढ़ावा देना बताया गया।

## लापरवाही पर डीएम का अल्टीमेटम, अधिकारियों से किया शोकॉज



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा विभाग की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था की प्रगति, लंबित मामलों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में बरती जा रही लापरवाही पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक से अनुपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बेतिया, बगहा-01, बैरिया, योगापट्टी, नरकटियागंज, लौरिया, गौनाहा, रामनगर, ठकराहां एवं भितहां के विरुद्ध कारणपृच्छा करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। डीएम ने कहा कि बिना सूचना बैठक से गायब रहना गंभीर अनुशासनहीनता है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत लंबित एमजेसी मामलों को लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना को दो से तीन दिनों के भीतर प्रतिशपथ पत्र दाखिल कराने का आदेश दिया गया। वहीं लोक शिकायत, सेवा शिकायत, जनता दरबार एवं सीएम डैशबोर्ड पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया।मृत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में पात्र अभ्यर्थियों को विद्यालय लिपिक व परिचारी पद पर शीघ्र नियुक्ति हेतु बैठक निर्धारित करने का निर्देश दिया गया। निलंबित व विभागीय कार्रवाई झेल रहे शिक्षकों के मामलों में भी शीघ्र निष्पादन के आदेश दिए गए।मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने गुणवत्तापूर्ण भोजन, वास्तविक लाभुक संख्या और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। आपार कार्ड निर्माण में धीमी प्रगति पर मझौलिया व लौरिया के बीईओ से स्पष्टीकरण मांगा गया।कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय पिपरासी में सुरक्षा से जुड़ी समस्या पर विस्तृत प्रतिवेदन तलब किया गया तथा सभी केजीबीवी को मूलभूत सुविधाओं से लैस करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दिव्यांग छात्रों के यूडीआईडी कार्ड, साक्षरता केंद्रों की निगरानी और विद्यालय भवन निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने साफ कहा कि आदेशों की अनदेखी करने वालों पर कठोर कार्रवाई तय है।

### मशरक में जदयू ने चलाया सदस्यता अभियान

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के महावीर चौक एवं अस्पताल चौक के समीप दीपक कुमार गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### थानाध्यक्ष ने लावारिस शव का कराया दाह संस्कार

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप लावारिस अवस्था में मिले एक वृद्ध के शव की पहचान नहीं होने पर गुरुवार को पुलिस प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम कराकर उसका दाह संस्कार कराया गया। जानकारी के अनुसार, बीते दिनों प्रखंड कार्यालय परिसर के पास एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल, छपरा भेजा। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि शव की पहचान के लिए हरसंभव प्रयास किए गए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार वृद्ध मानसिक रूप से विक्षिप्त था और भीख मांगकर जीवन यापन करता था। पहचान न होने की स्थिति में थानाध्यक्ष के निर्देश पर शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराकर सम्मानपूर्वक दाह संस्कार कराया गया।

## क्षेत्रवासियों का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता : केदारनाथ सिंह



**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड अंतर्गत जजौली पंचायत के बलि विशुनपुरा गांव में बीडीसी शत्रुध्न सिंह के आवासीय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बनियापुर विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित भाजपा विधायक केदारनाथ सिंह को अंगवस्त्र व फूल-मालाओं से सम्मानित कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीसी सदस्य शत्रुध्न सिंह ने की, जबकि संचालन सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। इस अवसर पर जजौली पंचायत एवं बलि विशुनपुरा गांव के ग्रामीणों ने विधायक केदारनाथ सिंह को लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि यह जीत उनकी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि वर्षों से मिल रहे जनसमर्थन और आशीर्वाद का ही परिणाम है कि वे पांचवीं बार जनता की सेवा का अवसर प्राप्त कर सके हैं। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर गांव और हर परिवार तक पहुंच रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए जनता के विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। समारोह में प्रमुख रूप से मशरक प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, पूर्व मुखिया अरविंद त्रिपाठी, बीडीसी प्रतिनिधि चुनमुन बाबा, सरपंच रामबाबू सिंह, सरपंच हरेसर सिंह, पूर्व प्रमुख जितेन्द्र राय, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रविन्द्र सिंह, बच्चा सिंह, जय किशोर सिंह, शैलेंद्र सिंह, संजीव सिंह, पंचायत समिति सदस्य संजय सिंह, नितेश सिंह, शशिभूषण सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0– 448 / 2025 दिनांक– 04.10.2025 धारा– 303(2) बी0 एन0 एस0 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JHO3AT8275, चेचिस न0– MBLHAW477SHD16223, इंजन नं0– HA11F7SHD05378 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक– 04.10.2025 को फरठिया मोड़ से चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 369458 Police (25-26)_D

**कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**
**(कृषि विभाग)**

**(अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

गढ़वा जिले अन्तर्गत कृषि विभाग, झारखण्ड सरकार एवं केन्द्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन हेतु Integrated Nutrient Management (I.N.M) & Intregrated Pest Management (I.P.M) का क्रय किया जाना है। इस हेतु झारखण्ड सरकार अंतर्गत उक्त क्षेत्र में अनुज्ञप्ति धारक एवं निबंधित फर्म से निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक 21.12.2025 तक PR संख्या–368257 Agriculture(25-26):D के द्वारा निविदा आमंत्रित किया गया था। परंतु निर्धारित तिथि तक पर्याप्त संख्या में निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण निविदा प्राप्ति हेतु दिनांक 02.01.2026 तक अवधि विस्तारित किया जाता है। इच्छुक फर्म/ एजेंसी/संस्थान कार्यालय अवधि में निर्धारित तिथि समय 5:00 बजे अप0 तक अपना मुहरबंद निविदा जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा को दिनांक 03.01.2026 को समय 3:00 बजे जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा में निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा खोला जाएगा। निविदा खोलते समय स्वयं अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि का रहना अनिवार्य होगा। निविदा एवं सामग्री की विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट पर www.garhwa.nic.in अथवा atmagarhwa.org.in देखा जा सकता है। निविदा हेतु शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 369411 Agriculture(25-26)#D

## तुलसी पूजन दिवस पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

### 25 मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुकुल रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल, वरुण फतुहा परिसर में तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैदिक परंपरा, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर समन्वय देखने को मिला। सैकड़ों छात्रझ्छात्राओं की सहभागिता के बीच यह आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन ज्योतिषी एवं साहित्यकार कृष्ण मोहन झा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृतकर्मी शशि शेखर, जबकि वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनहित चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक योगेश शुक्ला योगी ने की। अपने संबोधन में योगेश शुक्ला योगी ने कहा कि आज के समय में अपनी संस्कृति को जानना और उसे अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक सनातनी आज के दिन एकझ्एक पौधा लगाए, तो एक ही दिन में करोड़ों पौधे रोपे जा सकते हैं। आयुर्वेद में तुलसी को अमृत के समान माना गया है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी है। विद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुकुल स्कूल के निदेशक गौतम कुमार, प्रधानाचार्य ब्यूटी कुमारी सहित शिक्षक रण विजय कुमार, रवि कुमार, गुड्डू कुमार, स्नेहा कुमारी एवं जूही कुमारी की सक्रिय भूमिका रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संगीत निर्देशक विनोद पंडित, नृत्य शिक्षिका पूजा कुमारी, रिया कुमारी तथा नाल वादक उमेश कुमार ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 25 मेधावी बच्चों को 'गुरुकुल सु-संस्कृत सम्मान' से सम्मानित किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/F₂-05/2025-26 (2nd call)

पत्रांकः– 517 / हुसैनाबाद, दिनांकः–26 / 12 / 2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कारीमाटी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड–हरिहरगंज, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 62,16,327=01 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2026 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2026 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 16.01.2026 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2026 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 9031301518 eeidjaplami@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः–1. सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.369452 Minor Irrigation(25-26):D

**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग),**
**झारखण्ड, सरकार**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**

**दुधारू पशुपालकों के लिये आम सूचना**

पलामू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/सखी मंडल के सदस्य को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या– 05 रा0(वि0), दिनांक– 16.06.2025 एवं प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची(गव्य विकास)राँची के पत्रांक– 275, दिनांक– 26.06.2025 के आलोक में **वितीय वर्ष 2025–26 में राज्य के अंदर छः दिवसीय दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम** का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर पहचान–पत्र(आधार कार्ड की छायाप्रति), दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो आने नाम का सुस्पष्ट बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान धुर्वा राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय रू0 100/- प्रतिदिन के दर से दैनिक भत्ता की राशि को सीधे उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

**प्रशिक्षण का नाम– दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण (छः दिवसीय)।**

**नोट–**

(01) मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों का प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जायेगा।
(02) प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
(03) उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम एवं 55 वर्ष के अंदर हो।
(04) महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
(05) प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की मूल प्रति लाना अतिआवश्यक है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR 369420 Animal Husbandry(25-26)#D

CMYK

## एक नजर

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**जहानाबाद**। भारत निर्वाचन आयोग, एवं बिहार निर्वाचन विभाग, पटना के निदेशानुसार शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण के क्रम में वेयर हाउस परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्था पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, जहानाबाद, अपर पुलिस अधीक्षक, जहानाबाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, जहानाबाद, ईवीएम/वीवीपैट के वेयर हाउस प्रभारी पदाधिकारी -सह-अवर निर्वाचन पदाधिकारी, जहानाबाद राहुल कुमार एवं आइटी मैनेजर, जहानाबाद, जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी तथा जहानाबाद जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों - भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माले), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दुर्घटना में कार चालक घायल

**औरंगाबाद**। शहर के फारम के समीप गुरुवार की रात बाइक में टक्कर मारकर एक कार अनियंत्रित हो गया। इस घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां एक समाजसेवी ने पर्ची कटवाकर मरीजो का इलाज कराया। इसके बाद घटना की सूचना परिजनों को दी। घायल चालक की पहचान रोहतास जिले के डिहरी ऑन सोन निवासी प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने घायल युवक का हाल जाना। इसके बाद परिजनों ने सल्लू खान के प्रति आभार जताया। वैसे इस घटना में बाइक सवार बाल-बाल बच गया।

### दुर्घटना में युवक घायल

**औरंगाबाद**। शहर के महाराणा प्रताप मोड़ के समीप गुरुवार की रात अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान देव प्रखंड के बेढ़ना गांव निवासी रामजी शर्मा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि रामजी किसी काम से डिहरी ऑन सोन गया हुआ था और वापसी के क्रम में दुर्घटना का शिकार हो गया।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट, दो जख्मी

**औरंगाबाद**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौगढ़ गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में ट्रैक्टर चालक सहित दो लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी मृत्युंजय सिंह व ट्रैक्टर चालक जयराम सिंह शामिल हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मृत्युंजय सिंह ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने गए थे। इसी दौरान जयराम खेत जोत रहा था। इसी दौरान दूसरे गांव से कुछ लोग पहुंचे और बिना कुछ बताये हमला कर दिया, जिससे दोनों जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों ने दोनों जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक पलटने से युवक जख्मी

**औरंगाबाद**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खरकनी गांव स्थित कर्मनाशा के समीप बच्चों को बचाने में अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सिमरा थाना क्षेत्र के सिमरा गांव निवासी रौशन कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि रौशन बाइक पर सवार होकर औरंगाबाद शहर जा रहा था। इसी दौरान खरकनी गांव स्थित कर्मनाशा के समीप चलती बाइक के सामने अचानक कुछ बच्चे आ गए। बच्चों को बचाने में बाइक अनियंत्रित हो गया, जिससे गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**औरंगाबाद**। एनएच - 139 पर जम्होर थाना क्षेत्र के मोर डिहरी के समीप अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान जम्होर निवासी विकास कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि विकास बाइक पर सवार होकर कहि जा रहा था। इसी दौरान मोर डिहरी के समीप घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए जम्होर अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शराबबंदी कानून को सफल बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जगहो पर छापेमारी कर 80 लीटर देसी शराब बरामद किया है। इस दौरान एक महिला कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने सेरथुआ गांव में छापेमारी कर 40 लीटर शराब के साथ महिला कारोबारी अनिता देवी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कोहरा गांव में रेणु देवी के घर छापेमारी की गई जहाँ से 40 लीटर देशी शराब बरामद किया गया, वही कारोबारी रेणु देवी पुलिस को आता देख भागने में सफल रही, पुलिस ने बताया कि उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि फरार शराब कारोबारी महिला को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### हसपुरा-मेहंदिया पथ पर बाइक चेकिंग अभियान

**हसपुरा**। नए साल के आगमन को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से हसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हसपुरा-मेहंदिया पथ सहित विभिन्न मार्गों पर सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को यह अभियान एसआई सूर्यदेव सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें पुलिस बल के साथ-साथ डोटी वाहनों की भी तैनाती की गई। जैसे ही चेकिंग शुरू हुई, बिना कागजात और हेलमेट के चलने वाले बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालकों को रास्ता बदलकर बाजार की ओर जाते हुए देखा गया। पुलिस ने विशेष रूप से बिना हेलमेट और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों से जुर्माना वसूला गया।

एसआई सूर्यदेव सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में युवा वर्ग द्वारा तेज गति से बाइक चलाने और हेलमेट का प्रयोग न करने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में असमय जान जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में यह अभियान लोगों को जागरूक करने और कानून का पालन सुनिश्चित कराने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी चालक बेखौफ होकर वाहन न चलाए—सुरक्षा ही पहली प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही, अवैध कारोबारियों और शराब धंधेबाजों पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है। अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रहे।

# छोटे-मोटे विवादों का समाधान आपसी सहमति से प्राथमिक स्तर पर ही करें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। रफीगंज थाना परिसर में सरपंच संघ के साथ प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को सुदृढ़ करना, शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा पुलिस और जनता के बीच समन्वय को और मजबूत बनाना रहा। बैठक के दौरान प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने सरपंचों को निर्देश दिया कि गांव स्तर पर उत्पन्न होने वाले छोटे-मोटे विवादों का समाधान आपसी सहमति से प्राथमिक स्तर पर ही करें, ताकि अनावश्यक रूप से विवाद बढ़ने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सरपंच ग्रामीण समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रिय भूमिका से कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।

उन्होंने सभी सरपंचों से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, शराब के अवैध कारोबार या आपराधिक तत्वों की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में छोटे अपराधों पर अंकुश लगाने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर भदवा से कपिल देव राम, बौर सरपंच मनोज कुमार, चौबड़ा से मो. इस्लाम, उप सरपंच मुर्शीद खान, केरा प नागदेव पासवान, सुजीत कुमार सिंह, सुदामा ठाकुर, ढोसिला सरपंच प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार रवि, सिहुली के इंद्रदेव यादव, विजय यादव, दयानंद प्रसाद डांगी, विष्णु देव पासवान, उदय कुमार सिंह सहित अन्य सरपंच एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी सरपंचों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग देने और अपने-अपने क्षेत्रों में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

# 29 दिसंबर को कुटकु डैम का निरीक्षण करेंगे किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत कुटकु डैम की प्रगति की समीक्षा के लिए 29 दिसंबर को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल निरीक्षण करेगा। इस उद्देश्य से करीब 100 किसानों की एक टीम गठित की गई है, जो परियोजना की जमीनी हकीकत को परखेगी। इस संबंध में रफीगंज प्रखंड परिसर स्थित धरना स्थल पर चल रहे आंदोलन के 345वें दिन मोर्चा के संयोजक अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव एवं समाजसेवी डॉ. तुलसी यादव ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर की अहले सुबह धरना स्थल से वाहनों का काफिला रवाना होगा, जो झारखंड मंडल स्थित कुटकु डैम पहुंचकर निरीक्षण करेगा। निरीक्षण के दौरान किसान यह देखेंगे कि कुटकु डैम में फाटक लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई है या नहीं, साथ ही अब तक कार्य की कितनी प्रगति हुई है। इसके अलावा मोहम्मदगंज बराज से मगध क्षेत्र की ओर पानी लाने के लिए प्रस्तावित कैनाल निर्माण कार्य का भी स्थल निरीक्षण किया जाएगा। मोर्चा नेताओं ने कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना औरंगाबाद व गया जिले के असिंचित क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब तक इस परियोजना का पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंचेगा, तब तक क्षेत्र के किसान खुशहाल नहीं हो सकते। मोर्चा के संयोजक ने किसानों से अपील की कि जो भी किसान इस निरीक्षण दल का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे धरना स्थल पर पहुंचकर संपर्क करें और अन्नदाता किसानों का हौसला बढ़ाएं। यह पहल किसानों के अधिकार और सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# जहानाबाद इस्कॉन मंदिर द्वारा तुलसी पूजा समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। इस्कॉन जहानाबाद की ओर से "एक कदम अपने धर्म की ओर" अभियान के तहत तुलसी पूजा समारोह का भव्य आयोजन मलहचक स्थित कुटिया (शिव मंदिर परिसर), आदिशक्ति मिनरल वाटर के पास श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने वैदिक विधि-विधान से तुलसी माता की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। "हर घर तुलसी" के नारों के बीच महिलाओं ने तुलसी के धार्मिक, आध्यात्मिक और पारिवारिक महत्व पर अपने विचार साझा किए। महिलाओं ने कहा कि तुलसी केवल एक पौधा नहीं, बल्कि जीवन में शांति, सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि चाहे महिलाएं घर में हों या बाहर कार्यरत, वे प्रतिदिन तुलसी पूजन कर जल अर्पित करना अपना कर्तव्य मानती हैं।

तुलसी पूजा के समापन के बाद मंदिर के पुजारी एवं इस्कॉन के प्रतिनिधियों द्वारा लगभग 100 से 200 महिलाओं के बीच तुलसी के पौधे प्रसाद एवं उपहार स्वरूप वितरित किए गए, ताकि वे अपने-अपने घरों में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित पूजा कर सकें।

इस अवसर पर तुलसी पूजा के महत्व को विस्तार से समझाते हुए बताया गया कि सनातन परंपरा में तुलसी को अत्यंत पवित्र माना गया है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में तुलसी पूजन होता है, वहां नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश नहीं करती और वातावरण शांत, पवित्र व सकारात्मक बना रहता है। साथ ही तुलसी के औषधीय गुणों पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि तुलसी के पत्ते प्राकृतिक एंटीबायोटिक की तरह कार्य करते हैं और सर्दी, खांसी या हल्के बुखार में तुलसी के पत्तों का काढ़ा काफी लाभकारी होता है।कार्यक्रम में यह भी संदेश दिया गया कि तुलसी पूजा किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जाति, वर्ग और उम्र के लोग इनकी पूजा कर सकते हैं।

# जन समस्याएं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने दिए त्वरित निष्पादन के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार समाहरणालय परिसर में स्थित ग्राम प्लेक्स में जनता दरबार का आयोजन किया गया। प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 34 मामलों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।

# मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक गिरफ्तार, मोबाइल बरामद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के गुरारू रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक के पश्चिमी छोर से 13009 अप हावड़ा देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन के रेल यात्री का मोबाइल छीनकर भाग रहे एक युवक को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रफीगंज आर पी एफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था, गाड़ियों में एसीपी रोकथाम, यात्री सामान की चोरी की रोकथाम हेतु गुरारू रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल पोस्ट के अधिकारी एवं जवान के द्वारा अपराधिक निगरानी गस्त एंव चेकिंग अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में हावड़ा देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री का मोबाइल छीनकर भाग रहे गया जिला के गुरुआ थाना क्षेत्र के बलगांव टोला बेलबिगहा निवासी रामबली पासवान के पुत्र सुमन कुमार को गिरफ्तार कर रफीगंज आरपीएफ बैरक लाया गया। इस मामले में रेल यात्री पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला के राजरहाट थाना क्षेत्र के रैगाछी शेष मोर निवासी शमी अख्तर खान के 48 वर्षीय पुत्र फिरोज खान ने लिखित शिकायत रफीगंज रेलवे पुलिस को की। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि हावड़ा से डेहरी ऑन सोन एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए 13009 अप के, एस2 के बर्थ 77 से जा रहे थे। इसी बीच गुरारू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद आरोपित कोंच में घुस कर मोबाइल छीनकर भाग गया था। रफीगंज रेलवे पुलिस ने सुसंगत धाराओं में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल पुलिस गया को सुपुर्द कर दिया।

# अद्भुत, अलौकिक और भक्तिमय वातावरण में 'सुमंगलम' आयोजन सम्पन्न

## जहानाबाद में आयोजित सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ में शामिल हुए पांच हजार से अधिक श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्थानीय शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित सुमंगलम महाआयोजन अत्यंत भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ में भाग लिया। सुबह से ही शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गांधी मैदान की ओर उमड़ पड़ी और पूरा परिसर राममय हो गया।लगातार पिछले दस वर्षों से आयोजित हो रहा सुमंगलम अब जहानाबाद की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। वहीं गांधी मैदान के उत्तरी छोर स्थित रामायण मंदिर में अनवरत चल रहे अखंड रामचरितमानस पाठ, राम नाम संकीर्तन और अखंड ज्योति को इस वर्ष सात वर्ष पूर्ण हो गए। यह अखंड अनुष्ठान आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा है। कार्यक्रम के दौरान हजारों कंठों से एक साथ गूंजे सुंदरकाण्ड के श्लोक और "जय सियाराम" के जयघोष से गांधी मैदान एक विशाल साधना स्थल में तब्दील हो गया। श्रद्धालुओं के चेहरों पर शांति, उल्लास और आध्यात्मिक तृप्ति साफ झलक रही थी। इस अवसर पर हुलासगंज स्थान के मठाधीश स्वामी हरेरामाचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि जहानाबाद में हो रहा यह अखंड अनुष्ठान दुर्लभ है और यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामूहिक साधना व सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ती है। स्वामी जी ने सुमंगलम परिवार और आयोजक राकेश को इस भव्य आयोजन के लिए आशीर्वाद देते हुए निरंतरता और निःस्वार्थ सेवा की सराहना की। वहीं आयोजक राकेश ने कहा कि सुमंगलम का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और सकारात्मकता का विस्तार करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और भी व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, व्यवस्था और सेवा भाव विशेष रूप से सराहनीय रहा। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए कहा कि सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ से उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा की अनुभूति हुई।

# खलिहान में भीषण आग से किसान को भारी नुकसान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहबाजपुर गांव में रात में एक खलिहान में अचानक भीषण आग लग गई। इस आगलगी की घटना में किसान टूटू शर्मा को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। आग की चपेट में आकर किसान का लगभग तीन बीघा खेत का धान की नेवारी और एक बीघा धान पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ने बताया कि कटाई के बाद धान की नेवारी को सुरक्षित रखने के लिए खलिहान में रखा गया था, लेकिन अचानक लगी आग ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, आग लगने की जानकारी मिलते ही उन्होंने फोन के माध्यम से किसान को सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर किसान ने देखा कि खलिहान में रखा सारा धान आग की लपटों में घिरा हुआ है। इसके बाद ग्रामीणों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को इकट्ठा किया और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल चुकी थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल की टीम के पहुंचने के बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सारा धान और नेवारी जलकर नष्ट हो चुका था।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन और परस बिगहा थाना को दे दी गई है। पीड़ित किसान टूटू शर्मा ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इस घटना के बाद गांव में शोक और चिंता का माहौल है।

# चकुआ गांव में आयुष्मान व वय वंदना कार्ड शिविर, 60 लाभुकों को मिला लाभ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिला क्रियान्वयन इकाई आयुष्मान भारत, औरंगाबाद एवं पथ प्रदर्शक स्वयंसेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कुटुंबा प्रखंड के जगदीशपुर पंचायत अंतर्गत चकुआ गांव में आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्रामीणों के लिए किसी राहत की सुबह जैसा साबित हुआ, जहां स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाएं सीधे लोगों के हाथों तक पहुंची। शिविर में चकुआ गांव के साथ-साथ दशवत बीघा, चिड़ियाटांड़ और कुरुगाईन गांवों से कुल 70 लाभुक पहुंचे। इसमें 28 बुजुर्गों का वय वंदना कार्ड तथा 32 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। विशेष बात यह रही कि सभी पात्र लाभुकों को शिविर स्थल पर ही कार्ड उपलब्ध करा दिए गए, जिससे उन्हें किसी अतिरिक्त प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ा। इस अवसर पर उपस्थित लाभुकों को आयुष्मान भारत योजना के उद्देश्य, पात्रता और लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला क्रियान्वयन इकाई आयुष्मान भारत, औरंगाबाद के आइटी प्रबंधक सह प्रभारी डीपीसी रंजीत कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी राशन कार्डधारी परिवार सूचीबद्ध हैं, जिन्हें प्रति परिवार प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाता है। यह सुविधा देशभर के आयुष्मान पंजीकृत अस्पतालों में उपलब्ध है। वहीं, वय वंदना कार्ड 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए है, जिसके अंतर्गत उन्हें व्यक्तिगत रूप से सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा लाभ मिलता है। पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उनकी संस्था पिछले पांच वर्षों से लगातार आयुष्मान भारत योजना के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि कई असहाय और असमर्थ बुजुर्गों का कार्ड संस्था द्वारा उनके घर जाकर भी बनाया गया है। शिविर में जिला क्रियान्वयन इकाई की डाटा ऑपरेटर नीतू कुमारी, पथ प्रदर्शक की शीला देवी, पिरामल फाउंडेशन के सत्येंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। यह आयोजन न सिर्फ एक सरकारी योजना का क्रियान्वयन था, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक भरोसेमंद कदम भी साबित हुआ।

# दिव्यांग एवं वृद्धजनों के बीच कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत दिव्यांग एवं वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया।जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निदेशो के आलोक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, पूनम कुमारी एवं सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, विजेता रंजन के द्वारा गांधी मैदान स्थित बुनियाद केंद्र में दिव्यांग जनों एवं वृद्धजनों के बीच 85 से ज्यादा कंबल का वितरण किया गया।

बताया जाता है कि जिले में अब तक 400 से अधिक कंबलों का वितरण वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत किया जा चुका है। वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत ठंड के दौरान असहाय एवं बेसहारा लोगों के लिए ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण पूरे जिले में कराया जा रहा है।जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वंचित वर्गों के बीच प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरण करने का निर्देश दिया गया है। जिले में दिव्यांग एवं, वृद्धजनो को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं एवं सामाजिक उत्थान के अन्य योजनाओं के लाभ सुगमता से प्राप्त हो इसके लिए बुनियाद केंद्र, जहानाबाद वन स्टॉप सेंटर की तरह उपयोग में लाया जा रहा है। यहां पहुंचकर जिलावासी न केवल समाज कल्याण की योजनाओं जैसे पेंशन, परिवार लाभ योजना, संबल योजना के तहत सहायक उपकरण, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का लाभ प्राप्त कर रहे हैं बल्कि बुनियाद केंद्र को कोर/ मुख्य सेवाएं यथा फिजियोथैरेपी ,स्पीच थेरेपी, परामर्शन, श्रवण एवं नेत्र जांच जैसी सुविधाएं भी प्राप्त कर रहे हैं।

# बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पटना-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर मखदुमपुर बाजार से सटे मुस्सी गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक गयाजी जिले के खुदराही मानपुर निवासी अमीरा कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक से गयाजी की तरफ जा रहा था। तभी विपरीत दिशा आ रही एक वाहन ने उसे जबरदस्त ठोकर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने युवक को पुलिस सहायता वाहन 112 नंबर के सहयोग से रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया। जांच चिकित्सको ने उसका प्राथमिक उपचार किया है। बताया जाता है कि घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया है।

# डीएम ने की विभिन्न विभाग के कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सदर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का निरीक्षण सह जनसुनवाई किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। पंचायती राज विभाग, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना, अंचल कार्यालय आदि विभागों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, साथ ही चिकित्सक समय पर पहुंचे, इसके लिए सिविल सर्जन को औचक निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया गया। लंबित आयुष्मान कार्ड को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सदर प्रखंड क्षेत्र में एक मॉडल विद्यालय बनाने का निर्देश प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी प्रखंडों में एक-एक मॉडल स्कूल बनाने के लिए विद्यालय चिन्हित करने का निर्देश दिया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एंव प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी पंचायतों में आरटीपीएस काउंटर सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत स्तरीय कर्मी प्रत्येक दिन पंचायत भवन जाय। इसको सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कर्मियों का रोस्टर पंचायत भवन पर लगाने का निर्देश दिया ताकि आम लोगों को यह जानकारी हो, कि पंचायत स्तरीय कर्मी किस-किस दिन पंचायत कार्यालय आयेंगे। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की एवं उनकी समस्याओं को सुना। लडुआरा पंचायत समिति सदस्य द्वारा बताया गया कि लडुआरा पंचायत के वार्ड नंबर 7 में नल-जल योजना का पानी नहीं आता है। सूजा पंचायत समिति सदस्य द्वारा अपने पंचायत के विभिन्न योजनाओं की समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा आम लोगों के साथ जनसुनवाई किया गया। जहां आम लोगों द्वारा राशन कार्ड सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने त्वक्षण संबंधित पदाधिकारी को उपरोक्त आवेदन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सात निश्चय पार्ट-3 से सभी को अवगत कराया एवं इस दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर, अंचल अधिकारी सदर सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत डीएम पहुंचे सदर प्रखंड**




## एक नजर

### नशे की हालत में पांच गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बगरस गांव में पुलिस ने 6 लीटर देसी शराब के साथ स्कर्पियो सवार 5 नशेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बगरस गांव में अनियंत्रित और तेज रफ्तार से जा रहे स्कर्पियो को रोका गया। उसमें सवार 5 लोग नशे में धुत थे। गाड़ी से 6 लीटर देसी शराब भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बगरस निवासी लक्ष्मण सहनी, इंद्रजीत कुमार, मुकेश कुमार, राजीव सहनी और अजय कुमार के रूप में किया गया। पुलिस ने स्कर्पियो गाड़ी और शराब को जब्त कर लिया।पुलिस ने अवैध शराब रखने और अनियंत्रित रूप से वाहन चलने के आरोप में थाने में कांड संख्या 359/2025 दर्ज कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेयाय ओपी पुलिस ने मारपीट मामले के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान लखनपुर निवासी स्व सीताराम मालाकार के पुत्र रंजीत मालाकार के रूप में की गई। ओपीध्यक्ष निकिता भारती ने बताया कि आरोपी मारपीट मामले में फरार चल रहा था।उस पर थाने में कांड संख्या 144/2024 दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी विष्णुपुर पंचायत के सैदपुर के प्रेम साह उर्फ प्रवीण तथा महेश साह है। दोनों वारंटी मारपीट के मामले में नामजद थे। लंबे समय से दोनों कोर्ट में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबी अवधि से कोर्ट से अनुपस्थित रहने से कोर्ट ने इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त एस आई रंजीत कुमार, विश्वजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह, मो इसमाइल, युगल किशोर मंडल सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### संजात पंचायत में आमसभा आयोजित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के संजात पंचायत स्थित गांधी विद्या प्रचारक पुस्तकालय में शुक्रवार को स्थानीय मुखिया श्रीमती पुनम कुमारी की अध्यक्षता में आमसभा आयोजित की गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से वीबी - जी राम जी एक्ट 2025 की जानकारी दी गई।उक्त अवसर पर मुखिया ने आमसभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब कार्ड या अन्य कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने मजदूरों को इस योजना से होने वाले लाभ की जानकारी विस्तार से दी। ताकि लोग इसका समुचित लाभ उठा सकें तथा लोगों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।आम सभा में उपस्थित लोग मुखिया से उक्त संबंध में जानकारी ली। वहीं वृद्धावस्था पेंशन योजना की भी जानकारी दी गई। आमसभा में लोगों के अनेकों समस्याओं का निदान भी किया गया। उक्त अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि आशुतोष कुमार कुंदन, समाजसेवी सुरेंद्र कुमार सुमन,पंचायत सचिव नरेश महतो, सुशील राय, रमेश कुमार, अभिषेक यादव, स्वच्छता ग्राही पुरुषोत्तम कुमार, वार्ड सदस्य बौएलाल ठाकुर, सरोज राम, आशा देवी, अनिता देवी, सुशीला देवी, उर्मिला देवी, सुनिता देवी, शोभा देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# दोस्त ने ही कर दी राहुल की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** एफसीआई थाना क्षेत्र के गुरदासपुर में दो दिनों से लापता युवक का शव शुक्रवार को पुलिस ने बरामद किया। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। इस सम्बंध में मृतक के पिता बीहट नगर परिषद के वार्ड 28 निवासी नीरज सिंह ने गुरूवार को थाना में अपहरण की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमे कहा था कि मेरा पुत्र घर से स्कूटी लेकर बोरिंग पर गया था। जिसे ढूंढने शाम को 6 बजे मैं गया था। उस समय राहुल और उसका दो दोस्त तीनो बोरिंग पर मौजूद थे। देर रात तक घर नहीं पहुचने पर नीरज सिंह ने थाना में पुत्र के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। शुक्रवार को 24 वर्षीय राहुल का शव उसके ही खेत के पास स्थित ढाब से पुलिस ने बरामद किया। एफसीआई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ 2 पंकज कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अमलेश कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना पर एफसीआई थानाध्यक्ष विनीत कुमार, रोहित कुमार पुलिस बल के साथ शव बरामद स्थल पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश की। बुधवार की शाम से ही घर से गायब रहने पर नीरज सिंह ने अपने पुत्र के गायब होने की जानकारी एफसीआई थाने को दी। इसी बीच राहुल के साथ रहने वाले बीहट खोमकरणपुर टोला के साकेत ने गुरुवार को राहुल की स्कूटी उसके घर पर पहुंचाकर यह कहकर चला गया कि राहुल कहीं चला गया है। साकेत की बात पर परिजनों को शक हुआ और इसकी जानकारी एफसीआई थाना पुलिस को दी। एफ सीआई थाना पुलिस ने तत्क्षण करवाई करते हुए पहले साकेत को हिरासत में लिया और उसके बाद जीरोमाइल से राहुल के दो और दोस्त छोटू व संदीप को भी हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू किया। साकेत की ही निशानदेही पर जब एफसीआई थाना की पुलिस नीरज सिंह के ही जमीन में बने गड्ढ़ें के पास गयी तो वहां गडढे में पानी में शव को तैरता हुआ पाया। नीरज सिंह एवं अन्य परिजनों ने उक्त स्थल पर आकर शव की पहचान की। एफसीआई थाना की पुलिस तीनों युवकों से घटना के बाबत पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन ढ़ाब के निकट पहुंचे। परिजनों के क्रंदन से मुहल्ले का माहौल गमगीन हो गया। मृतक की तीन वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। प्रथमदृष्टतया फांसी लगाकर राहुल ही हत्या होने का मामला प्रतीत होता है। एफसीआई थानाध्यक्ष विनीत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# प्रखंड की सभी पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ग्रामीणों को दी गई जानकारी**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में विकसित भारत रोजगार आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबीरामजी अधिनियम की नवीनतम जानकारी हेतु ग्राम सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया ने की। पंचायत रोजगार सेवक ने कहा कि 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप समृद्ध एवं सुदृढ़ ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण, विकास और अभिसरण, संतृप्ति को बढाकर तथा इससे संबंधित या आनुषंगिक विषयों के लिए अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के व्यस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करने का अधिकार है। यह एक ग्रामीण विकसित रूपरेखा स्थापित करने का अधिनियम है। कृषि के व्यस्ततम अवधि बुआई तथा कटाई के समय पर्याप्त कृषि श्रमिकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करना है। इसके लिए 60 दिनों तक सम्मलित कार्य का संपादन नहीं होगा। मजदूरों को पूर्व की भांति 255 रुपए प्रति दिन की दर से मजदूरी भुगतान करने का प्रावधान है। मजदूरों का कार्यस्थल पर दिन में दो बार बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज की जाएगी। सामाजिक अंकेक्षण प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा। मजदूरों की मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया सरल कर दी गई है। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कार्य संचालन में मिट्टी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सरल बनाने की आवाज उठाई। मौके पर मुखिया अजय सहनी, निभा देवी, दिनेश यादव, सुनैना देवी, राष्ट्रपति कुमार, विजय पासवान, श्वेता भारती, प्रभा देवी, अभिषेक कुमार पिंटू, पंचायत रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, मुकेश कुमार, उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, उपमुखिया विजय सहनी, राजकुमार सिंह, नवीन कुमार, कन्हैया कुमार सहित कई वार्ड सदस्य, ग्रामीण आदि मौजूद थे।

# विद्युत दर निर्धारित होने से पूर्व उपभोक्ताओं से ली जाएगी राय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विद्युत दर (टैरिफ) निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस क्रम में राज्य की विद्युत कंपनियों नर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड तथा स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा दायर टैरिफ याचिकाओं पर निर्णय लेने से पूर्व आयोग द्वारा आम जनता, उपभोक्ताओं, संगठनों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव, मंतव्य एवं आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।आयोग द्वारा यह प्रक्रिया पारदर्शिता एवं व्यापक जन-सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपनाई जा रही है।ताकि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली की दरें तय करने से पूर्व उपभोक्ताओं की राय को समुचित महत्व दिया जा सके। इसी उद्देश्य से राज्य के विभिन्न स्थानों पर जन-सुनवाई आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जहां उपभोक्ता एवं संबंधित संगठन प्रत्यक्ष रूप से आयोग के समक्ष अपनी बात रख सकेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से संबंधित जन-सुनवाई 12 जनवरी को साढ़े 11:30 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला एवं अनुमंडल स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता एवं हितधारक इस प्रक्रिया में भाग लेकर अपने सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज करा सकें।जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के आम नागरिक एवं संगठन से अपील की है कि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर बिजली दर निर्धारण से जुड़े अपने विचार आयोग के समक्ष रखे।

# दुकान में अचानक आग लगने से लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के रहटोली गांव में बृहस्पतिवार की रात एक दुकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस अगलगी की घटना में दुकान के अंदर रखे लाखों रुपये मूल्य के सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशामक विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार बैजनाथ शर्मा के पुत्र नीतीश कुमार शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे वे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। कुछ समय बाद उन्हें ग्रामीणों से सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान में भीषण आग लगी हुई थी और आग की तेज लपटों के कारण अंदर रखा सारा सामान धू-धू कर जल रहा था आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही देर में दुकान के भीतर रखे किराना सहित अन्य सभी सामान जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता को देखते हुए तत्काल अग्निशामक विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया, जिससे आसपास की दुकानों और घरों को बचा लिया गया। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार के पुत्र नीतीश कुमार शर्मा ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर क्षतिपूर्ति एवं सरकारी सहायता की गुहार लगाई है। वहीं घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को भी दी गई। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है इस घटना के बाद रहटोली गांव में पीड़ित परिवार के प्रति लोगों में सहानुभूति का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# रजौर रामभद्रपुर मनरेगा भवन में विशेष आमसभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के रजौर रामभद्रपुर पंचायत अंतर्गत रामभद्रपुर गांव स्थित मनरेगा भवन सह पंचायत भवन में विशेष आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया राम चंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के बड़ी संख्या में जॉब कार्डधारी ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। सभा के दौरान विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन गारंटी अधिनियम 2025 के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, उनकी आय में वृद्धि करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है कार्यक्रम में मनरेगा योजना के तहत मिलने वाले रोजगार, मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया, कार्य चयन की पारदर्शी व्यवस्था, जॉब कार्ड से संबंधित नियमों एवं लाभों की विस्तार से जानकारी साझा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि मनरेगा के माध्यम से समय पर काम और मजदूरी प्राप्त करने के लिए सभी दस्तावेजों का अद्यतन होना आवश्यक है विशेष आम सभा के दौरान पंचायत के वंचित जॉब कार्डधारियों का केवाईसी भी कराया गया, जिससे उन्हें भविष्य में मजदूरी भुगतान एवं अन्य लाभों में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे उनके लिए उपयोगी बताया मौके पर पंचायत समिति सदस्य गुंजन कुमार सिंह सहित पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं और पंचायत स्तर पर हो रहे विकास कार्यों में सहयोग करें।




# स्मैक के साथ तीन युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** थानाध्यक्ष ने अलग-अलग मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगो मे प्रिंस कुमार पे नंदन यादव साकिन दरियापुर वार्ड नं 3 ,थाना नयागाँव के पहने पेंट के निचे से दो प्लास्टिक के पैकेट में क्रमश 105.28 ग्राम एवं 102.11 ग्राम स्मैक (हिरोइन) पाया गया। जो कुल मात्रा 207.39 ग्राम है। जिसे मार्क किया गया। दूसरा अंकित कुमार उम्र 19 वर्ष पिता अशोक यादव सा छितरौर वार्ड नं 14 थाना मटिहानी की तलाशी ली गई तो इनके पहने हुए पेंट के निचे जांघिया से एक प्लास्टिक का पैकेट 102.85 ग्राम का स्मैक (हिरोइन) पाया गया। जिसे मार्क सी किया गया। दाहिने पैट के पकेट से ओपो कंपनी का सिल्वर कलर का स्मार्ट मोबाईल जिसमे 6284984287, 6201449595 मोबाईल बरामद हुआ। नितीश कुमार उम्र 26 वर्ष पिता निरंजन कुंवर सा नयागांव वार्ड नं 6 थाना नयागांव जिला बेगूसराय की तलाशी ली गई तो एक हौंडा सीडी -100 मोटर साईकिल जिसका निबंधन सं बीआर09 ए डब्लू-1546 बरामद हुआ। साथ ही इनके दाहिने एवं बाये पकेट से क्रमश समसंग कंपनी का मोबाईल जिसमे 8102534834 नं लगा हुआ पाया गया तथा नोकिया कंपनी का कीपैड वाला मोबाईल जिसमे 8797423937 नं पाया गया। तत्पश्चात सुबोध कुमार वरीय सहकारिता प्रसार पदा बलिया के समक्ष विधिवत तलाशी सह जब्ती सूची बनाई गई। इस संबंध में वैध कागजात की मांग की गई तो इनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात गिरफ्तारी का कारण बताते हुए विधिवत उपरोक्त तीनो को गिरफ्तार किया गया।

# मतदाता सूची में सुधार के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विमर्श कक्ष में शुक्रवार को बखरी एवं चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े प्रखंड के सभी बीएलओ की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाची अधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने किया। उन्होंने बताया निर्वाचन सूची से निर्वाचकों की धुंधली आयामी रहित और गैर मानव तस्वीरों का सत्यापन और तार्किक त्रुटियों को हटाने के लिए निर्वाचन विभाग का स्पष्ट आदेश है। इस सिलसिले में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर सम्मिलित रूप से प्रखंड के सभी बूथ पर मतदाता सूची का गहन अवलोकन करेंगे। मतदाता सूची के त्रुटियों को सुधार करेंगे। इसमें अस्पष्ट तस्वीर के स्थान पर रंगीन तस्वीर प्राप्त कर एप के माध्यम से अपलोड करेंगे। वोटर लिस्ट में मतदाताओं के लिंग, संबंध एवं नाम, उम्र, गृह संख्या आदि का सुधार समय सीमा के अंदर करना है। प्रत्येक दिन किए गये कार्यों का सुपरवाइजर के द्वारा सत्यापन किया जाना है। इस क्रम में बीएलओ को चेकलिस्ट एवं रंगीन मतदाता सूची उपलब्ध कराई गयी। 6 जनवरी तक इस कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सुपरवाइजर अनिल कुमार चौधरी, सुरेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, मनोज कुमार, विभाकर कुमार, शैलेश कुमार सुधाकर, देवेंद्र पासवान, अनिल कुमार महतो, ललन कुमार, मो एहतेशामुल हक, मो इमरान, नंदन ठाकुर, मुकेश कुमार, राजकुमारी, अमन कुमार, विजय कुमार, संजय पासवान, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

### अलाव से लोगों को मिली ठंड से राहत

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए अंचल अधिकारी बीणा भारती के निर्देश पर मिशन ठंड अभियान के तहत कई प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य ठंड से बचाव करते हुए आमजन, खासकर जरूरतमंदों, बुजुर्गों और राहगीरों को राहत पहुंचाना है। प्रखंड क्षेत्र के परशुराम गंलगंल चौक, डुमरा, मोहन ठनका चौक सहित अन्य सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलवाए गए हैं। सुबह-शाम ठंड के प्रकोप को देखते हुए इन स्थानों पर लोग अलाव के पास ताप सेकते नजर आए अंचल अधिकारी बिणा भारती ने बताया कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं सड़क किनारे रहने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था की जाएगी स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अलाव की व्यवस्था से ठंड में काफी राहत मिली है। वहीं अंचल प्रशासन ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया है कि अलाव नियमित रूप से जलते रहें और जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुंचे।

# घर मे घुस चोरी करने वाले दो दोस्तों को किया पुलिस के हवाले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना के डुमरी निवासी नीतीश कुमार के घर में शुक्रवार की दोपहर पड़ोस के ही दो युवक घुस आये और घर में रखा पीतल व कंसा का बर्तन समेत अन्य सामान को लेकर निकल गये. उस वक्त घर के सभी सदस्य मकान के दूसरे मंजिल पर थे। इधर चोरी के दौरान घर मे ही छुट गये एक बदमाश का चप्पल को पुनः उसके द्वारा घर मे घुस चप्पल लेने के दौरान वह पकड़ा गया। पकड़ा गया बदमाश डुमरी निवासी रंजन कुमार उर्फ झिल्लू ने बाद में अपने दोस्त गांव के ही रोहित कुमार का नाम बताया और चोरी गये सामान रोहित के पास ही रख देने की बात कही। इधर नीतीश अन्य ग्रामीणों के सहयोग से रोहित को भी पकड़ लिया। बाद मे रंजन व रोहित की पिटाई कर पुनपुन पुलिस को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# गायब 12 वर्षीय किशोर का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के सरौंजा गांव वार्ड संख्या 8 से एक बारह वर्षीय बच्चा 16 दिसंबर के दिन अचानक गायब हो गया और दसवें दिन बच्चे का शव सरौंजा मोहनपुर बहियार के गन्ने के खेत से पुलिस ने बरामद किया। मृतक का पहचान पर्रा पंचायत के वार्ड संख्या 8 सरौंजा गांव निवासी राजा रजक के करीब 12 वर्षीय पुत्र भोला कुमार के रूप में की गई है। मृतक के पिता प्रदेश में रहकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार बेहद ही गरीब है किसी से कोई लेना देना नहीं रखता था। लड़का भी बहुत मिलनसार था। वहीं इस घटना की जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया है कि शक के आधार घटना में शामिल चार बच्चे को गिरफ्तार कर पूछ ताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया ये लग रहा है कि इन लोगों के बीच आपसी मतभेद को लेकर गला दबा कर इसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए गन्ने के खेत में फेक दिया। हालांकि विस्तृत जानकारी के लिए समाचार प्रेषण तक पूछ ताछ जारी थी। वहीं शव को वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगुसराय सदर अस्पताल भेजने की कवायद में लगे हुए थे।

# 6ठा मगही नाट्य महोत्सव सह विविध रंग 2025 का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कलामंच, नौबतपुर द्वारा आयोजित 26 दिसंबर को हुआ। चार दिवसीय मगही नाट्य महोत्सव के पहले दिन बिहार क़ी प्रतिष्ठित नाट्य संस्था मंथन कला परिषद् खगौल के द्वारा बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष व वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी के निर्देशन एवं सतीश कुमार मिश्र द्वारा रचित एक सामाजिक हास्य - परिहास से परिपूर्ण नाटक 'त हम कुंवारे रहें' का मंचन किया। इस नाटक में नाट्यकार ने बखूबी हास्य अंदाज में दहेज प्रथा पर कटाक्ष किया है। ज्ञानगुणसागर मानसिक और शारीरिक रूप से अपंग चरित्र है। विवाह करने का बहुत शौक रखता है, लेकिन उसके पिता तीनलोक उजागर प्रसाद मनमाना तिलक दहेज लेने की वजह से उसका विवाह करने में विलंब करते हैं। इस नाटक में दहेज प्रथा के अलावा जनसंख्या वृद्धि पर भी कटाक्ष किया गया है और मुखिया के द्वारा 'हम दो, हमारे दो' की नीति अपनाने की बात कही गई है। इस नाटक की महत्ता आने वाले समय में भी प्रासंगिक है। पात्र के रूप में तीन लोक उजागर प्रसाद - सोनू कुमार, महावीर विक्रम बजरंगी / नर्तक - रजनीकांत, ज्ञान गुण सागर प्रसाद - रोहन राज, पत्नी : पूजा कुमारी, सास : कुमारी शिखा, कोहड़ा प्रसाद - अमन कुमार, पंचफोरन प्रसाद- दीनानाथ गोस्वामी, ठगानंद - नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# नाटक समाज का दर्पण, हर भाषा में देता है सकारात्मक संदेश : उपेंद्र कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** नाटक सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का सशक्त माध्यम है और यह समाज का सजीव दर्पण होता है। नाटक किसी भी भाषा में हो, उसका संदेश हमेशा सकारात्मक और समाज को दिशा देने वाला होता है। ये बातें राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहीं। वे शुक्रवार देर शाम ई. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब परिसर में अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित 34वीं अखिल भारतीय लघु नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि 64 कलाओं में नाट्य कला का विशेष स्थान है। कालिदास जैसे महान रचनाकारों ने अपने समय की सामाजिक कुरीतियों को नाटकों के माध्यम से उजागर किया। उन्होंने अभिनव कला संगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 34 वर्षों से निरंतर इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों



का होना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने भिखारी ठाकुर के योगदान को भी स्मरण किया और सभी से इस कला को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने दो संगठनों द्वारा अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित किए जाने पर दुख व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि अगले वर्ष पूर्व की तरह दोनों मिलकर एकजुट होकर आयोजन करेंगे। विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों का उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि डेहरी ऑन सोन में इस तरह का आयोजन पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने भी दोनों संगठनों की एकता पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छता, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ यह नाट्य प्रतियोगिता प्रभावी संदेश देने में सफल होगी। अभिनव कला संगम के निदेशक संजय सिंह वाला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन ने सामाजिक और सांस्कृतिक संरचना के निर्माण के लिए सतत प्रयास करते हुए 34 वर्षों की लंबी यात्रा तय की है। यह सांस्कृतिक महाकुंभ समाज में पनप रही नकारात्मक सोच को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा। संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह और सचिव नंदन गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 राज्यों की 32 टीमें भाग ले रही हैं। 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक प्रतिदिन शाम को लघु नाट्य प्रतियोगिता आयोजित होगी, जबकि दिन में चित्रकला, गायन और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। मणिपुर, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से कलाकारों का आगमन शुरू हो चुका है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा, असम और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों की टीमें इसमें भाग लेंगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा, डॉ. उदय सिन्हा, डॉ. नवीन नटराज, मनोज अज्ञानी, उमा शंकर पांडेय, कपिल कुशवाहा, ए.आर. वर्मा, मनोज सिंह, अमित कुमार पटेल, अनुज कुशवाहा, बनारसी कुशवाहा, विनय बाबा सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# डीएम ने फरियादियों की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारी को दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह द्वारा शुक्रवार को जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास, प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व प्रशाखा, निदेशक डीआरडीए, जिला विकास पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी रोहतास एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में कुल 78 व्यक्ति उपस्थित हुए, जिन्हें विषयवार/विभागवार यथा- राजस्व, विकास, विद्युत, लोक स्वास्थ्य एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं/शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिला पदाधिकारी, रोहतास एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों यथा- अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी एवं अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुए उनके फरिवादों/समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर



त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया। लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरांत ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदकों के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुए नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निदेश के साथ संबधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा- सासाराम, बिक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑनलाइन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजीयन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया, ताकि आवेदनकर्ताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके।आवेदिका - लालसा देवी, ग्राम / पोस्ट - पेनार, थाना / प्रखंड - नोखा के द्वारा इंदिरा आवास बनाने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु निदेश डीआरडीए को अग्रसारित किया। आवेदक बिहारी प्रसाद गुप्ता, ग्राम/पोस्ट/थाना- बड़हरी के द्वारा भूमि विवाद के संबंध में आवेदन प्राप्त किया जिसे निष्पादन हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता सासाराम को निदेशित किया गया। आवेदिका - गौरी कुमारी, पिता - कामेश्वर सिंह, ग्राम/थाना/पोस्ट संझौली के द्वारा अतिक्रमणरियों पर कार्रवाई करने हेतु आवेदन दिया गया जिसे जांच कर अविलंब कार्रवाई करने हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिक्रमगंज एवं संबंधित अंचलाधिकारी, संझौली को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों / संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बलिदानी दिवस मनाया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वंदना सभा पर वीर बाल बलिदान दिवस का आयोजन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के शहादत को याद करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर उनके चारों पुत्रों के तैल चित्रों पर सभी आचार्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसमें विद्यालय के भैया प्रणव राज कक्षा 9 क एवं बहन सुषमा कुमारी कक्षा 9 ख के द्वारा उन बलिदान पुत्रों के शहादत पर अपने विचार व्यक्त किये। विद्यालय के आचार्य रबीन्द्र प्रसाद ने उनके चरित्र एवं साहसी कार्यों का वर्णन करते हुए भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि जब मुगलों के द्वारा धर्मांतरण का कार्य चरम पर था तो उसी क्रम में गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र अजीत सिंह और जुझार सिंह अपने साहस का परिचय देते हुए धर्म पर अडिग रहे और बलिदान हो गए। इसी क्रम में उनके दो पुत्र अपने माता के साथ छिपकर वन में रह रहे थे। लेकिन मुगलों के द्वारा खोज लिए



गए और पकड़ लिए गए। उस समय जोरावर सिंह(उम्र- 9 वर्ष) एवं फतेह सिंह (उम्र 6 वर्ष) को जिंदा दीवार में चुनवा दिया । लेकिन धर्म पर अडिग रहकर अपना धर्म को नहीं छोड़ा। आगे अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि इनके साहस और शौर्य से प्रेरणा लेने चाहिए देश धर्म के लिए सब कुछ अर्पण कर देना चाहिए। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की सन् 1699 में गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी गुरु गोविंद सिंह ने अपने राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए सिखों को हमेशा पांच वस्तु धारण करने के लिए कहा वह केश, कंघा, कड़ा, कटार और कच्छा है। कार्यक्रम बलिदान दिवस की व्यवस्था सभी आचार्यों ने मिलकर किया। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री सर्वेश चंद्र मिश्र उनके शहादत पर निम्न पंक्तियों जो दीवार में चुनवाते समय उन दोनों पुत्रों ने कहा था उसे उद्धृत किया जो इस प्रकार हैं- जोरावर जोर से बोला, फतेहपुर से शोर से बोला। रखो ईंटे भरों गारे, चुनों दीवार हत्यारे।। हमारी सांस बोलेगी, यही दीवार बोलेगी। हमारे धर्म की जय हो, हमारे देश की जय हो।

# सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग छात्रों की मौत से क्षेत्र में शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बंजारी, रोहतास।** शुक्रवार को समाहुता ग्राम पंचायत अंतर्गत नागबाबा के पास हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग छात्रों की असमय मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और गहरी संवेदना का माहौल है। दुर्घटना में जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान रंजन कुमार, पिता उलाश, उम्र लगभग 13 से 14 वर्ष, कक्षा आठ तथा आशीष कुमार, पिता जगेश्वर बैठा, उम्र लगभग 13 से 14 वर्ष, कक्षा आठ के रूप में हुई है। दोनों छात्र अध्ययनरत थे और पढ़ाई में मेधावी बताए जा रहे हैं। इतनी कम उम्र में उनका इस प्रकार चले जाना न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि इन दिनों क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे सड़क पर दृश्यता काफी कम हो गई है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बकनौरा की समिति सदस्य मीरा देवी ने आम लोगों से अपील की है कि घने कोहरे के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वाहन चलाते समय या पैदल चलते हुए मोबाइल फोन और ईयरफोन का प्रयोग न करें तथा पूरी सावधानी और सतर्कता बरतें। साथ ही यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की गई है। इस दुखद घटना पर सुंदरगंज निवासी विनोद यादव, निमियाधौरा निवासी दीपक, ग्राम पंचायत बकनौरा के वार्ड सदस्य भोला चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी ने एक स्वर में लोगों से आग्रह किया कि घने कोहरे में विशेष सतर्कता बरतें और दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक रहें। घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में शोक की लहर है। लोग ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और शोकसंतप्त परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो।

# डीएम ने सदर अस्पताल सासाराम का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सदर अस्पताल सासाराम का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल के ट्रामा सेंटर सहित कई विभागों में खामियां सामने आईं, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में ट्रामा सेंटर की व्यवस्थाएं असंतोषजनक पाई गईं। आवश्यक संसाधनों की कमी, व्यवस्था में लापरवाही तथा रिकॉर्ड संधारण में अनियमितताएं सामने आई। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को अविलंब अविलंब सुधारने के लिए सिविल सर्जन को आदेशित किया गया है। जांच के दौरान कुछ कर्मी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिम्मेदार कर्मियों की पहचान कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, अस्पताल में गड़बड़ियों के लिए जवाबदेही तय करते हुए डीएस को तत्काल बदलने और नए डीएस की प्रतिनियुक्ति करने का आदेशित किया गया। स्टॉक रजिस्टर के संधारण में भी अनियमितता पाई गई। इस पर संबंधित कर्मी को अविलंब बदलने तथा मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। दवाइयों एवं अन्य आवश्यक सामग्री के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के समापन पर जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन पर शो-कॉज नोटिस जारी करने का आदेश दिया तथा जवाब संतोषजनक न होने तक वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल आम जनता की सेहत से जुड़ा महत्वपूर्ण संस्थान है, यहां किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

# सोन नहरों में आज से छोड़ा जायेगा पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** किसानों के लिए राहत की खबर है। इंद्रपुरी बराज से सोन नहर प्रणाली के अंतर्गत शनिवार से रबी फसलों की सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जल संसाधन विभाग ने किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिमी संयोजक नहरों में 27 दिसंबर से जलापूर्ति का निर्णय लिया है। जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग सेल की कार्यपालक अभियंता भारती रानी ने बताया कि विभागीय अधिसूचना के अनुसार खरीफ और रबी फसलों के लिए नहर प्रणालियों के संचालन की तिथियां पहले से निर्धारित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीफ फसलों के लिए 20 मई से 30 अक्टूबर तक नहरों में जलापूर्ति की जाती है, जबकि रबी फसलों के लिए 10 अप्रैल तक पानी उपलब्ध कराया जाना है। उन्होंने कहा कि नहरों को खोलने और बंद करने



की तिथियों का निर्धारण स्थानीय किसानों, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारियों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों से विमर्श के बाद किया गया है। यह व्यवस्था वर्ष 2001 से लागू है और अब तक किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध हुई है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इंद्रपुरी बराज में फिलहाल पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण हो चुका है। शुरुआत में धीरे-धीरे नहरों में पानी छोड़ा जाएगा, ताकि प्रणाली पर संतुलित दबाव बना रहे और अंतिम छोर तक किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में बराज पर पानी की कोई कमी नहीं है। यदि भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो रिहंद और बाणसागर परियोजनाओं से अतिरिक्त पानी की मांग की जाएगी। इन जलाशयों में बिहार के हिस्से का पर्याप्त पानी उपलब्ध है। रबी मौसम की शुरुआत में जलापूर्ति की इस घोषणा से क्षेत्र के किसानों में उत्साह है। समय पर पानी मिलने से गेहूं, चना, सरसों सहित अन्य रबी फसलों की पैदावार बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# आशुतोष सिंह ने एनसीपी से इस्तीफा देकर जदयू की सदस्यता ली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम (रोहतास)।** एनसीपी किसान के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने पार्टी से इस्तीफा देकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की उपस्थिति में जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में पार्टी की सदस्यता ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले जदयू एमएलसी संजय कुमार सिंह 'गांधी जी' तथा जदयू पटना मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह भी मौजूद रहे। जदयू में शामिल होने के बाद आशुतोष सिंह ने कहा कि वे पहले भी 14 वर्षों से अधिक



समय तक जनता दल यू से जुड़े रहे हैं और विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि वे जदयू किसान के रोहतास जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव सह प्रदेश मीडिया प्रभारी, युवा जदयू के प्रदेश सचिव, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष (विधि एवं श्रमिक प्रकोष्ठ) सहित कई पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# भाजपा शीर्ष नेतृत्व के फैसले से बिहार को मिली नई पहचान : अमित कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डिहरी ऑन सोन।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बिहार से नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तथा संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस अहम और ऐतिहासिक निर्णय पर भाजपा युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता अमित कुमार पटेल ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दोनों नेताओं को बधाई दी। अमित कुमार पटेल ने कहा कि यह फैसला न केवल बिहार के लिए गर्व की बात है, बल्कि इससे पार्टी को राष्ट्रीय और प्रदेश दोनों स्तरों पर नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन अपने लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कुशल नेतृत्व के माध्यम से भाजपा संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संजय सरावगी की नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमित कुमार पटेल ने कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार भाजपा को नई दिशा, ऊर्जा और गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि संजय सरावगी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे। अमित कुमार पटेल ने आगे कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है। आने वाले समय में भाजपा बिहार में जनसेवा, संगठन विस्तार और विकास के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।
उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का यह निर्णय दूरदर्शिता और संगठनात्मक मजबूती का परिचायक है, जो निश्चित रूप से भाजपा को आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए और अधिक तैयार करेगा।

# ट्रायल में ही फेल हुआ रोहतासगढ़ रोपवे, ट्रॉली व पिलर गिरने से मचा हड़कंप

**बड़ा हादसा टला, निर्माण गुणवत्ता और भ्रष्टाचार पर उठे गंभीर सवाल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** जिले के ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रोहतासगढ़ किले में निर्माणाधीन बहुप्रतीक्षित रोपवे परियोजना ट्रायल के दौरान ही दम तोड़ती नजर आई। परीक्षण के समय रोपवे की ट्रॉली असंतुलित होकर गिर गई, वहीं एक पिलर के क्षतिग्रस्त होने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अचानक



हुई इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और परियोजना की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए। गनीमत रही कि ट्रायल के दौरान रोपवे में कोई पर्यटक या कर्मचारी सवार नहीं था। यदि यह घटना संचालन के दौरान होती, तो एक भीषण हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों, पर्यावरण प्रेमियों और पर्यटन से जुड़े लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रही यह परियोजना रोहतासगढ़ जैसे दुर्गम और ऐतिहासिक स्थल पर पर्यटन को नई ऊंचाई देने की उम्मीद मानी जा रही थी। लेकिन ट्रायल के दौरान ही ढांचे का धराशायी हो जाना यह संकेत देता है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई और घटिया सामग्री के इस्तेमाल की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस हादसे ने सुरक्षा मानकों, तकनीकी जांच और गुणवत्ता नियंत्रण की पूरी प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब ट्रायल के समय ही संरचना जवाब दे गई, तो भविष्य में पर्यटकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी। घटना के बाद जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग तेज कर दी है। आरोप लगाया जा रहा है कि परियोजना में जल्दबाजी और संभावित भ्रष्टाचार के चलते गुणवत्ता से समझौता किया गया, जिसका नतीजा यह दुर्घटना है। रोहतासगढ़ रोपवे को जिले के पर्यटन मानचित्र पर एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन इस घटना ने न केवल परियोजना की विश्वसनीयता को झटका दिया है, बल्कि प्रशासनिक कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी पारदर्शिता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है, या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।


**बिहार सरकार**

**उत्पाद न्यायालय, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण–सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद। (मद्यनिषेध कोर्ट–5)**

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों / भूमि मालिकों / संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस / उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन / भूमि / सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र प्ट में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख) के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र ट में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त / सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **31.12.2025** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 स0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड सं0 / उत्पाद स्ंख्या | वहन स्वामी / भूमि स्वामी का पूर्ण पता | जब्त वाहन का निबंधन संख्या / भूमि का खाता, प्लौट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाद सं0–112 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 65 / 25 | अरविन्द कुमार यादव, पिता–गया प्रसाद सिंह, ग्राम–भवान बिगहा,, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसईकिल निबंधन सं0 BR26Y-7065 |
| 2 | वाद सं0–113 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 122 / 25 | गरिबन पासवान, पिता–गणेश पासवान, ग्राम–पकरिया, पो0+थाना–अंकोढी गोला जिला–रोहतास (बिहार) | बजाज पल्सर मोटरसाईकिल निबंधन सं0–BR24AH-1913 |
| 3 | वाद सं0–116 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 78 / 25 | अमरजेश कुमार, पिता–विजय सिंह, ग्राम–बसन बिगहा, पो0–उसरी, थाना+,जिला–अरवल (बिहार) | हिरो ग्लैम्बर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR01AJ-0876 |
| 4 | वाद सं0–107 / 25 | जमहोर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 295 / 25 | नरेन्द्र कुमार, पिता–रामरेखा सिंह, ग्राम–रामपुर थाना–बारूण जिला–औरंगाबाद (बिहार) | बजाज डिस्कवर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26D-8735 |
| 5 | वाद सं0–119 / 25 | मुफ्फसिल उत्पाद थाना काण्ड सख्या 857 / 25 | बली देवी, पति–परमान्द बिन्द, सा0–बनरसिया, पो0–सरई थाना–सासाराम, जिला–रोहतास,(बिहार) | प्याजो टेम्पु निबंधन सं0 BR24PA-2472 |
| 6 | वाद सं0–90 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 80 / 25 | सत्यदेव गोस्वामी, पिता–देवनन्दन गोस्वामी, सा0–सरसौली, थाना–जमहोर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | पैषन प्रो मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26J-0105 |
| 7 | वाद सं0–95 / 25 | मुफ्फसिल थाना काण्ड सख्या 404 / 23 | अमित साव, पिता–शिवदानी साव, सा0–कर्मा भगवान, थाना–मुफ्फसिल, जिला–औरंगाबाद | अल्टो कार निबंधन सं0 BR01BK-1850 |
| 8 | वाद सं0–92 / 25 | पौथु थाना काण्ड सख्या 93 / 24 | उदय यादव, पिता–विनोद यादव, ग्राम–सोनारचक पो0–दुगुल, थाना–सलैया, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | स्वराज कंपनी टैक्टर निबंधन सं0–BR26GB-0554 |
| 9 | वाद सं0–94 / 25 | दाउदनगर थाना काण्ड सख्या 768 / 24 | अभिषेक कुमार, पिता–सुनिल यादव, ग्राम–बडकी डेल्हा, थाना–डेल्हा , जिला–गया (बिहार) | मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR02BB-8986 |
| 10 | वाद सं0–82 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 51 / 25 | उपेन्द्र कुमार यादव, पिता–चमरू यादव, ग्राम–भगवान बिगहा, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | हिरो स्पलेडर मोटरसाइकिल निबंधन सं0–BR26Y-7271 |
| 11 | वाद सं0–85 / 25 | मुफ्फसिल उत्पाद थाना काण्ड सख्या 267 / 25 | वासुदेव यादव, पिता–स्व0 तुलसी यादव, ग्राम–मोहिउदीनूर, थाना–बोधगया, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | टी0भी0एस0 मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR02Q-6144 |
| 12 | वाद सं0–86 / 25 | मुफ्फसिल उत्पाद थाना काण्ड सख्या 316 / 25 | विपिन कुमार, पिता–राजेन्द्र राय, ग्राम–मंझौली, पो0–मोहम्मदपुर, थाना–बुजुर्ग, जिला–वैशाली (बिहार) | अशोक लेलैण्ड मैजिक निबंधन सं0–BR06GC-4262 |
| 13 | वाद सं0–83 / 25 | जम्होर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 229 / 25 | श्रवि कुमार, पिता–रामजी मेहता, ग्राम–सोनौरा, थाना–माली, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | पल्सर मोटरसाईकिल निबंधन सं0–BR26N-0137 |
| 14 | वाद सं0–87 / 25 | मुफ्फसिल उत्पाद थाना काण्ड सख्या 168 / 25 | संजय प्रसाद, पिता–जग्रनाथ प्रसाद, ग्राम–खरसिन, थाना+जिला–अरवल(बिहार) | महिन्द्रा पिकअप निबंधन सं0–BR56G-1431 |
| 15 | वाद सं0–111 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 114 / 25 | अरावली कुमारी, पिता–बिरेन्द्र पासवान, ग्राम–कैथी, पो0–भदोखरा, थाना–तिलौथु, जिला– रोहतास,(बिहार) | हिरो पैषन प्रो मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR01CF-1315 |
| 16 | वाद सं0–115 / 25 | जम्होर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 295 / 25 | सुरेश सिंह, पिता–जागु सिंह, ग्राम–परमेश्वर बिगहा,पो0–पहलेजा, थाना–डेहरी, जिला–रोहतास, (बिहार) | ब्जाज पल्सर मोटरसाईकिल निबंधन सं0–BR24N-2031 |
| 17 | वाद सं0–112 / 24 | फेसर थाना काण्ड सख्या 96 / 24 | संजय कुमार शर्मा, पिता–रामानन्द शर्मा, ग्राम–विकास बिहार कालोनी, थाना–धनौत, जिला–पटना (बिहार) | पैषन पल्स मोटरसाईकिल निबंधन सं0–BR31AX-6905 |
| 18 | वाद सं0–103 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 241 / 24 | सन्नी कुमार, पिता–अशोक प्रसाद, किशोर कुमार पिता–शेरलाल गेण्डा, सोनु कुमार,पिता–छविन्द्र प्रसाद, तीनो सा0–बजार रोड भखरूआ थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | मौजा–भखरूआ, थाना न0–75, खाता न0–336, प्लॉट न0–503, रकबा–10x10 वर्ग फिट का एक रूम। |
| 19 | वाद सं0–106 / 25 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 27 / 25 | संजीव कुमार, उर्फ बडे शर्मा, पिता–स्व0 कामेश्वर शर्मा, ग्राम–बिरई वार्ड न0–4 थाना–दाउदनगर जिला–औरंगाबाद (बिहार) | मौजा–अरई, खाता न0–614 प्लॉट न0–4037, रकबा–0.02 डि0 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

**निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण –सह–पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय नं0 – 5,औरंगाबाद।**

PR- 020499 ( Excise ) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

### औरंगाबाद में रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की 27वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, पूर्व सांसद की स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

# संघर्षपूर्ण रहा स्व. रामनरेश सिंह का राजनीतिक जीवन : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की 27वीं पुण्यतिथि रामनरेश सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में शहर स्थित गेट स्कूल के मैदान में मनाई गई। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक, बुद्धिजीवी और शिक्षाविदों से जुड़े वक्ताओं ने स्व. रामनरेश सिंह के जीवन, संघर्ष और विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि उनके पिता जन केंद्रित राजनीति करते थे और सांसद व विधायक रहते हुए उनके ऊपर किसी प्रकार का दाग नहीं लगा। उन्होंने कहा कि वे अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए ईमानदारी से जनहित के कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।





उन्होंने कहा कि स्व. रामनरेश सिंह का राजनीतिक जीवन संघर्षपूर्ण रहा। वर्ष 1980 में वे औरंगाबाद विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर विधायक बने, जो आज तक का एकमात्र उदाहरण है। वे दो बार सांसद और दो बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए। फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि बनने के बाद स्व. रामनरेश सिंह ने विकास की नींव रखी। उनका पूरा जीवन संघर्ष और जुझारूपन का प्रतीक रहा। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि जो भी मदद मांगने आता, वह खाली हाथ नहीं लौटता था। वे आम आदमी के नेता थे, इसलिए आज भी लोग उन्हें सम्मान से याद करते हैं। कर्नल सुधीर सिंह ने कहा कि सेना में 34 वर्षों की सेवा के बाद भी देशसेवा का जज्बा समाप्त नहीं होता। उन्होंने अपने पिता को अपना आदर्श बताते हुए कहा कि ईमानदारी से बड़ा कोई मूल्य नहीं है। श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ता आदित्य शेखर, प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह और राज सिंह ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में औरंगाबाद टीम ने बारुण को 2-1 से हराया। विजेता और उपविजेता टीम को सुशील कुमार सिंह, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, कुटुम्बा विधायक ललन राम और सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से पुरस्कार प्रदान किया। दो दिवसीय टूर्नामेंट में मुख्य रेफरी मो. फकरुद्दीन तथा लाइनमैन अधिवक्ता मनोज कुमार उर्फ गुरुजी और पूर्व सरपंच सत्येन्द्र सिंह रहे। आयोजन को सफल बनाने में जियाउल हक, जमालुद्दीन, अजय कुमार और धीरज कुमार की भूमिका सराहनीय रही। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार औरंगाबाद टीम के सुशांत कुमार को, बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट गोविन्द शर्मा को तथा उत्कृष्ट प्लेयर का पुरस्कार सोनेलाल मरांडी को दिया गया। कार्यक्रम में विश्वनाथ सिंह, महेश्वर सिंह, अश्विनी सिंह, रामलखन सिंह, सूर्यपत सिंह, रविन्द्र शर्मा, अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अनिता सिंह, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, अंजली सिंह, सुमन अग्रवाल, सत्येन्द्र सिंह, मनीष पाठक, विकास सिंह, शिव नारायण गुरुजी, अशोक पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, नरेश गुप्ता, मुसाफिर पासवान, नागेंद्र सिंह दांगी, राणा रंजीत सिंह, चन्देश्वर मांझी, उषा सिंह, जुलेखा खातून, सरस्वती सिंह, रामबिलास सिंह, इलताफ कुरैशी, सुशील कुमार, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, धर्मेन्द्र शर्मा और संदीप अम्बेडकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में नदी में डूबने से 2 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। पहली घटना कासमा के देवकली डैम की है। जहां एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में उपलाता हुआ मिला। ग्रामीणों ने शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि देवकली डैम से करीब 40 साल एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के स्थानीय लोगों के माध्यम से पहचान की कोशिश की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। पहचान होने पर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। दूसरी घटना उपहरा थाना क्षेत्र के डहरू बिगहा गांव की है जहां पुनपुन नदी में डूबने से एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान सुनील कुमार(33) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार को घर से निकला था लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों से भी संपर्क किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। गुरुवार को अरवल जिले के बंसी थाना क्षेत्र में पुनपुन नदी में एक शव मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा। पहचान के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शौच के दौरान पैर फिसलने से हादसे की आशंका है। पुलिस मौत से जुड़ी सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

# छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का बोधगया हवाई अड्डा से गढ़वा जाने के क्रम में औरंगाबाद ओवरब्रिज के निकट पंचदेव मंदिर परिसर में चाणक्य परिषद और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर विजय शर्मा ने पंचदेव मंदिर में पूजा-अर्चना की, जिसके बाद सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में लोक गायक टिंकू टाइगर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय, वीरेंद्र कुमार दुबे, प्रभात बंधुल्या, रामानुज पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी के पिंटू कुमार सिंह, उज्जवल कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं और पंचदेव मंदिर समिति के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री और उनके साथ चल रहे अन्य नेताओं का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने



कहा कि बिहार की जनता ने ऐतिहासिक और प्रचंड बहुमत देकर जो सरकार बनाई है, वही विकसित बिहार की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार ही विकसित भारत का आधार बनेगा। एक समय बिहार विकास के मामले में बहुत आगे था, लेकिन बाद के वर्षों में राजनीतिक उथल-पुथल, लूट और भ्रष्टाचार के कारण उद्योग-धंधे चौपट हो गए, जिससे बिहार पीछे चला गया। विजय शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में बिहार की सरकार विकास का वह अध्याय लिखेगी, जैसा कभी चाणक्य और चंद्रगुप्त के काल में था, जब बिहार ने पूरे भारत को स्वर्णिम साम्राज्य दिया था। उन्होंने कहा कि बिहार एक बार फिर अपने गौरवशाली इतिहास को दोहराते हुए विकसित भारत का आधार बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ भी विकसित भारत के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है और पड़ोसी राज्य एक-दूसरे के पूरक और सहयोगी हैं। इससे पूर्व बोधगया हवाई अड्डा पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश मंत्री और औरंगाबाद भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार तथा परिषद के कार्यकर्ताओं ने विजय शर्मा का स्वागत किया।

## घरेलू विवाद में फांसी लगा युवक ने की आत्महत्या

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के फीदा बिगहा गांव में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान स्व. महेश्वर प्रजापति के 30 वर्षीय पुत्र सुनील प्रजापति के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक युवक ने आत्महत्या घरेलू विवाद में की है लेकिन फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पुलिस सूचना के बिना परिजन शव का अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट पर पहुंचे थे तभी सूचना पर थानाध्यक्ष शंभू कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जरूरी कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। यदि परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त होता है तो मामले में अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# जिले के समग्र विकास में प्रभावी हो बैंकों की भूमिका : अनन्या

## अटल पेंशन योजना की प्रगति पर जताया संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में वित्तीय वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही हेतु जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संयोजक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत से हुई। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन स्थिति पर बिंदुवार समीक्षा प्रस्तुत की। अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया गया जिसे सदन ने ध्वनि मत से अनुमोदित किया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बैंकिंग क्षेत्र की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि सितंबर 2025 तक जिले का समग्र सीडी रेशियो 48.19 प्रतिशत रहा, जो संतोषजनक है। इस उपलब्धि में इंडियन बैंक, कैनरा बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीबीआई बैंक, बंधन बैंक, उत्कर्ष बैंक एवं ईसाफ बैंक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक एवं पंजाब



नेशनल बैंक का सीडी रेशियो 40 प्रतिशत से कम रहने पर सुधार की आवश्यकता बताई गई। उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में योग्य उद्यमियों को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, पीएमएफएमई एवं मुद्रा ऋण से तथा पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी विभागों एवं बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जिले के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया। वार्षिक साख योजना की सितम्बर 2025 तक की उपलब्धि मात्र 34.25 प्रतिशत रहने पर उन्होंने असंतोष भी व्यक्त किया। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 239 के लक्ष्य के विरुद्ध 92 ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जो अपेक्षानुरूप नहीं है। वहीं पीएमईजीपी योजना में 78 के लक्ष्य के विरुद्ध 42 ऋण स्वीकृत होने पर अध्यक्ष द्वारा खेद प्रकट किया गया। उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र लाभुकों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।बैठक में वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग), रितेश कुमार यादव, डीडीएम नाबार्ड; सुशील कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक अरविन्द कुमार, डीबीजीबी; मुख्य प्रबंधक, पीएनबी मंडल कार्यालय, औरंगाबाद, जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक मो. अफ्फान, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला पशुपालन पदाधिकारी राजकुमार सिंह, निदेशक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र सहित जिले के सभी बैंक समन्वयक उपस्थित थे।

# विभिन्न मामलों में 26 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 26 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 4, शराब कांड में 3 एवं अन्य शीर्ष कांड में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 112.50 लीटर विदेशी शराब, मैजिक कार एक, कार एक, बाइक एक, मोबाइल 6, गाय - बछड़ा 6 सहित सामग्रियां बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 955 वाहनों की जांच की गई जिसमें 27000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# मुख्यमंत्री द्वारा घोषित योजनाओं का क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिले में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा हेतु समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पथ निर्माण, भवन निर्माण, सिंचाई, स्वास्थ्य, नगर विकास सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा योजनावार अद्यतन प्रगति से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि नगर पंचायत देव में रिंग रोड निर्माण योजना की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा



कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रारंभिक अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है एवं जनसुनवाई की कार्रवाई भी संपन्न हो चुकी है। इसी क्रम में विशुनपुर कैनाल निर्माण योजना अंतर्गत रैयतवार संयुक्त सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रॉमा सेंटर निर्माण तथा औरंगाबाद शहर में अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट योजना के तहत चहारदीवारी एवं अन्य निर्माण कार्य जारी हैं, जिनकी भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। मदनपुर प्रखंड के चांद बिगहा ग्राम में केशहर नदी पर चेक डैम निर्माण, नगर पंचायत देव स्थित सूर्य मंदिर परिसर से एसएच-101 तक ग्रीनफील्ड संपर्क पथ निर्माण, तथा औरंगाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुछ प्रखंडों में निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि शेष स्थानों पर आवश्यक भूमि संबंधी औपचारिकताओं एवं पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण के उपरांत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। नबीनगर प्रखंड में शीघ्र कार्य आरंभ होने की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## चार साइबर ठग धराये

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** एटीएम साइबर ठगी की घटना को अंजाम देकर फरार चार आरोपियों को ओबरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ब्लॉक से गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवकों में तीन धनबाद जिले और एक गयाजी का है। गिरफ्तार आरोपितों में धनबाद जिले के तेतुलमारी थाना क्षेत्र के एनटीसी हनुमान मंदिर निवासी समीर सिंह, सिजुआ शिव मंदिर निवासी मनोज कुमार नोनिया, जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह निवासी मनोज कुमार शर्मा और गयाजी गंगटी थाना क्षेत्र के गंगटी गांव निवासी रंजीत कुमार शामिल है। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर चोरी की गई सोने चांदी के बने आभूषण को बरामद किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



बिहार सरकार

**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 359वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मैं सिख समुदाय के सभी भाईयों एवं बहनों तथा सभी बिहारवासियों के प्रति हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ। साथ ही, इस अवसर पर बिहार की पवित्र धरती पर पधारे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूँ।

श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज का जीवन संघर्ष, त्याग एवं बलिदान की अनुपम गाथा है। सत्यनिष्ठा, स्वाभिमान, राष्ट्र–प्रेम तथा सामाजिक समरसता से परिपूर्ण उनका जीवन सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

मैं श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 359वें प्रकाश पर्व समारोह के सफल आयोजन की मंगल कामना करता हूँ।

**नीतीश कुमार**

PR No.- 020064 (Home)D. 2025-26



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

**संदेश**

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

सिख पंथ के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक सरबंसदानी गुरु गोबिन्द सिंह जी एक महान योद्धा, ओजस्वी कवि, प्रखर चिन्तक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे अदम्य साहस, अपूर्व वीरता और सर्वोच्च त्याग की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी का जीवन हमें प्रेम, एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना के साथ सत्य एवं धर्म के मार्ग पर दृढ़ता से चलने की प्रेरणा देता है।

इस पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर देश–विदेश से बिहार आये सभी श्रद्धालुओं का मैं हृदय से अभिनन्दन करता हूँ एवं उनके सुखद प्रवास की कामना करता हूँ।

**आरिफ मोहम्मद खां**

PR No.- 020283 (Governor Secretariat)D. 2025-26